सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 26 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 142, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1074 अंकों की उछाल

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच शेयर बाजारों में तेजी आई और सेंसेक्स 1,074 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 312 अंक के लाभ में रहा। } 10

## उर्वरक की कीमतों में अकल्पनीय उछाल : सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद वैश्विक उर्वरक कीमतों में अकल्पनीय उछाल आया है। उन्होंने कहा कि मानक ऋण उत्पाद गैर-मानक कारोबार के लिए काम नहीं कर सकते। } 12



# प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे ग्राम प्रधान

### नयी पंचायतों के गठन व छह माह की अधिकतम अवधि तक निवर्तमान प्रधान होंगे प्रशासक

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 यानी मंगलवार को समाप्त हो रहा है। इसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ही ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि नई ग्राम पंचायतों के गठन अथवा अधिकतम छह माह की अवधि तक निवर्तमान प्रधान ही पंचायतों का सामान्य प्रशासनिक कार्य संभालेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर निवर्तमान प्रधानों को ग्राम पंचायतों में बतौर प्रशासक नामित किए जाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है, जिसके




अनुसार 27 मई 2026 से निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। प्रशासकों को केवल सामान्य और रूटीन कार्यों के निर्वहन की अनुमति होगी। उनके द्वारा कोई नीतिगत निर्णय पर नहीं लिया जा सकेगा। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि अत्यावश्यक अथवा किसी विशेष परिस्थिति में नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता पड़ती है तो उस प्रस्ताव को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा और उनकी स्वीकृति के बाद ही निर्णय लिया जा सकेगा। ज्ञात है कि ग्राम पंचायत का कार्यकाल पांच ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान

### ❍ राजम भी पद्म विभूषण से सम्मानित ❍ हरमनप्रीत, अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को पद्म श्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक अलंकरण समारोह में हिंदी फिल्मों के अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत और शास्त्रीय संगीतकार एवं वायलिन वादक एन राजम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। धर्मेंद्र को कला के क्षेत्र में असाधारण और उत्कृष्ट सेवा के लिए यह पुरस्कार दिया गया जिसे उनकी पत्नी और सांसद हेमा मालिनी ने ग्रहण किया। राजम को भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके अहम योगदान के लिए, खासकर गायकी अंग शैली के माध्यम से वायलिन प्रस्तुति को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया।

राजम ने पंडित ओंकारनाथ ठाकुर से संगीत के गुर सीखे थे। मुर्मू ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, चुनौतियों का सामना कर रहे पारंपरिक भारतीय कला अवधान को



पुनर्जीवित करने वाले शतावधानी आर गणेश, कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय सुरेश कुमार कोटक, और उदर रोग विशेषज्ञ कल्लीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी को पद्म भूषण से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने विज्ञापन गुरु पीयूष पांडे और पूर्व सांसद विजय कुमार मल्होत्रा को भी मरणोपरांत इस सम्मान से नवाजा। पांडे की पत्नी और मल्होत्रा के बेटे ने सम्मान प्राप्त किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर, अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पूर्व महानिदेशक के. विजय कुमार को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए इस समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान जन गण मन गाया गया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कार देने की मंजूरी दी है। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। ये पुरस्कार दो अलग-अलग ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 रुपये हुआ महंगा

नयी दिल्ली। देश में सोमवार को पेट्रोल के दाम में 2.61 लीटर और डीजल की कीमत में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी वृद्धि है। इस ताजा बढ़ोतरी के साथ, 15 मई से लेकर पेट्रोल और डीजल के दामों में कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है। इससे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबाव और परिवहन लागत बढ़ने की आशंकाएं तेज हो गई हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, कीमतों में हुए इस ताजा संशोधन में पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। इससे दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.51 रुपये से बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.49 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपये और डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में 113.51 रुपये और 99.82 रुपये प्रति लीटर, जबकि चेन्नई में 107.77 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

### हमीरपुर : डूबने से तीन बच्चों की मौत

हमीरपुर। जिले के मौदहा थाना क्षेत्र के खंडेह गांव में सोमवार सुबह तालाब में नहाने गए तीन नाबालिग बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, खंडेह गांव निवासी प्रबल यादव, आदित्य कुशवाहा और भोला कुशवाहा सुबह करीब 10:30 बजे रामजानकी मंदिर के तालाब में नहाने गए थे। नहाते समय तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना के समय तालाब के पास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल तीनों बच्चों को पानी से निकालकर मौदहा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद वर्मा ने बताया कि तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# योगी का किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर

### ○ दलहन, तिलहन व श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश ○ कृषि विभाग आयोजित करे अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कृषि विभाग की विभिन्न प्रस्तावित कार्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि खरीफ-2026 की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक और तकनीकी सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, पारदर्शी व्यवस्था और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए दलहन, तिलहन और श्रीअन्न की खेती को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सूखा संभावित क्षेत्रों के लिए अग्रिम कार्ययोजना तैयार रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर किसानों को वैकल्पिक फसलों के बीज



उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर कृषि विभाग को भी अपनी विशेषताओं की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी लगानी चाहिए। बैठक में बताया गया कि खरीफ-2026 में 110.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल और 302.62 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान उत्पादन का लक्ष्य 224.25 लाख मीट्रिक टन रखा गया है, जबकि बाजरा, मक्का, अरहर और मूंगफली के उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य तय किया गया है। बैठक में बताया गया कि खरीफ-2026 के लिए 2.29 लाख क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 24 मई 2026 तक 1.26 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध कराया जा चुका है। धान के लिए 80 हजार क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को समय-समय पर कृषि संबंधी तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि टेक्स्ट मैसेज, सोशल मीडिया, दूरदर्शन, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा सम्मान और त्वरित समाधान : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य कर विभाग को निर्देश दिए हैं कि कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री सोमवार को राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड जैसी प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी समाप्त होनी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लेखपाल परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीपीएससी) ने लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर अफवाह फैलानों वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। आयोग से मिली शिकायत के आधार पर लखनऊ के विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

इस मामले की जांच पुलिस उपायुक्त पूर्वी, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी और सहायक पुलिस आयुक्त विभूतिखंड की निगरानी में की जाएगी। आयोग ने शिकायत में स्पष्ट किया है कि लेखपाल पद पर चयन के लिए 44 जनपदों के 861 परीक्षा केंद्रों पर पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई थी। हालांकि अराजक तत्वों ने मुख्य परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया पर असत्य एवं भ्रामक पोस्ट शेयर किए। इसके जरिए सरकार की छवि धूमिल करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया। इससे पहले आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की थी कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह या अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न दें। केवल आयोग की ओर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# धामी ने मीडिया सेंटर का किया शिलान्यास

### हल्द्वानी बनेगा कुमाऊं की मीडिया गतिविधियों का नया केन्द्र

प्रमुख संवाददाता

हल्द्वानी (उत्तराखंड)। कुमाऊं क्षेत्र में पत्रकारिता को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए हल्द्वानी में कुमाऊं मीडिया सेंटर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परियोजना की आधारशिला रखते हुए कहा कि यह केंद्र भविष्य में मीडिया जगत के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान के रूप में विकसित होगा, जहां संवाद, विमर्श और रचनात्मक अभिव्यक्ति को नई पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र की सशक्त आवाज है और पत्रकार समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा




कि सरकार पत्रकारों को बेहतर कार्य वातावरण और अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मीडिया सेंटर बनने के बाद कुमाऊं क्षेत्र के पत्रकारों को कई प्रशासनिक और विभागीय कार्यों के लिए देहरादून नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनके समय और संसाधनों की बचत होगी। करीब 6 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दूल्हा हत्याकांड : मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

जौनपुर (उप्र)। जौनपुर के बहुचर्चित दूल्हा आजाद बिंद हत्याकांड के मुख्य आरोपी और एक लाख रुपये के इनामी बदमाश रवि यादव को पुलिस ने सोमवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस दौरान लाइनबाजार थाना प्रभारी केके सिंह भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि रविवार देर रात करीब दो बजे खेतासराय थाना क्षेत्र के रानी के मोड़ के पास रवि यादव व उसके एक साथी की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना पर एसओजी, खेतासराय और लाइन बाजार थाने की पुलिस ने संयुक्त घेराबंदी की। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को देखते ...शेष पृष्ठ 10 पर

## श्रद्धांजलि





पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के बेटे एवं उप्र महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव की शोक सभा में बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**विशेष खबर** नेपाल बॉर्डर से बुंदेलखंड तक मजबूत होगा सड़क नेटवर्क, बुंदेलखंड और तराई क्षेत्रों के बीच बनेगा नया नेटवर्क

# नार्थ-साउथ कॉरिडोर से मजबूत होगी रोड कनेक्टिविटी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार प्रदेश में सड़क और कनेक्टिविटी नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी के तहत योगी सरकार एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग और क्षेत्रीय संपर्क मार्गों के विस्तार के साथ अब प्रदेश में नार्थ-साउथ कॉरिडोर की महत्वाकांक्षी योजना को आगे बढ़ाने जा रही है। इसका उद्देश्य नेपाल बॉर्डर से लेकर दक्षिण भारत की ओर तक बेहतर सड़क संपर्क स्थापित करना है, जिससे प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास को नई गति मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नार्थ-साउथ कॉरिडोर योजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन कॉरिडोर के विकसित



होने से प्रदेश के औद्योगिक, कृषि और पर्यटन क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। नेपाल सीमा से जुड़े जिलों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और किसानों को अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होगी। साथ ही धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी पहले की तुलना में अधिक सुगम होगी। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में प्रदेश में अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे पूर्व से पश्चिम दिशा में विकसित हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के संतुलित विकास को ध्यान में रखते हुए अब उत्तर से दक्षिण दिशा में मजबूत सड़क संपर्क विकसित करने की रणनीति बनाई जा रही है। इसके तहत नेपाल बॉर्डर से जुड़े जिलों को प्रयागराज, चित्रकूट और बुंदेलखंड क्षेत्र के माध्यम से देश के अन्य राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से जोड़ने की तैयारी है। नार्थ-साउथ कॉरिडोर योजना के तहत कई महत्वपूर्ण मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नव निर्माण की कार्य योजना बनाई गयी है। वहीं चार प्रमुख नार्थ-साउथ कॉरिडोर चिह्नित किए गए हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 1531 किलोमीटर है। इनमें से 1232.60 किलोमीटर हिस्सा पहले से एक्सप्रेस-वे अथवा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा हुआ है, जबकि शेष मार्गों को विकसित करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वकीलों के लाठी बांटने के मामले पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में कैसरबाग स्थित सिविल कोर्ट परिसर के आसपास से अवैध कब्जे हटाए जाने के मामले की सोमवार को सुनवायी हुयी। सुनवायी के दौरान न्यायालय ने कहा कि वकीलों के बीच लाठियाँ बांटने के वीडियो हमने देखे हैं, आप लोग क्या समझते हैं, लाठियाँ बांटकर आप प्रशासन को सही काम करने से रोक लेंगे। न्यायालय ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से जनपद न्यायालय का कामकाज ठप करके रखा गया है, इन सभी तथ्यों के आधार पर हम आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू करने पर विचार करेंगे। न्यायालय ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# डिजिटल फार्मर्स मिशन से बदल रही भारत-नेपाल की तस्वीर

- 15 लाख किसान परिवारों को जोड़कर आर्थिक साझेदारी मजबूत करने में जुटे सूर्य भूषाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नेपाल-भारत मानव विकास एवं मैत्री संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्य भूषाल लखनऊ पहुंचे। वर्ष 1999 में स्थापित उनके संगठन ने पिछले तीन दशकों में भारत और नेपाल के बीच सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम किया है। बातचीत में उन्होंने खुली सीमा, किसानों की आर्थिक मजबूती, डिजिटल फार्मर्स मिशन और भारत-नेपाल सहयोग के नए आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजनीति से दूर रहकर उनका उद्देश्य केवल दोनों देशों के लोगों के बीच विश्वास, खुशहाली और साझेदारी बढ़ाना है।

**प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश—**

**■ पिछले 27 वर्षों की अपनी यात्रा को आप कैसे देखते हैं ?**

भारत और नेपाल का रिश्ता केवल पड़ोसी देशों का रिश्ता नहीं, बल्कि रोटी-बेटी, संस्कृति, धार्मिक और विश्वास का रिश्ता है। पिछले 27 वर्षों में मैं और यह संस्था से जुड़े लोगो ने ट्रैक-2 कूटनीति के जरिए दोनों देशों के लोगों को करीब लाने का काम किया। हमने नेपाल और भारत में अनेक बैठकें, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित कीं। मेरा हमेशा मानना रहा है कि सरकारों के साथ-साथ जनता के रिश्ते मजबूत होंगे तो दोनों देशों का भविष्य और बेहतर होगा।

**■ आपने किसानों को जोड़कर डिजिटल फार्मर्स मिशन शुरू किया, इसकी सोच क्या थी ?**

नेपाल के किसान इमानदार और मेहनती हैं, लेकिन लंबे समय तक वे बाजार, तकनीक और सही जानकारी से दूर रहे। हमने सोचा कि अगर किसानों को संगठित कर दिया जाए और उन्हें डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जाए तो उनकी आर्थिक स्थिति बदल सकती है। इसी सोच के साथ डिजिटल फार्मर्स मिशन के तहत किसान नेट ( करढ ड्ढ्रस्त्रंह्ल८ ) लिमिटेड शुरू किया गया जो अब अप्रेसन में आ गया है। आज करीब 15 लाख किसान परिवार इस मिशन से जुड़े हैं, यानी लगभग 60 लाख आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे लाभान्वित होंगे। यह अपने आप में एक बड़ा सामाजिक-आर्थिक आंदोलन बन चुका है।



**■ आपने कहा कि किसानों को बिना निवेश के आर्थिक भागीदार बनाया जा रहा है, यह कैसे संभव है ?**

हमने किसानों को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि भागीदार बनाकर काम को आगे बढाया है। गांव-गांव जाकर उन्हें प्रेरित किया गया और आधुनिक कृषि, डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा बाजार से जोड़ने का काम को प्राथमिकता में रखा है। आज ये किसान एक तरह से सामूहिक आर्थिक शक्ति के रूप में खड़े हो रहे हैं। हमने किसानों और रणनीतिक साझेदार के सहयोग से एक कंपनी का ढांचा तैयार किया है, जिसको किसान इम्प्याक्ट फन्ड (इन्भेस्टमेन्ट कम्पनी) के रुप में खडा किया है। ताकि उन्हें उनकी उपज, तकनीक और बाजार का सीधा लाभ मिल सके। इससे किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**■ इस मिशन में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण हो सकती है ?**

नेपाल के 62% लोग कृषि में निर्भर है। भारत कृषि तकनीक, हाइब्रिड बीज, फर्टिलाइजर और आधुनिक खेती के क्षेत्र में बहुत आगे है। नेपाल को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। नेपाल में इस्तेमाल होने वाले अधिकांश उर्वरक भारत से ही जाते हैं। अगर भारत सरकार और भारतीय संस्थाएं इस मिशन को सहयोग दें तो नेपाल के किसान बहुत तेजी से मजबूत हो सकते हैं। भारत और नेपाल कृषि साझेदारी के जरिए पूरे क्षेत्र में नई आर्थिक ताकत पैदा कर सकते हैं। मेरा मानना है कि आने वाले समय में कृषि दोनों देशों के रिश्तों की सबसे मजबूत कड़ी बन सकती है।

**■ आपने किसानों को ब्रॉडबैंड हाईवे से जोड़ने की बात कही, इसका क्या अर्थ है ?**

आज डिजिटल कनेक्टिविटी ही नई अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसान अगर मोबाइल और इंटरनेट से जुड़ेंगे तो उन्हें बाजार भाव, मौसम, बीज, तकनीक और व्यापार की जानकारी तुरंत मिलेगी। हमने किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की शुरूआत की है। इससे उनकी आय बढ़ेगी और बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी। भारत की तकनीकी भागीदारी इस मिशन को और मजबूत बना सकती है।

**■ खुली सीमा को आप चुनौती मानते हैं या अवसर ?**

यह दोनों है। भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा ऐतिहासिक संबंधों की पहचान है, लेकिन इसका दुरुपयोग भी हो सकता है। आज का हालत को मद्देनजर रखते हुए दोनों देश की और से सुरक्षा हेतु गलत क्रियाकलाप रोकने के लिए अब हवाई यात्रा के लिए पहचान पत्र के अलावा पासपोर्ट दिखाना भी जरूरी है और सड़क मार्ग से आने-जाने पर पहचान पत्र आवश्यक किया गया है, ताकि अराजक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके। मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि इस चुनौती को अवसर में बदला जाए।

**■ सीमा पर सुरक्षा बलों के बीच कभी-कभार विवाद की स्थिति बनती है, इस पर आपका क्या कहना है ?**

भारत की ओर एसएसबी और नेपाल की ओर सशस्त्र पुलिस बल सीमा की निगरानी करते हैं। कभी-कभी भाषा या व्यवहार की वजह से छोटी समस्याएं पैदा हो जाती हैं, लेकिन उन्हें बातचीत से हल कर लिया जाता है। दोनों देशों के रिश्ते इतने गहरे हैं कि छोटी घटनाएं उन्हें प्रभावित नहीं कर सकतीं।

**■ आपका अंतिम सपना क्या है ?**

मैं चाहता हूं कि भारत और नेपाल के बीच विश्वास एवं सहयोग और मजबूत हो। किसान खुशहाल हों, युवाओं को रोजगार मिले और दोनों देशों की जनता आर्थिक रूप से सशक्त बने। अगर गांव मजबूत होंगे तो दोनों देश मजबूत होंगे।

# उप्र में देश का हर तीसरा अमृत सरोवर

## 19 हजार से अधिक सरोवर तैयार, गोरखपुर ने मारी बाजी, 735 स्थानों पर काम पूरा

- देश भर में बने अमृत सरोवरों का 30 प्रतिशत यूपी में निर्मित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी 'अमृत सरोवर योजना' के तहत उत्तर प्रदेश 19 हजार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण और पुनरुद्धार पूरा हो चुका है। ग्राम्य विकास विभाग के मुताबिक देश में मौजूद सभी अमृत सरोवरों में से लगभग 30 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में निर्मित किए गए हैं। साथ ही इस योजना के तहत स्थानीय स्तर पर रोजगार भी सृजित हो रहा है।

सरोवर निर्माण अभियान में प्रदेश में गोरखपुर सबसे आगे है। यहां 735 सरोवरों का निर्माण हो चुका है। वहीं महाराजगंज में 601 और प्रयागराज में 525 सरोवर निर्माण के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अब तक 19,978 सरोवरों का निर्माण पूरे प्रदेश में हो चुका है। उत्तर प्रदेश अमृत सरोवरों के निर्माण और पुनरुद्धार करने में देश में पहले स्थान हासिल कर चुका है। यह पहल केवल जल स्रोतों के संरक्षण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने, भूजल स्तर में सुधार लाने और कृषि आधारित आजीविका को बढ़ावा देने में भी सहायक है।

अमृत सरोवरों का निर्माण वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दे रहा है, जिससे किसानों को सिंचाई में सहायता मिल रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता में सुधार हो रहा है। साथ ही यह अभियान गांवों में हरियाली, स्वच्छता और सतत विकास को एक नई दिशा दे रहा है। जल संरक्षण के ये प्रयास ग्रामीण समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए एक मजबूत आधार बन रहे हैं। सरकार की इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इन जल निकायों को सिर्फ पानी इकट्ठा करने का साधन नहीं बनाया गया। प्रत्येक अमृत सरोवर को न्यूनतम 1 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है, जिसकी जल क्षमता लगभग 10 हजार क्यूबिक मीटर है।

इसके चारों तरफ ग्रामीणों के ग्रामीणों के टहलने के लिए पक्का रास्ता बनाया गया है। बैठने के लिए बेंच और लाइट की व्यवस्था की गई है। साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण भी किया गया है। सरकार ने इस योजना को न केवल पर्यावरण से जोड़ा, बल्कि इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी लाभकारी बनाया है। अमृत सरोवरों की खुदाई, गाद निकालने और उनके सुंदरीकरण के काम को वीबी जी राम जी (पूर्व में मनरेगा) से जोड़ा गया। इससे प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों को उनके गांव में ही रोजगार मिल रहा है।

## किसानों की डिजिटल पहचान की ओर तेजी से बढ़ रहा प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल कृषि व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है। किसानों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी और त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान ने अब बड़े स्तर पर परिणाम देना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार की सक्रिय पहल के चलते अब तक 2.28 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 79.10 प्रतिशत कार्य पूरा है।

प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान की शुरूआत 5 नवंबर 2024 से की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान प्रगति के अनुसार अब तक 2,28,36,658 किसानों का नामांकन किया जा चुका है, जबकि लगभग 60,33,837 किसानों का पंजीकरण अभी शेष है।

वर्तमान प्रगति के आधार पर किसानों की आईडी निर्माण प्रक्रिया 20 अगस्त 2026 तक पूर्ण होने का अनुमान है। प्रदेश सरकार ने इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, कृषि विभाग और स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करना है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, कृषि अनुदान, ऋण सुविधा और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सके।

# बिना भेदभाव सभी को मिले न्याय : सीएम



- जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिलकर सभी की सुनीं समस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिलकर सभी की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान पर सरकार का पूरा जोर है। सरकार जनसमस्याओं के उचित समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण का भी निर्देश दिया।

'जनता दर्शन' में शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि शिक्षा व स्वास्थ्य पर सरकार का विशेष जोर है। प्रदेश का हर व्यक्ति शिक्षित हो और हर जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इन विभागों से जुड़े सभी मामले संवेदनशीलता से हल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के भी शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आईं महिलाओं की समस्याएं सुनीं, उनका हालचाल जाना, फिर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि गर्मी बहुत पड़ रही है। ऐसे में अपना और परिवार के बुजुर्गों, बच्चों, पुरुषों का ध्यान रखें। इस समय अकारण बाहर निकलने से बचें और खानपान पर विशेष ध्यान दें।

# पीक डिमांड आपूर्ति में योगी सरकार देश में अव्वल

- प्रदेश के इतिहास में इस समय सबसे ज्यादा बिजली सप्लाई
- यूपी में पीक डिमांड 31,824 मेगावाट पहुंची
- शहर, तहसील नगर पंचायत में 24 घंटे बिजली आपूर्ति, ग्रामीण क्षेत्रों में भी 22 से 22.5 घंटे दी गई बिजली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेशवासियों को बिजली देने के मामले में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। योगी सरकार में पीक डिमांड आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। 24 मई को उत्तर प्रदेश ने 31,824 मेगावाट पीक डिमांड पूरी की। जबकि इस अवधि में महाराष्ट्र ने 29,463 मेगावाट डिमांड की आपूर्ति की थी। यह न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के किसी भी राज्य द्वारा अब तक की गई सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति है। अभी तक साल 2025 में 11 जून को रात 12:45 बजे 31486 मेगावाट पीक डिमांड सबसे ज्यादा थी। प्रदेश में प्रचंड गर्मी के बावजूद योगी सरकार में उत्तर प्रदेश के इतिहास में सबसे ज्यादा विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 24 मई की रात्रि 10:29 बजे 31,824 मेगावाट की रिकॉर्ड पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया है। योगी सरकार का उद्देश्य हर घर, हर गांव और हर शहर तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना है, जिस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। निर्धारित रोस्टर से आगे बढ़कर प्रदेश में व्यापक स्तर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का प्रयास किया गया।

24/25 मई की रात 1 बजे 29,933 मेगावाट और रात 3 बजे 30569 मेगावाट की विद्युत आपूर्ति की गई। जबकि 25 मई की सुबह 5 बजे 29,573 मेगावाट और सुबह 10 बजे 27,392 मेगावाट की आपूर्ति की गई है। इसी तरह दोपहर 2 बजे 29,616 मेगावाट डिमांड की विद्युत आपूर्ति की गई है। ऊर्जा विभाग लगातार आपूर्ति कर रहा है। यूपीपीसीएल के निदेशक वितरण ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी ने बताया कि स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक रविवार को शहरी क्षेत्रों, तहसील, नगर पंचायत, महानगर, मंडल मुख्यालय और उद्योगों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई है। बुंदेलखंड में सिर्फ 22 मिनट के लिए बिजली काटी गई थी।

**ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर से ज्यादा बिजली आपूर्ति की गई :** निदेशक वितरण ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी औसत 22 से 22.5 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे का रोस्टर है। इससे आमजन, किसान, व्यापारी और उद्योगों को बड़ी राहत मिली है। अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) एवं उप्र. पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेशों के अनुपालन के क्रम में प्रदेश में सभी को निर्बाध विद्युत देने का प्रयास किया जा रहा है। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को युद्धस्तर पर विद्युत आपूर्ति के कार्यों में लगाया गया है।

## देश में सर्वाधिक बिजली उपलब्ध कराने वाला राज्य बना यूपी: ऊर्जा मंत्री



ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश आज देश में सर्वाधिक बिजली उपलब्ध कराने वाला राज्य बन चुका है। तकनीकी, प्राकृतिक अथवा मानवजनित कारणों से कहीं-कहीं स्थानिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दूर करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि विद्युतकर्मियों का मनोबल बढ़ाएं, क्योंकि भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों में भी वह लगातार जनता को बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं।

## लोकतंत्र चुनाव से चलता है नियुक्तियों से नहीं : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह की पंचायतों का समय 26 मई को खत्म होने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर न कराकर मौजूदा प्रधानों को प्रशासन बनाए जाने की चर्चा हो रही है, यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। सरकार पंचायत चुनाव समय पर क्यों नहीं करा रही और कार्यकाल समाप्त होने के बाद गांवों में प्रशासक बैठाने की तैयारी क्यों की जा रही है? भाजपा सरकार पंचायतों में जनता द्वारा चुनी गई व्यवस्था को कमजोर कर सरकारी नियंत्रण स्थापित करना चाहती है।

पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव मानी जाती है। गांव की सरकार गांव की जनता तय करती है, न कि सत्ता में बैठी सरकार लेकिन भाजपा सरकार पंचायत चुनाव कराने से बचती दिखाई दे रही है, सरकार जनता के बीच जाने और जनमत का सामना करने से डर रही है। पंचायतों को लोकतांत्रिक संस्था के बजाय राजनीतिक नियंत्रण का माध्यम बनाया जा रहा है और गांवों की जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# केजीबीवी की बेटियों ने खाकी पहन बढ़ाया प्रदेश का मान

- वंचित परिवारों की छात्राओं ने लिखी प्रेरणा की नई कहानी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपनों को पंख तब मिलते हैं, जब अवसर, शिक्षा और आत्मविश्वास एक साथ जुड़ते हैं। उत्तर प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आज ऐसी ही हजारों बेटियों की उड़ान का मजबूत आधार बन रहे हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बीच पढ़ाई करने वाली वंचित परिवारों की बेटियां अब प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर समाज में नई पहचान बना रही हैं। बेसिक शिक्षा विभाग की पहल, शिक्षकाओं के मार्गदर्शन और छात्राओं की अथक मेहनत ने इन विद्यालयों को केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को साकार करने का माध्यम बना दिया है।

जनपद अलीगढ़ के विकास खण्ड अतरौली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मढ़ौली की पूर्व छात्रा यामिनी वर्मा की कहानी संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक यात्रा है। वर्ष 2012 में कक्षा-06 में प्रवेश लेने वाली यामिनी ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा। निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने पहले ही प्रयास में प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण की और 18 जून 2025 को जनपद इटावा में कांस्टेबल पद पर नियुक्ति प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया। यामिनी वर्मा कहती हैं, केजीबीवी ने मुझे केवल शिक्षा ही नहीं दी, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया। यहां की शिक्षिकाओं ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अगर मुझे यहां का सहयोग और मार्गदर्शन नहीं मिलता तो शायद मैं अपने सपने तक नहीं पहुंच पाती। आज जो भी हूं, उसमें मेरे विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। इसी विद्यालय की छात्रा रहीं मुनिशा यादव ने भी अपने सपनों को हकीकत में बदलकर मिसाल पेश की। वर्ष 2008 में कक्षा-06 में प्रवेश लेने वाली मुनिशा शुरू से ही पुलिस सेवा में जाना चाहती थीं।

पढ़ाई के साथ नियमित व्यायाम, दौड़ और अनुशासित तैयारी को उन्होंने अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया। उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने पहले ही प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर 12 जुलाई 2018 को जनपद अमरोहा में कांस्टेबल पद पर नियुक्ति प्राप्त की। मुनिशा यादव बताती हैं, केजीबीवी में रहकर मुझे अनुशासन, आत्मनिर्भरता और बड़े सपने देखने की सीख मिली। यहां शिक्षिकाएं हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाती थीं। विद्यालय का माहौल ऐसा था जिसने मुझे अपने लक्ष्य के लिए लगातार मेहनत करने की ताकत दी। विकास खण्ड गंगीरी की छात्रा कंचन ने भी अपनी लगन से सफलता का नया अध्याय लिखा। 2010 में कक्षा-08 उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने लगातार शिक्षा जारी रखी। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और विज्ञान वर्ग से बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद कंचन ने यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की और 13 मार्च 2023 को जनपद सहारनपुर में सब इंस्पेक्टर पद पर ज्वाइन किया।

# प्रशिक्षण व्यक्ति को तराशने की सतत प्रक्रिया है : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/महाराजगंज।** भाजपा द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ सोमवार को जिले के आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी को भी देखा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बबलू यादव ने किया।

मुख्य अतिथि पंकज चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण व्यक्ति को तराशने की सतत प्रक्रिया है। जो सीखता है वही आगे बढ़ता है और जो सीखना बंद कर देता है, उसका विकास भी रुक जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व के स्तर पर समृद्ध करेगा।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद का दर्शन भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी तथा सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह महाभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय एवं प्रभावी बनाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान के माध्यम से बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की नीतियों एवं जनसेवा के मूल मंत्र से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वैश्विक संकट के समय विपक्ष केवल राजनीति कर रहा है तथा डीजल, पेट्रोल और गैस को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होगा, तब तक राष्ट्र विकसित नहीं हो सकता। इसी सोच के तहत उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से आमजन को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में बिचौलियों का हस्तक्षेप रहता था। डबल इंजन सरकार में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश एक्सप्रेस-वे प्रदेश बन रहा है तथा माफिया राज समाप्त हो चुका है। योगी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका अनुशासित एवं समर्पित कार्यकर्ता है।

# बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं 15 जून तक हों पूरी : स्वतंत्र देव सिंह

- जलशक्ति मंत्री ने लाइव मॉनिटरिंग के जरिये परखी परियोजनाओं की प्रगति, अधिकारियों को दिए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय के सभागार में बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्यों की व्यापक समीक्षा की। उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेशभर में संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं, तटबंधों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों में तैयारियों, राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं तथा अन्तर्विभागीय समन्वय की गहन समीक्षा की गई। बैठक में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

बैठक की विशेषता यह रही कि जलशक्ति मंत्री ने 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं की प्रगति का लाइव व्यू कैमरों के माध्यम से सीधे कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं एवं अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित कर कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और



समयसीमा की जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी सभी परियोजनाएं हर हाल में 15 जून तक पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अनदेखी पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने के निर्देश**

जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं के कार्य निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरूप कराए जाएं। उन्होंने बाढ़ से पूर्व आवश्यक ड्रेनों की सफाई अभियान को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही तटबंधों पर बने रेट होल, शाही होल एवं रेन कट्स को तत्काल भरवाकर लिया जाए, ताकि बाढ़ के दौरान आवागमन बाधित न हो और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने अति संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में रिजर्व स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बाढ़ अवधि के दौरान आवश्यक संसाधनों को पूर्व से तैयार रखने पर भी विशेष जोर दिया।

**31 मई तक सभी नियंत्रण कक्ष स्थापित हों तथा 15 जून से क्रियाशील हों :** बैठक में स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिए कि आगामी 31 मई तक प्रदेश के सभी नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 15 जून से पूर्ण रूप से सक्रिय कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ अवधि में प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र की सतत निगरानी बनाए रखे तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि शासन एवं विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण से परियोजनाओं में गति आएगी और कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण होंगे। बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि स्टीयरिंग ग्रुप द्वारा समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों की स्थापना शीघ्र की जाए। उन्होंने तटबंधों के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां आवश्यक सुरक्षा कार्य कराने और पर्याप्त रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनपदों में बाढ़ सुरक्षा समितियों के गठन को भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में अन्तर्विभागीय समन्वय को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मण्डलीय नोडल अधिकारी, जनपद स्तरीय बाढ़ समन्वय अधिकारी तथा अंतर्राज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाढ़ समस्याओं के लिए विशेष नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। जलशक्ति मंत्री ने मुख्यालय स्तर से गठित टीमों द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों का भौतिक सत्यापन कराने तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीमों के गठन पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों तक आपातकालीन स्थिति में त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का विस्तृत रोडमैप भी तैयार किया जाए।

बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, प्रमुख अभियंता परियोजना अशोक कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जनपद स्तरीय अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सहभागिता कर बाढ़ पूर्व तैयारियों की जानकारी साझा की।

# ओपन जेल की परिकल्पना होगी साकार : सीएम

## पेशेवर अपराधी, माफिया को जेलों में रखने की जरूरत,जेलों को सुधार, पुनर्वास केंद्र बनाया जाये

- 75 वर्ष से अधिक आयु, असाध्य रोगियों, बच्चों संग महिला बंदियों व जमानत राशि न जमा कर पाने वाले कैदियों की सूची तैयार करें
- वन जेल वन प्रोडक्ट से बंदियों को मिल रहा कौशल और रोजगार का अवसर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कारागार विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जेलों को केवल बंदी रखने का स्थान नहीं, बल्कि सुधार, पुनर्वास और कौशल विकास का प्रभावी केंद्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश की सभी कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्रशिक्षण, तकनीकी सुदृढ़ीकरण और पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक, पारदर्शी व्यवस्था और सुधारात्मक गतिविधियों के माध्यम से कारागारों को नई पहचान दी जाए।

बैठक में बताया गया कि विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से बंदियों की समयपूर्व रिहाई की व्यवस्था को गति दी गई है। वर्ष 2012 से 2016 के बीच 273 बंदियों को समयपूर्व रिहाई मिली थी, जबकि वर्ष 2017 से 2021 के बीच यह संख्या बढ़कर 2882 और वर्ष 2022 से 2026 के बीच 3846 हो गई। जुमार्ना जमा कर रिहा होने वाले बंदियों की संख्या भी वर्ष 2012-16 के 2823 की तुलना में वर्ष 2017-2026 के दौरान बढ़कर 6231 हो गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों, असाध्य रोगों से ग्रस्त कैदियों, बच्चों के साथ जेल में बंद महिला कैदियों और जमानत राशि जमा न कर पाने के अभाव में जेल में बंद कैदियों की सूची तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने 'ओपन जेल' की परिकल्पना को विशेष महत्व देते हुए इसे साकार रूप में लाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल केवल पेशेवर अपराधी और माफिया के लिए होनी चाहिए। छोटे अपराधों के लिए 'ओपन जेल' उपयोगी होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जेलों में ओवरक्राउडिंग कम करने के लिए निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने नए कारागारों और बैरकों के निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 में



प्रदेश की 70 जेलों में क्षमता 58,400 थी जबकि बंदियों की संख्या 96,383 थी और ओवरक्राउडिंग दर 1.77 थी। वर्तमान में प्रदेश में 77 कारागार संचालित हैं, जिनकी कुल क्षमता 77,673 है तथा बंदियों की संख्या 79,782 है। ओवरक्राउडिंग दर घटकर 1.03 रह गई है।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से अब तक चित्रकूट, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, इटावा, प्रयागराज, श्रावस्ती और बरेली समेत सात नए कारागार संचालित किए गए हैं, जिससे 10,495 बंदियों की अतिरिक्त क्षमता विकसित हुई है। इसके अतिरिक्त अमेठी, महोबा, हाथरस, कुशीनगर, जौनपुर और हापुड़ में छह नए कारागारों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनकी कुल क्षमता 6,156 होगी। कई प्रस्तावित जेलों के लिए भूमि क्रय और पंजीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री ने बहुमंजिला कारागारों के निर्माण को प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों में सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से 2026 के बीच प्रदेश की जेलों में 6200 सीसीटीवी कैमरे, 24 बैगेज स्कैनर, 30 ड्रोन कैमरे, 84 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, 195 बॉडी वार्न कैमरे और अन्य आधुनिक सुरक्षा उपकरण स्थापित किए गए हैं। सभी जेल बैरकों में सीसीटीवी कैमरे तथा मेनवॉल पर वायर फेंसिंग कराई गई है। न्यायालयों में पेशी के लिए 83 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इकाइयां स्थापित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागारों में बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास और उत्पादन गतिविधियों को और बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सुधारात्मक प्रयासों से बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में बताया गया कि लखनऊ, आगरा, नैनी, बरेली, वाराणसी, फतेहगढ़, गोरखपुर, उन्नाव और अन्य कारागारों में सिलाई, दरी, कम्बल, फिनायल, काष्ठ कला, मसाला, प्रिंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, रेडीमेड गारमेंट, एलईडी बल्ब, पॉटरी, कार्पेट और विभिन्न हस्तशिल्प उद्योग संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश की 37 जेलों में वन जेल वन प्रोडक्ट आधारित इकाइयां संचालित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों में बंदियों के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक वातावरण के लिए योग, खेलकूद, कृषि और गौसंवर्धन जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में प्रदेश की 17 जेलों में गौशालाएं संचालित हैं, जहां कुल 1265 गोवंश संरक्षित हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि जेलों की कृषि भूमि वर्ष 2020 में 584.51 एकड़ से बढ़कर वर्तमान में 624.14 एकड़ हो गई है। कृषि फार्मों में सब्जी और आलू उत्पादन 81,270 क्विंटल से बढ़कर 86,720 क्विंटल तक पहुंच गया है। बैठक में बताया गया कि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 3647 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है। वर्ष 2017 से अब तक 4055 नियुक्तियां दी गई हैं तथा विभिन्न पदों पर कुल 2868 पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं। मुख्यमंत्री ने रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

## गंगा दशहरा पर दिया मानवता का संदेश

**लखनऊ।** सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल द्वारा उत्तर प्रदेश ही नहीं वरन राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से सुंदरकांड महा अभियान, भारत वर्ष की बने पहचान का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सपना गोयल की अगुआई में सोमवार 25 मई को गंगा दशहरा पर्व देवा रोड स्थित प्रतिष्ठित श्री परमानंद हरि हर



मंदिर में पूर्ण आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। वहां महादेव पर बेलपत्र अर्पित कर गंगा जल से अभिषेक पूजन अर्चन भी किया गया। दीपक प्रज्वलित कर विश्व शान्ति एवं भारत उन्नति की मंगल कामना की गई। इस अवसर पर उन्होंने संदेश दिया कि गंगा दशहरा का महा पर्व हमें परमार्थ का संदेश देता है। कहा भी गया है कि वृक्ष कबहुँ नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर। यह मानव काया बड़ी ही किस्मत वालों को मिलती है ऐसे में हर सनातनी का यह परम धर्म है कि वह राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए देश के प्रति निष्ठावान रहे और उसकी हर संभव सेवा करें। सनातन धर्म के मूल में मानवता का केन्द्रीय भाव निहित है। ऐसे में मानव ही नहीं हर जीव जंतु वनस्पति, धरती आदि की सेवा करना उसका कर्तव्य है।

सपना गोयल का एक मात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति के लिए ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन, करवाया जा रहा है। बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में सपना गोयल की अगुआई में पांच हजार से अधिक महिलाओं ने लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान किया था। इस क्रम में 23 जून 2024 को पावन तीर्थ नैमिषारण्य में भव्य सामूहिक सुंदरकांड महायज्ञ का आयोजन करवाया गया था।

## संपत्तियों की केवाईसी में सहयोग नहीं कर रहे आवंटी

**लखनऊ।** एलडीए ने बड़ा अभियान शुरू किया है। एलडीए से संपत्ति खरीदने वाले हर भवन और भूखंड स्वामी की केवाईसी कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से आवंटियों और खरीदारों को मैसेज भेजा जा रहा है। लेकिन इसमें प्रभावशाली लोग सहयोग नहीं दे रहे हैं। वह सम्पत्ति का विवरण नहीं दे रहे हैं। वह सर्वे के लिए जाने वाली टीम को भगा दे रहे हैं।

सर्वे में छह हजार से ज्यादा लोगों ने अपनी सम्पत्ति का विवरण एलडीए को दिया है। एलडीए से भवन-भूखण्ड खरीदने वाले करीब 1.40 लाख लोगों के भवनों व भूखण्डों की केवाईसी की जानी है। इन लोगों का पूरा विवरण अभी एलडीए के पास नहीं है। केवाईसी से इनके आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर व अन्य जानकारी एलडीए के पास आ जाएगी। इससे इन्हें कभी उनकी सम्पत्ति से सम्बंधित कोई दिक्कत नहीं आएगी। एलडीए इसके तहत सभी भवनों और भूखंडों का पूरा ब्योरा जुटा रहा है। केवाईसी के जरिए यह आंकड़ा जुटाया जा रहा है कि किस संपत्ति की रजिस्ट्री हो चुकी है और कौन सी अभी लंबित है। आधार कार्ड समेत जरूरी दस्तावेज लिए जाएंगे, जिससे संपत्तियों को आधार से भी लिंक किया जा सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि नाम, पता और मोबाइल नंबर अपडेट होने से भविष्य में किसी भी संपत्ति के बारे में सीधे एलडीए से जानकारी ली जा सकेगी। इससे विवादित संपत्तियों और फर्जी खरीद-फरोख्त पर बड़ा असर पड़ेगा। केवाईसी के जरिए हर संपत्ति का नया और प्रमाणित डेटा तैयार किया जाएगा। इस अभियान से डुप्लीकेट मालिकाना हक, फर्जी रजिस्ट्री और बोगस ट्रांसफर जैसे मामलों पर रोक लग सकेगी। एलडीए अधिकारियों के मुताबिक इस प्रक्रिया से प्राधिकरण की उन संपत्तियों का रिकॉर्ड भी दोबारा तैयार हो सकेगा, जिनकी फाइलें वर्षों में गायब हो गईं या अधूरी रह गईं। प्राधिकरण इस अभियान को भविष्य की सभी संपत्ति संबंधी सेवाओं से जोड़ने की तैयारी में है। ऐसे में जिन लोगों ने समय रहते केवाईसी नहीं कराई, उन्हें नामांतरण, ट्रांसफर, नक्शा पास कराने या अन्य कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# पांच ट्रेनें निरस्त रहेंगी, 14 ट्रेनें गोरखपुर जंक्शन तक नहीं जायेंगी

- गोरखपुर जंक्शन पर एफओबी के निर्माण के कारण किया गया बदलाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम निरन्तर जारी है। इसी क्रम में, गोरखपुर जं. स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-7 एवं 8 पर पैदल उपरिगामी पुल (एफओबी) के निर्माण के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं मार्ग विस्तार किया गया, इनमें गोरखपुर से 4 जून को चलने वाली 05057 गोरखपुर-दिल्ली विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। दिल्ली से 5 जून को चलने वाली 05058 दिल्ली-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 29 मई एवं 5 जून को चलने वाली 05053 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई एवं 6 जून को चलने वाली 05054 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 29 मई से 7 जून तक चलने वाली 55031/55032 गोरखपुर-गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

इसके अलावा शार्ट टर्मिनेशन के तहत आसनसोल से 29 मई एवं 5 जून को चलने वाली 13507 आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी 03.50 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी भटनी-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 30 मई एवं 6 जून को चलने वाली 13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी से 22.13 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-भटनी के बीच निरस्त रहेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 3 जून को चलने वाली 11081 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी 03.10 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी भटनी-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी।

गोरखपुर से 5 जून को चलने वाली 11082 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी से 15.42 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-भटनी के बीच निरस्त रहेगी। बनारस से 29 मई से 7 जून, 2026 तक चलने वाली 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट 10.50 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोरखपुर कैंट-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 29 मई से 7 जून, तक चलने वाली 15103 गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट से 16.32 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-गोरखपुर कैंट के बीच निरस्त रहेगी।

अहमदाबाद से 29, 30, 31 मई, 2, 3, 4, 5, 6 एवं 7 जून को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट 17.55 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोरखपुर कैंट-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 30, 31 मई, 1, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8 जून चलने वाली 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट से 21.40 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-गोरखपुर कैंट के बीच निरस्त रहेगी।

बान्द्रा टर्मिनस से 1 जून को चलने वाली 19091 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट 17.55 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोरखपुर कैंट-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 2 जून चलने वाली 19092 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट से 21.40 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-गोरखपुर कैंट के बीच निरस्त रहेगी। रांची से 29 मई एवं 5 जून को चलने वाली 18629 रांची-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट 11.15 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोरखपुर कैंट-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 30 मई एवं 6 जून को चलने वाली 18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोरखपुर कैंट से 15.05 बजे चलाई जायेगी।

यह गाड़ी गोरखपुर-गोरखपुर कैंट के बीच निरस्त रहेगी। बान्द्रा टर्मिनस से 31 मई को चलने वाली 22921 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर बलरामपुर 12.05 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी बलरामपुर-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 2 जून को चलने वाली 22922 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर बलरामपुर से 6.08 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-बलरामपुर के बीच निरस्त रहेगी।

# लखनऊ जंक्शन पर कर्मचारियों ने निकाली प्रभात फेरी, पर्यावरण संरक्षण का संदेश




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।

लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा सफाई कर्मचारियों के सहयोग से जागरूकता (प्रभात फेरी) निकाली गई और पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरियाली के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जागरूक किया गया। लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन तथा ऐशबाग रेलवे स्टेशनों पर पक्षियों के लिए पानी के बर्तन रखे गए, जिससे भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। अभियान के अंतर्गत यात्रियों को निर्धारित वाटर रिफिलिंग बूथों से अपनी बोतल पुनः भरकर उपयोग करने तथा पुनः प्रयोग योग्य पानी की बोतलों का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर मैकेनिकल प्लास्टिक बॉटल क्रशर मशीन थीम पर संविदा कर्मचारियों को प्लास्टिक बोतलों के घनत्व को कम करने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बस्ती रेलवे स्टेशन पर सकुर्लेटिंग एरिया स्थित ग्रीन एरिया में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कार्य किया गया।

## आलमनगर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चला

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अंतर्गत सोमवार को प्लास्टिक की खपत कम करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी जंक्शन, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, आलमनगर एवं बाराबंकी रेलवे स्टेशनों पर के तहत व्यापक जागरूकता अभियान एवं रैलियों का आयोजन किया गया। यह अभियान 5 जून तक चलेगा। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान यात्रियों एवं संबंधित कर्मचारियों को सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की गई।

# गोमती नगर में अवैध कार वर्कशॉप पर चला बुलडोजर




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को गोमती नगर में अवैध कार वर्कशॉप के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से संचालित 02 कार वर्कशॉप को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मुजीब व अन्य द्वारा गोमती नगर के वास्तु खण्ड में भूखण्ड संख्या-3/64 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराकर गैराज/कार वर्कशॉप संचालित किया जा रहा था। इसी तरह दिग्विजय कुमार व अन्य द्वारा गोमती नगर के विकल्प खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/417 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से कार वर्कशॉप संचालित किया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से किये गये उक्त दोनों व्यावसायिक निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए दोनों कार गैराज ध्वस्त कर दिये।

## केजीएमयू के हॉस्टल में फंसी लिफ्ट

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के टीजी हॉस्टल नर्सिंग की बिल्डिंग की लिफ्ट सोमवार की सुबह खराब हो गयी। लिफ्ट करीब एक घंटे तक फंसी रही। किसी तरह से लिफ्ट के चलने पर दंपति बाहर निकले और उनकी जान बच सकी। पीड़ित ने कुलसचिव से शिकायत करके लिफ्ट में सुधार की मांग की है।

केजीएमयू के कुलसचिव कैंप कार्यालय में पीआरओ राजेश कुमार सिंह के मुताबिक वह पत्नी शीला सिंह के साथ सुबह मॉर्निंग वॉक पर गए थे। दंपति अपना मोबाइल साथ नहीं ले गए थे। मॉर्निंग वॉक से लौटने पर वह टीजी हॉस्टल नर्सिंग बिल्डिंग की लिफ्ट में चढ़े। लिफ्ट बीच रास्ते में अचानक से फंस गई। दंपति का आरोप है कि सुबह-सुबह लिफ्ट में फंसने पर उन्होंने काफी शोर मचाया लेकिन कोई मदद को नहीं पहुंच सका। लिफ्ट बंद होने और पंखा न चलने से वेंटिलेशन ठप हो गया। अंदर गर्मी और घुटन होने लगी। अत्याधिक गर्मी और घबराहट से दंपति पसीने से तरबतर हो गए।

## उप निबन्धक कार्यालय का भूमि पूजन



**लखनऊ।** सरोजनी नगर में 'कार्यालय उप निबन्धक सरोजनी नगर प्रथम व द्वितीय' के नवनिर्मित होने वाले भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शिलान्यास मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि नये कार्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र की जनता को रजिस्ट्री एवं अन्य विभागीय कार्यों में काफी सुगमता होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता पारदर्शी और सुलभ व्यवस्था प्रदान करना है, जिससे नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातावरण में विभागीय सेवाएँ प्राप्त हो सकें। सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह नया कार्यालय क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है, जिससे स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का निराकरण हो सकेगा।

नवनिर्मित होने वाले इस आधुनिक कार्यालय भवन का कुल क्षेत्रफल 1500 वर्ग मीटर है। परिसर के निर्माण के लिए 327.95 लाख रुपए की कुल लागत स्वीकृत की गई है। जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए 6 माह की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों को जल्द से जल्द इस नई व्यवस्था का लाभ मिल सके।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों की जनजागरण रैली

- विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों बिजली कर्मियों ने किया विरोध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों बिजली कर्मियों ने वाराणसी के भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय पर विशाल विरोध सभा एवं जनजागरण रैली आयोजित की। सभा को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन की मनमानी नीतियों, निजीकरण की जल्दबाजी तथा लगातार बढ़ते उत्पीड़न के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था गंभीर संकट की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ताओं के हितों की वास्तविक चिंता है, तो बिजली कर्मियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेकर कर्मचारियों को विश्वास में लेते हुए भीषण गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की ठोस कार्ययोजना तत्काल बनाई जाए। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा एवं आगरा में निजी कंपनियों के कार्यों को लेकर उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही शिकायतें यह साबित करती हैं कि निजीकरण से उपभोक्ताओं की समस्याएं कम होने के बजाय बढ़ी हैं।

संघर्ष समिति ने संबंधित निजी कंपनियों की जवाबदेही तय करने तथा करार उल्लंघनों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। सभा में यह भी कहा गया कि 3 दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री एवं शासन स्तर पर हुए लिखित समझौते का आज तक पालन नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है।

मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान बिजली कर्मियों पर की गई अनुशासनात्मक कार्यवाहियां, उन पर दर्ज एफआईआर, निलंबन, दूरस्थ स्थानों पर किए गए स्थानांतरण तथा अन्य दमनात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस लिया जाए। संघर्ष समिति ने 19 मार्च 2023 को ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को समाप्त करने की मांग दोहराई। विरोध सभा को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों जितेंद्र सिंह गुर्जर, महेंद्र राय, मायाशंकर तिवारी, अंकुर पांडेय, ओपी सिंह, चन्द्रभूषण उपाध्याय, राम कुमार झा, ने संबोधित किया।

## अजंता हॉस्पिटल में रोबोटिक रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी सफल

**लखनऊ।** अजंता हास्पिटल में प्रोस्टेट कैंसर के लिए पहली बार रोबोटिक रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी एवं बाइलेटरल पेल्विक लिम्फ नोड डिसेक्शन सफलता मिली है। यह तकनीक जटिलताओं के बावजूद सर्जरी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई तथा रोगी की रिकवरी संतोषजनक रही। यह सर्जरी डा. अनिल खन्ना, निदेशक एवं लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जन, अजंता हॉस्पिटल के नेतृत्व में सम्पन्न की गई।

## पीजीआई में स्तनपान कक्ष का उद्घाटन

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के अस्पताल प्रशासन विभाग ने इनर व्हील क्लब ऑफ लखनऊ अभ्युदय के सहयोग से सोमवार को जनरल अस्पताल परिसर में एक समर्पित 'ब्रेस्टफीडिंग कियोस्क' (स्तनपान कक्ष) का सफलतापूर्वक संस्थापन और उद्घाटन किया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. राधा कृष्ण धीमन, प्रो. देवेंद्र गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. आर हर्षवर्द्धन, डा. मीनाक्षी सिंह (अध्यक्ष, इनर व्हील क्लब) ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया।

## जनगणना: आरडब्ल्यूए के सवालों का कराया समाधान

**लखनऊ।** जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर नगर निगम प्रशासन ने शहर की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) को भी सक्रिय रूप से जोड़ना शुरू कर दिया है। सोमवार को लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में आरडब्यूए के सदस्यों के सवालों का सामाधान कराया गया। बैठक में नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह भी मौजूद रहे। नगर निगम ने जनगणना के लिए लोगों को जागरुक करने, उनके सहयोग के लिए सोमवार को मीटिंग बुलाई थी। इसमें प्रमुख आरडब्ल्यूए और आवासीय समितियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# लविवि में ड्रेस कोड को लेकर छात्रों का प्रदर्शन



- सड़क पर लेट कर किया जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** लविवि में ड्रेस कोड लागू किये जाने के विरोध में सोमवार को छात्रों ने धरना-प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन नियमों के नाम पर उनका उत्पीड़न कर रहा है, जिससे समस्यायें बढ़ रही हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्र भवन चौराहे पर छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान छात्रों ने सड़क पर लेटकर ड्रेस कोड का विरोध किया। इसके बाद पुलिस उन्हें उठाकर ले गई। छात्रों के हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। जिस पर लिखा था ड्रेस कोड नहीं एजुकेशन अपग्रेड चाहिए। इस दौरान एक छात्र ने कहा उसूलों पर आंच आए तो टकराना जरूरी है, जो जिंदा हैं, वो जिंदा नजर आना भी जरूरी है। छात्रों का कहना है कि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की तरफ से विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में गलत तरीके से ड्रेस कोड का नियम लागू किया गया है। छात्र इसके खिलाफ संगठित हैं। हम इसे नहीं मानेंगे। यह मनमर्जी नहीं चलेगी। इस दौरान छात्रों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा है।

**'स्कूल में ड्रेस होता है, यूनिवर्सिटी में नहीं' :** वहीं, छात्र अमितेश पाल ने कहा कि बीते कुछ दिनों पहले राज्यपाल ने ड्रेस कोड लागू किया है। हम इसके खिलाफ हैं, अगर एकजुटता लानी है तो शिक्षा में दीजिए। शिक्षा में समानता नहीं दे पा रहे हैं। भारत के सामाजिक और शिक्षा क्षेत्र में समानता नहीं है तो यूनिवर्सिटी में इसे लागू कर क्या करेंगे? छात्र को पहली कक्षा से लेकर 12 क्लास तक ड्रेस कोड में ही रहना होता है। क्या छात्र जीवन भर ड्रेस पहनता रहेगा। क्या हम लोग जीवन भर ड्रेस पहनेंगे। स्कूल में ड्रेस होता है, यूनिवर्सिटी में नहीं। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## परीक्षा के दौरान दो छात्रा बीमार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय समेत अन्य कालेजों में इस समय एलएलबी की परीक्षा चल रही है। परीक्षा के दौरान दोपहर की पॉली में शिया पीजी कालेज में गर्मी के कारण दो छात्राओं की तबियत बिगड़ गयी। जिन्हें आनन-फानन में कूलर में बिठाया गया। एलएलबी की परीक्षा तीन घंटे की होती है और इस भीषण गर्मी में तीन घंटे सिर्फ पंखे के सहारे रहने में लोगों की तबियत खराब हो रही है। लुआक्टा ने पूर्व में ही गर्मी को देखते हुए परीक्षाओं को ग्रीष्मावकाश के बाद कराने के लिए कहा था और यह भी विकल्प दिया था कि यदि जरूरी है तो परीक्षाएं दोपहर 12 बजे तक निपटा दिया जाये लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक न सुनी मनमानी कर परीक्षाएं करा रही है। इसका विरोध शिक्षक और छात्र-छात्राएं कर रहे है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# यूपीएससी का पेपर खराब होने पर छात्र ने नदी में कूदकर दी जान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपीएससी का पेपर खराब होने के कारण आईआईटी पास छात्र प्रखर पाल (26) ने सोमवार सुबह पक्का पुल से गोमती नदी में छलांग लगा दी। उसकी एक्टिवा पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़ी मिली। सूचना के बाद पुलिस ने छात्र की तलाश में गोताखोरों व एसडीआरएफ को नदी में उतारा। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव बाहर निकाला गया। वहीं, बेटे के नदी में कूदने की जानकारी मिलते ही मां भी मौके पर पहुंची। प्रखर की मां हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में वाइस प्रिंसिपल हैं।

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के के मुताबिक, आलमबाग के जयप्रकाश नगर निवासी सुष्मलता के बेटे प्रखर का रविवार को यूपीएससी का पेपर था। उसका बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज में सेंटर गया था। सुष्मलता की बेटी के देवर प्रदीप ने बताया कि प्रखर का पेपर कुछ खराब हो गया था। उन्होंने मां से इस बात का जिक्र किया। इस पर मां ने उसे समझाया कि अभी वह तय नहीं करे। आगे की देखें। सोमवार सुबह करीब आठ बजे प्रखर स्कूटी लेकर घर से निकल गया। इसके बाद वह हुसैनबाद इंटर कॉलेज के सामने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। यहां पर उसने स्कूटी खड़ी की और कपड़े उतारकर डिग्गी में रख दिए। वह पैदल चलता हुआ पक्का पुल पहुंचा। इसके बाद उसने गोमती नदी में छलांग लगा दी। उसे कूदता देखकर राहगीरों ने शोर मचाया। फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गोताखोरों और एसडीआरएफ की मदद से करीब पांच घंटे के बाद शव को नदी से बाहर निकाला।

**बेटे का शव देखकर बेसुध हो गई मां:** बेटे प्रखर के नदी में कूदने की जानकारी मिलते ही मां सुष्मलता घटनास्थल पर पहुंचीं। उनके साथ अन्य रिश्तेदार भी थे। दोपहर में बेटे का शव बाहर निकाला गया तो उसे देखकर वह बेहोश हो गईं। रिश्तेदारों ने उन्हें संभाला।

**मां के लिए छोड़ दी थी नौकरी:** रिश्तेदार प्रदीप ने बताया कि प्रखर ने बिहार में आईआईएम की पढ़ाई की। वह मेधावी छात्र था। इसके बाद उसने पुणे में नौकरी ज्वाइंन की। उनके पिता विष्णु गोपाल पाल सूचना विभाग में प्रशासनिक अधिकारी थे। कोविड में उनकी मौत हो गई। इसी कारण प्रखर नौकरी छोड़कर अपनी मां के पास लखनऊ आ गया। साथ ही वह यूपीएससी की तैयारी करने लगा। परिवार में बहन प्रगति पाल है

**इंदिरा नहर से मिला कंकाल:** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के भटवारामें इंदिरा नहर से रविवार शाम मानव कंकाल पड़ा मिला है। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ कर पहचान का प्रयास किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिनाख्त के लिए आसपास के जिलों की पुलिस और सीसी कैमरे की मदद से प्रयास किए जा रहे हैं।

## बेटे को गोद में लेकर गोमती नदी में कूदी महिला का मिला शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चौक इलाके में दो दिन पहले एक महिला अपने मासूम बच्चे को गोद में लेकर गोमती नदी में कूदी। सोमवार को लेटे हुए हनुमान मंदिर के पास गोमती नदी में महिला का शव उतराता हुआ मिला। उससे कुछ दूर बच्चे का भी शव मिला। बताया जा रहा है कि देवर और सास ने उसे तंग करते थे। पति की डेढ़ साल पहले मौत हो चुकी है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। भाई इमरान के मुताबिक, उनकी बहन कौसर मड़ियांव के लहुरा मऊ में बेटे अरहान और आदिल के साथ रहती थी। पति शादाब की डेढ़ साल ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई थी। वह ई-रिक्शा चलाते थे। घर का खर्च चलाने के लिए कौसर सिलाई करती थी। उसका बड़ी पकारिया हसनगंज में मायका है। भाई ने बताया कि 22 मई को बहन का ससुराल वालों से झगड़ा हो गया। इसके बाद वह छोटे बेटे अरहान को लेकर चली गई। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया। इस पर भाई ने फैजुल्लागंज चौकी जाकर जानकारी दी। पुलिस ने उन्हें बताया कि गोमती नदी में दो शव मिले है। इसके बाद वे लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, यहां पर उसकी शिनाख्त की। भाई ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

**फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या:** माल कस्बा निवासी युवक ने आम की बाग में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाई और अपनी जान गवां दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार माल कस्बा निवासी मुन्ना रैदास का छब्बीस वर्षीय मजदूर बेटा रिंकू (26) रविवार को घर पहुंचा तो पिता ने कहा कि जिस लड़की को तुम घर में लाये हो उसको उसके घर वापस भेज दो। जब तक लड़की के माता पिता नहीं कहते तब तक मैं उसको घर में नहीं रहने दूंगा। उसके बाद घर में बहन ने खाना बनाना शुरू किया और भाई रिंकू से कहा कि खाना खा कर घूमने जाना।

भाई रिंकू ने कहा अभी आकर खाना खाते हैं। जब देर तक रिंकू घर नहीं लौट तो घर वालों ने उसकी खोज शुरू की। खोजते खोजते घर वालों लोगों से भी पूछताछ की तो किसी ने बताया कि रिंकू आदर्श कोल्ड स्टोरेज के पीछे वाले खड़ंजा के रास्ते जा रहा था। तो लोग खोजते हुए उधर पहुंचे तो टार्च लगाकर देखा कि रिंकू गमछे के सहारे चेतराम की आम की बाग में पेड़ से लटका हुआ था। घटना की पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रिंकू अविवाहित था, जबकि बहन की गोद भराई का कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका है। परिवार में पिता मुन्ना, माता भगवानदेई और छोटा भाई पंकज (22) है। परिवार मजदूरी पर आश्रित है।

### स्वीमिंग पूल में नहा रहे शख्स की मौत

लखनऊ। शहर में मानक के विपरीत बने स्वीमिंग पूल लोगों की जान का सबब बनते जा रहे है। बिजनौर में सोमवार को कम पानी में जन सेवा केंद्र संचालक छलांग लगाने से जख्मी हुए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में घरवालों का आरोप है कि बिना किसी ट्रेनर के ही स्वीमिंग पूल में बच्चे नहा रहे थे। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। रायल सिटी निवासी दुष्यंत सिंह (42) टूरियागंज में जन सेवा केंद्र चलाते थे। सोमवार सुबह वह अपने बेटे वंश और वैभव के साथ मनीष यादव गेट के पास बने स्वीमिंग पूल गए थे। वह बच्चों को तैरना सिखा रहे थे। हालांकि पूल में पानी कम था। प्रत्यक्षदशयों का कहना है कि दुष्यंत सिंह ने एकाएक पानी में छलांग लगाई। लेकिन पानी कम होने के कारण उनका सिंह पूल के फर्श से टकरा गया। जिससे वह बेसुध हो गए। आनन-फानन उन्हें लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बिजनौर का कहना है कि किसी स्थानीय शख्स ने यहां पर ट्यूबेल बनाकर स्वीमिंग पूल की शक्ल दे रखी है।

## लखनऊ में निकला विशाल मौन जुलूस



●जैन साध्वियों की संदिग्ध सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर जैन समाज में भारी आक्रोश

**लखनऊ।** जैन धर्म के परम प्रभावक, समाधिस्थ संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका श्री श्रुतमति माता जी एवं आर्यिका श्री उपशममति माता जी की रीवा (मध्य प्रदेश) में हुई संदिग्ध मृत्यु को लेकर पूरे देश सहित लखनऊ के जैन समाज में गहरा आक्रोश है। 21 मई को हुई इस दुखद घटना को लेकर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर इसे महज एक हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत हत्या की आशंका जताई जा रही है। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में और न्याय की मांग को लेकर आज पूरे देश में जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपे गए। इसी कड़ी में आज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित जैन मंदिर से पूज्य दिगंबर संत आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं तत्वावधान में एक विशाल मौन जुलूस निकाला गया। यह मौन जुलूस इंदिरा नगर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर भूतनाथ मार्केट, शालीमार चौराहा और आम्रपाली होते हुए वापस जैन मंदिर पर संपन्न हुआ। जुलूस में लगभग 650 से अधिक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने अत्यंत अनुशासित और मौन रूप में शिरकत की। सभी के हाथों में संतों की सुरक्षा और न्याय की मांग करती तख्तियां थीं। जैन समाज लखनऊ के महासचिव अभिषेक जैन के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर पहुंचे एसीपी अनिंद्य विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के नाम प्रेषित किया गया।

## बेटे की आत्महत्या के बाद बढ़ा विवाद सुरक्षा को लेकर पुलिस से लगायी गुहार

विशेष संवाददाता (vol)


लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र में पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। मृतक के पिता ने अपने दोनों मासूम पौत्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका जताते हुए नगराम पुलिस से उन्हें सकुशल बरामद कर परिवार को सौंपने की मांग की है। मामले को लेकर परिवार में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार नगराम क्षेत्र के अमेठियन पुरवा निवासी अशोक सिंह के पुत्र प्रशांत सिंह ने बीती दो मई की रात कथित रूप से पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मृतक के पिता अशोक सिंह की तहरीर पर नगराम पुलिस ने प्रशांत की पत्नी ममता सिंह, सास-ससुर तथा उसकी दोनों बहनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। परिजनों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी पत्नी घर छोड़कर चली गई और जाते समय अपने दोनों बच्चों हार्दिक व यश को भी साथ ले गई। मृतक के पिता अशोक सिंह का कहना है कि उनके दोनों पौत्र इस समय आरोपियों के कब्जे में हैं और परिवार को उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। अशोक सिंह ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी ममता सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार हैं। उनका कहना है कि फरार आरोपी मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहे हैं तथा बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दे रहे हैं। परिवार को यह जानकारी रिश्तेदारों और परिचितों के माध्यम से मिली है, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। मृतक के पिता ने नगराम पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर दोनों बच्चों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद कर परिवार के सुपुर्द किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर हर पल भय बना हुआ है और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अनहोनी हो सकती है।

## यूपीएसआईएफएस में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप शुरू

●हमारा उद्देश्य सर्टिफिकेट देना नहीं, बल्कि कौशल विकास करना है: डॉ. जीके गोस्वामी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने किया। संस्थान द्वारा आयोजित इंटर्नशिप कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित 17 राज्यों के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से कुल 108 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बता दें कि संस्थान में इन सभी छात्र-छात्राओं को 6 सप्ताह तक विषय विशेषज्ञों द्वारा लॉ, फोरेंसिक विज्ञान और साइबर सिक्योरिटी एवं डिजीटल फोरेंसिक विषयों की गहनता से दक्षता प्रदान किया जायेगा।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज से आए हुए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि यह संस्थान न केवल उत्तर प्रदेश के छात्र-छात्राओं युवाओं के भविष्य को विकसित करने में अग्रणी रहे बल्कि देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों अध्ययनरत बच्चों के भविष्य को संवारने में अपना योगदान दे, जिस पर यह संस्थान अपने कर्तव्य के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य मात्र एक सर्टिफिकेट देना नहीं है बल्कि आपके भीतर कौशल विकास करना है ताकि आप बाहर की दुनिया में स्वयं को प्रतिष्ठापित कर सकें।

डॉ. गोस्वामी ने यह भी कहा कि अध्यापक का काम रास्ता दिखाना है लेकिन चलना तो आपको होगा उसके लिए आपके भीतर एक जुनून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन को सबसे बेहतर बनाने का आसान काम पढ़ाई हो जो अभी आपके गार्जियन ने आपको दे रखा है इसलिए आप इस अमूल्य समय को चूकने मत दीजिए क्योंकि समय दोबारा लौट कर नहीं आयेगा।

उन्होंने डेटा के महत्व पर भी प्रकाश डाला कहा कि वर्तमान समय में जिसके पास जितना डाटा रहेगा वह उतना ही सबल होगा। उन्होंने कहा कि फोरेन्सिक के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के लिए बेहतर अवसर है जिसके लिए आपमें लगनशीलता होनी चाहिए। यदि लगन है तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी युवा है आपको अपने कैरियर में अच्छे सहयोगी साथी का चयन करना चाहिए जो आपको अच्छे रास्ते पर ले जाय यदि साथी सही नही है तो आप गलत दिशा में जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएसआइएफएस में बिताये गये आपके छः सप्ताह आपके भविष्य के द्वार को खोलेगा, आपको अपनी योग्यता से ऐसे अवसर का लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने कहा कि संकल्प का कोई बिकल्प नहीं होता है। आप यूपीएसआईएफएस से एक संकल्प लेकर आये हैं और आप लगनशील हैं तो तो वह निश्चित पूरा होगा, संकल्पित मन ही सफलता की सीढ़ियों को आसानी से चढ़ पाता है। उन्होंने संस्थान एवं प्रशिक्षण के बारे में भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजिब मुखर्जी, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, डॉ सपना शर्मा, डॉ. प्रेरणा, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. प्रीती, डॉ. नेहा, डॉ. निताशा, डॉ. मिमंषा, डॉ. श्रुति दास एवं डॉ.स्वप्निल, डॉ दीपक वर्मा, डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ पवन एवं प्रतिसार उप निरीक्षक डॉ शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ठगी करने वाले के विरुद्ध थाने में दी तीसरी तहरीर

लखनऊ। माल क्षेत्र में गत दो वर्षों से तथाकथित पत्रकार द्वारा लोगों से नौकरी के नाम पर ठगी करने की तीन शिकायतें क्षेत्रीय लोगों द्वारा थाने पर दी जा चुकी हैं। पुलिस ने किसी भी पीड़ित की तहरीर पर अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया है, जबकि ठगी करने वाला पीड़ितों को रुपया मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना क्षेत्र टिकरीकला निवासी अवधराज ने थाने पर दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीकेटी थाना क्षेत्र के भोला खेड़ा गांव निवासी चंद्र शेखर, वर्तमान पता जी एन हॉस्पिटल के पीछे रहता है। पीड़ित का आरोप है कि दो वर्ष पूर्व चंद्र शेखर मेरे गांव टिकरीकला आया था और अपने को राम मनोहर मिश्रा सौशैय्या सार्वजनिक हॉस्पिटल का इंप्लाइ बताकर चतुर्थ श्रेणी में नौकरी दिलाने के नाम पर दस हजार रुपए की मांग की थी। पीड़ित ने पांच हजार रुपए नकद दिए थे, शेष पांच हजार नौकरी लगने पर देंगे, लेकिन दो वर्ष बीतने पर भी न ही नौकरी मिली और न ही रुपए ही वापस दे रहा है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार तड़के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नाव जिले के बीघापुर थाना अंतर्गत जंगली खेड़ा मजरा हरी खेड़ा निवासी संदीप कुमार के मुताबिक वह अपने चचेरे भाई सुजीत यादव के घर अयोध्यापुरी, बिजनौर रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास आया हुआ था। जहां घर के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया। उसका कहना है कि 24 मई रविवार तड़के करीब चार बजे जब सो कर उठा तो घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक (यूपी 35 एके 7869) चोरी हो गई। यह देखके होश उड़ गए। बाद में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो कैमरों में अज्ञात चोर बाइक ले जाते दिखाई दिए। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोरों की तलाश में जुट गई है।

### रिश्तेदारों को भेजे अश्लील मैसेज

लखनऊ। हजरतगंज इलाके में युवती की फोटो लगाकर फर्जी अकाउंट से अंजान व्यक्ति अश्लील मैसेज भेज रहा है। हजरतगंज के सुलतानगंज इलाके में रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसकी फोटो लगाकर इंस्टाग्राम पर फर्जी अकांउट बनाया है, जिसके जरिए पीड़िता व उसके रिश्तेदारों को अश्लील मैसेज कर रहा है। पीड़िता का दावा है कि आरोपी ने अब तक फर्जीवाड़ा करके चार अकाउंट बना चुका है।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। मड़ियांव क्षेत्र में अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस का कहना है कि सोमवार को हिन्द हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, आईआईएम रोड, महर्षि यूनिवर्सिटी के निकट मड़ियांव से सूचना मिली कि हरि मोहन त्रिपाठी (49) पुत्र रामउजागर त्रिपाठी निवासी प्लाट नं0-36/37, बालाजी इन्क्लेव, लेन नं0-7, मुतक्कीपुर, आईआईएम रोड मड़ियांव को उनके साले अभिषेक ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों ने बताया था कि हरि मोहन त्रिपाठी ने प्रातः लगभग 03:30 बजे अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया, लेकिन उपचार के दौरान प्रातः 05:59 बजे उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि हरिमोहन पूर्व में 'उपहार ग्रुप ऑफ कंपनी (पान मसाला) में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में वह कोई नौकरी नहीं कर रहे थे। मृतक की 02 पुत्रियां हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शॉप में लगी आग

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध हालत में एक जनरल मर्चेंट की दुकान में आग लग गई। तेज धुआँ और आग की लपटें उठती देख घटना की सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना के बाद पहुंची एक दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत कर करीब 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया। इस घटना में करीब 6 लाख रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया।

**सूचना**

मैं मो हमजा (Mohd Hamzah) पुत्र मो हनीफ नि. एफ-43 अबरार नगर पिकनिक स्पाट रोड, कल्यानपुर, विकास नगर, लखनऊ। पहले मेरा नाम मोहम्मद हमजा (Mohammad Hamzah) था जिसे बदलकर मैंने अब (Mohd Hamzah) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम ज्योति अंकित है जबकि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट में मेरा सही नाम किरन देवी दर्ज है। मेरे आधार में भी हाईस्कूल मार्कशीट के अनुसार मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **ज्योति पुत्री राम प्रकाश पत्नी श्री रवि प्रकाश नि.- ग्राम गुरौली, जरौली, शेरपुर, जिला हरदोई।**

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, उजमा परवीन, निवासी 537 बी /17 फैजुल्लागंज, अजमी मार्बल, निराला नगर, लखनऊ, यह सूचित करती हूँ कि मेरे पैन कार्ड में त्रुटिवश पिता के स्थान पर मेरे पति का नाम शाकिब खान अंकित हो गया है। मेरे पिता का सही नाम स्वर्गीय मो. इसराइल खान है। अतः पैन कार्ड में संशोधन कराया जा रहा है। यदि किसी को आपत्ति हो तो 15 दिनों के भीतर सूचित करें, अन्यथा इसे सही माना जाएगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों एक ही बाइक से जा रहे थे। तभी अज्ञात बाइक की टक्कर के बाद उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर की हाइडिल कॉलोनी निवासी रमेश का बेटा कमल (18) मजदूरी करता था और बंथरा के लाला खेड़ा निवासी वीरेंद्र का बेटा दीपांशु रावत (19) हाईस्कूल का छात्र था। दोनों आपस में दोस्त थे। रविवार रात दोनों बंथरा के लाला खेड़ा से एक ही बाइक से सरोजनीनगर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रात करीब 10 बजे बंथरा स्थित हनुमान मंदिर के पास कानपुर रोड पर पीछे से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं टक्कर मारने वाला बाइक सवार वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक दीपांशु अपने मां बाप का इकलौता बेटा था, जबकि कमल के परिवार में उसके माता-पिता के अलावा एक छोटा भाई और एक बहन है।

**तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक में टक्कर, अधेड़ की मौत:** बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम तेज रफ्तार कार ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मानक नगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर निवासी विजय कुमार (56) रविवार शाम करीब 7 बजे बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी गांव में अपना प्लाट देखकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी बंगला बाजार - बिजनौर रोड पर गुड़ौरा के सामने मनीष गेट के पास तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने सामने से उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार विजय बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए कार चालक को पकड़ कर कार सहित पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी रामवती के अलावा दो विवाहित और तीन अविवाहित बेटियां कंचन यादव, कल्पना यादव और सपना यादव है।

**ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत:** कृष्णानगर इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से ब्रेजेंद्र कुमार (36) की मौत हो गई। वह दिल्ली के द्वारिका गेट का निवासी था और लखनऊ में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। घटना रविवार रात मानक नगर और अमौसी के बीच हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिवार को सौंप दिया।

पुलिस को तलाशी के दौरान युवक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ब्रेजेंद्र दिल्ली के द्वारिका गेट के पास रहता था। वह लखनऊ की एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। रविवार रात ट्रेन से आते वक्त वह मानक नगर और अमौसी के बीच स्थित रामदास खेड़ा के पास गिर गया था। ट्रेन के ड्राइवर ने घटना की जानकारी जीआरपी चौकी को दी, लेकिन मामला क्षेत्रीय पुलिस का था।

## कार पेड़ से टकरायी, दो मासूम समेत तीन की हालत गंभीर

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रसूलाबाद चांदपुर के पास सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जियो पेट्रोल पंप के निकट हुए इस हादसे में शादी की खरीदारी कर घर लौट रहा परिवार दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में दो बच्चों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के बेनीगंज गिरधरपुर निवासी सच्चिदानंद अपने परिवार के साथ भतीजे की शादी के लिए कपड़े खरीदने लखनऊ के गुडंबा क्षेत्र गए थे। खरीदारी के बाद सभी लोग किराए की वेगनर कार से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रहीमाबाद क्षेत्र में अचानक सड़क पार कर रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार करीब 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। नियंत्रण बिगड़ते ही कार लगभग 50 मीटर तक सड़क पर घिसटती हुई सड़क किनारे छह फीट गहरी खंती में जा गिरी और पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दो लोग अंदर फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद कार की खिड़की काटकर फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर रहीमाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को एंबुलेंस से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में सच्चिदानंद, उनकी पत्नी अनुराधा, चार वर्षीय बेटा धर्म, डेढ़ वर्षीय बेटी अक्षरा, बेनीगंज की नई बस्ती निवासी विपिन गुप्ता तथा एक अन्य साथी शामिल हैं।

## प्रेक्षागृहों की बदहाली पर कलाकारों का गुस्सा फूटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में लगातार बंद होती रंगमंचीय गतिविधियों और प्रेक्षागृहों की बदहाली को लेकर सोमवार को कलाकार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पहुंचकर निरीक्षण किया और कलाकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

कलाकारों का कहना है कि राजधानी में रंगकर्म के लिए उपलब्ध मंच और प्रेक्षागृह लगातार कम होते जा रहे हैं, जिससे थिएटर और सांस्कृतिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान के शहर के नामी वरिष्ठ रंगकर्मी शामिल रहे। कलाकार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने वहां चल रहे निर्माण कार्य और व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान कलाकारों ने कहा कि संगीत नाटक अकादमी में लंबे समय से निर्माण कार्य चलने के कारण रंगकर्म की गतिविधियां लगभग समाप्त हो गई हैं। एसोसिएशन के सचिव विनोद मिश्रा ने बताया कि राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का किराया बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दिया गया है। वहीं भारतेंदु नाट्य अकादमी भी फिलहाल मंचन के लिए प्रेक्षागृह उपलब्ध नहीं करा रही है। कलाकारों ने मांग की कि जल्द से जल्द प्रेक्षागृहों की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और रंगकर्मियों को रियायती दरों पर मंच उपलब्ध कराए जाएं। इस मौके पर पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी ने कहा कि कला और संस्कृति को बचाने के लिए रंगमंचीय गतिविधियों को निरंतर जारी रखना बेहद जरूरी है। इस मौके पर कलाकार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम बहुगुणा, अशोक सिन्हा और रंगकर्मी मुकेश वर्मा मौजूद रहे।

### सुविधाओं की निगरानी करेगी एसोसिएशन

कलाकार एसोसिएशन ने यह भी घोषणा की कि अब एक निगरानी कमेटी का गठन किया जाएगा, जो राजधानी में रंगमंचीय गतिविधियों, प्रेक्षागृहों की व्यवस्थाओं और कलाकारों को मिलने वाली सुविधाओं पर लगातार निगरानी रखेगी। यह कमेटी समय-समय पर अपनी रिपोर्ट संस्कृति विभाग और संबंधित अधिकारियों को भी सौंपेगी, ताकि समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जा सके। वरिष्ठ रंगकर्मी मुकेश वर्मा ने कहा कि लखनऊ की रंगमंचीय पहचान पूरे देश में रही है, लेकिन आज कलाकार मंच और सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। कलाकार एसोसिएशन लगातार इस मुद्दे को उठाता रहेगा।

### सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा के घर में चोरी, वाहन में लाद ले गया सामान

लखनऊ। सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा रायल होटल स्थित सरकारी आवास में चोरी की घटना प्रकाश में आयी है। हुसैनगंज थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया का काम देखने वाला अरिहंत जैन ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार लखनऊ मध्य से समाजवादी पार्टी से विधायक रविदास मेहरोत्रा का आवास रॉयल होटल-4 के फ्लैट नंबर-31 और 32 में है। विधायक के अनुसार, अरिहंत जैन उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्टम फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और वॉट्सऐप का काम देखता था। वही सामान उठा ले गया। पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि विधायक ने सोशल मीडिया के संचालन के लिए 2 कंप्यूटर और 1 आईफोन-17 दिया था। विधायक ने आरोप लगाया है कि 21-22 मई की रात अरिहंत जैन बिना बताए कमरे की चाबी लेकर चला गया। फोन पर संपर्क करने पर उसने फोन नहीं उठाया। बार-बार मिलने पर संपर्क नहीं हुआ और कभी ऑन-कभी ऑफ बताता रहा। विधायक ने शक होने पर फ्लैट नंबर-32 को दूसरी चाबी से खुलवाया, जहां से 2 कंप्यूटर और आईफोन-17 नहीं थे। आवास में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें अरिहंत जैन दो अन्य लोगों के साथ कमरे का सामान चार पहिया पर लादते हुए दिखाई दे रहा है।

### श्यामलाल अध्यक्ष व तुलेन्द्र पाल महामंत्री बने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश धानुक विकास समिति उत्तर प्रदेश का चुनाव रविवार को लालबाग भोपाल हाउस स्थित सुदर्शन वाटिका में संपंन्न हुआ, जिसमें श्यामलाल धानुक को अध्यक्ष, धीरज चौधरी कार्यवाहक अध्यक्ष, तुलेन्द्र पाल वरिष्ठ महामंत्री, राजशाही महामंत्री, सुदेश चौधरी कोषाध्यक्ष चयनित हुए। चयनित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से मनीष कुमार को सलाहकार नियुक्त किया।

# जेठ का चौथा बड़ा मंगल आज, फूलों से सजेंगे हनुमान मंदिर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जेठ के चौथा बड़े मंगल पर राजधानी के हनुमान मन्दिर सज धजकर तैयार हो चुके है। अलीगंज के नये व पुराने हनुमान मन्दिर में चौथे बड़े मंगल की तैयारी पूरी हो गयी है। मंगलवार भोर से ही बजरंगबली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला आना शुरू हो जायेगा।

भक्त भोर की आरती में हिस्सा लेने के लिए और अंजनी के लाल के दर्शन करने के लिए जुटना शुरू हो जायेंगे। हनुमान सेतु मन्दिर में जेठ के चौथे व आखिरी बड़े मंगल पर कई कुंटल फूलों से सजावट होगी। जेठ का चौथा बड़ा मंगल फूलों की खुशबू से महकेगा। शहर भर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है। हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, अलीगंज नये व पुराने हनुमान मन्दिर, हनुमान सेतु मन्दिर, मेडिकल कालेज चौराहा स्थित छांछी कुंआ हनुमान मन्दिर, पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर समेत अन्य मन्दिर फूलों और बिजली की रंगबिरंगी झालरों से सजकर तैयार हो चके है। अलीगंज के नये व पुराने हनुमान मन्दिर में हनुमान जी महाराज का फूलों से और सिंदूर से श्रृंगार होगा। यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के आने का क्रम सोमवार की देर रात से ही शुरू हो जायेगा। भक्तों को दर्शन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए मन्दिर ट्रस्ट ने तैयारी पूरी कर ली है। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में सुबह पहले आरती होगी उसके बाद 11 किलो लड्डू का भोग लगेगा। मन्दिर की ओर से बाहर भण्डारे के आयोजन होंगे। शाम को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन होगा। अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में सिन्दूर और चमेली के तेल से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया जायेगा। चौक चौराहा स्थित प्राचीन श्री कोतवालेश्वर मन्दिर के पुजारी ने बताया कि जेठ के आखिरी मंगल पर मन्दिर का फूलों से श्रृंगार होगा और भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। राजेन्द्रनगर के महाकाल मन्दिर में सुन्दरकाण्ड और भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर में सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर गेंदे और गुलाब से सजाया जायेगा। सुन्दरकाण्ड के बाद प्रसाद वितरण होगा। भूतनाथ मन्दिर के सामने भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा रकाबगंज चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर, आईटीआई चौराहा अलीगंज हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, नाका चौराहा के हनुमान गढ़ी मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर, आलमबाग के शिवमूर्ति हनुमान मन्दिर, चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर के भूतनाथ मन्दिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर, डालीगंज के बिहारी जी मन्दिर, सहित अन्य मन्दिरों में भक्तों का तांता लगेगा।

**बड़ा मंगल पूजा विधिः** बड़े मंगल के दिन स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। मंदिर की सफाई करने के बाद गंगाजल से छिड़काव कर शुद्ध करें। इसके बाद चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर हनुमान जी की मूर्ति विराजमान करें। हनुमान जी को लाल चोला, फूल और सुंदर अर्पित करें। दीपक जलाकर सच्चे मन से आरती करें। फल, बूंदी के लड्डू और मिठाई का भोग लगाएं। आखिरी में लोगों में प्रसाद बाटें।

**छांछी कुआं हनुमान मन्दिरः** मेडिकल कालेज चौराहा स्थित छांछी कुआं हनुमान मन्दिर में जेठ के चौथे बड़े मंगल की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मन्दिर के सचिव ने बताया कि मंगल को प्रातः पांच बजे मन्दिर खुलेगा आरती के बाद दर्शन का क्रम शुरू हो जायेगा। दर्शन करने वाले भक्तों को प्रसाद में लड्डू और गुड़धनिया का प्रसाद मिलेगा तथा भण्डारे में पूड़ी सब्जी का प्रसाद बांटा जायेगा। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में शाम को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन होगा। अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में सिन्दूर और चमेली के तेल से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया जायेगा। चौक चौराहा स्थित प्राचीन श्री कोतवालेश्वर मन्दिर के पुजारी विशाल गौड़ ने बताया कि मन्दिर का फूलों से श्रृंगार होगा।

**तालकटोरा बालाजी मन्दिरः** तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर में सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर गेंदे और गुलाब से सजाया जायेगा। सुन्दरकाण्ड के बाद प्रसाद वितरण होगा। राम कृष्ण प्रेम सेवा संस्थान ने बताया कि जेठ माह के चौथे मंगल पर सुन्दरकाण्ड व भण्डारे का आयोजन सेक्टर नौ इन्दिरानगर स्थित होंडा शोरुम के पा किया जायेगा। इसके अलावा हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, रकाबगंज चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, नाका चौराहा के हनुमान गढ़ी मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर, आलमबाग के शिवमूर्ति हनुमान मन्दिर, चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर के भूतनाथ मन्दिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर, डालीगंज के बिहारी जी मन्दिर, सहित अन्य मन्दिरों में भक्तों का तांता लगेगा।

**अमीनाबाद हनुमान मंदिरः** अमीनाबाद हनुमान मंदिर में बड़े मंगल 4 बजे मंदिर के कपाट खुल जाएंगे। सुबह 5:30 बजे मंगला आरती होगी। 11:30 बजे सब्जी-पूड़ी, हलवा, चना, बूंदी और भोग लगाकर भोग आरती उतारी जाएगी। मंदिर के प्रधान पुजारी श्याम पाठक ने बताया कि बजरंगबली का सिन्दूर, चांदी का वर्क से श्रृंगार किया जाएगा। शाम को सुंदरकाण्ड होगा।

**त्रिलोचन हनुमान मंदिरः** चारबाग स्थित प्राचीन त्रिलोचन हनुमान मंदिर में जेठ के बड़े मंगल को लेकर तैयारियां तेज हैं। सुबह पांच बजे आरती के बाद 51 किलो लड्डू और एक कुंतल लड्डू का भोग लगाया जाएगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा।

## शहर भर में जगह-जगह लगेगा भंडारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर भी शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इंदिरानगर के सी ब्लॉक हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा लगाया जायेगा, इसके अलावा मानस विहार, मुंशी पुलिया, जानकीपुरम, भूतनाथ, गोमती नगर, बाल विहार, शिव विहार, हजरतगंज, अमीनाबाद, आशियाना, सहित शहर के तमाम जगहों पर बजरंगबली का भंडारा लगाया जायेगा। लखनऊ के निरालानगर में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

**11 बार बदला जाएगा बजरंगबली का चोलाः** जेठ माह के चौथे बड़े मंगल पर अलीगंज हनुमान मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंगलवार रात 12 बजे बंद हो जायेंगे। मंदिर की ओर से 2.5 कुंतल लड्डू और एक हजार कालाजाम बांटा जाएगा। बजरंगबली को लड्डू और कालाजाम के साथ हलवा, सब्जी-पूड़ी और रायते का भोग लगेगा। इसके अलावा दिन भर में उनका चोला 11 बार बदला जाएगा। साथ ही, भंडारे में सब्जी-पूड़ी, रायता और बूंदी वितरित की जायेगी। वहीं, अलीगंज पुराना हनुमान मंदिर में विशेष पूजन के साथ भंडारे का आयोजन होगा, जबकि अमीनाबाद हनुमान मंदिर में 51 किलो लड्डू का भोग लगेगा और पातालपुरी हनुमान मंदिर में 56 व्यंजनों का भोग बजरंगबली को लगाया जायेगा। इसके अलावा महाआरती के साथ फूलों से भव्य श्रृंगार भी होगा।

## कला, संवेदना और समर्पण के प्रतीक थे राजीव मिश्र



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की कला संवर्धन की नीति के अनुपालन में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की प्रेरणा व मार्गदर्शन में राज्य ललित कला अकादमी द्वारा वाश पेंटिंग के प्रख्यात कलाकार राजीव मिश्रा की कला कृतियों की प्रदर्शनी एवं उनके व्यक्तिक व्यक्तित्व कृतित्व पर आधारित परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों उमेश सक्सेना, कौशल किशोर, सीताराम कश्यप एवं भूपेंद्र कुमार अस्थाना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। इसके उपरांत आयोजित परिचर्चा एवं संवाद सत्र में वक्ताओं ने वरिष्ठ वाश चित्रकार राजीव मिश्र के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि उमेश सक्सेना और सीताराम कश्यप ने राजीव मिश्र के कला-जगत में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उनसे जुड़े अनेक संस्मरण साझा किए। उन्होंने उनकी कला-साधना, समर्पण और सृजनात्मक दृष्टि को स्मरण करते हुए उन्हें प्रदेश की कला परंपरा का महत्वपूर्ण हस्ताक्षर बताया। कलाकार व कला समीक्षक भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने प्रदेश के कलाकारों और उनकी कलाधरोहर के व्यवस्थित दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कला-सृजन के साथ-साथ उसके संरक्षण और अभिलेखीकरण का कार्य भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने राजीव मिश्र की कलाकृतियों, उनके द्वारा प्रयुक्त विभिन्न माध्यमों तथा विविध विषय-वस्तुओं का समीक्षात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया और उनकी कला-दृष्टि की विशिष्टताओं को विस्तार से रेखांकित किया। साहित्यकार कौशल किशोर ने राजीव मिश्र के कलात्मक अवदान के साथ-साथ उनके सामाजिक सरोकारों और मानवीय दृष्टिकोण को अनेक प्रसंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एक सच्चा कलाकार केवल सृजनकर्ता ही नहीं होता, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी व्यक्तित्व भी होता है। राजीव मिश्र का जीवन इस विचार का उत्कृष्ट उदाहरण था। कार्यक्रम के दौरान राजीव मिश्र के कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसने उनके कलात्मक जीवन, संघर्ष, संवेदनाओं और उपलब्धियों को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। अंत में उनकी सुपुत्री स्तुति मिश्र ने सभी अतिथियों, कलाकारों, कलाप्रेमियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य की प्रस्तावित कला-संबंधी योजनाओं की जानकारी साझा की।

# ईद-उल-अजहा : पुराने लखनऊ में रौनक, खरीदारी को निकलीं महिलाएं





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बकरीद के मौके को लेकर पुराने लखनऊ के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। चौक और नक्खास जैसे व्यस्त इलाकों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। खासतौर पर कपड़े, सिंवई, क्रॉकरी, चूड़ियां और आर्टीफिशियल ज्वेलरी की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें नजर आईं। सुहाने मौसम के चलते दोपहर में भी बाजारों में चहल-पहल बनी रही।

बाजारों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं और बच्चों से संबंधित सामान की खरीदारी पर अधिक जोर दिखा। बकरीद में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन खरीदारी का सिलसिला जोरों पर है।

**शरारा की बढ़ी मांगः** अकबरी गेट स्थित एक दुकान के संचालक विशाल रस्तोगी ने बताया कि उनके पास 300 रुपये से 2500 रुपये तक की रेंज में सूट, शरारा और इंडो-वेस्टर्न कपड़े उपलब्ध हैं। इस बार खासतौर पर पाकिस्तानी सूट और कॉटन फैब्रिक वाले शरारे की मांग अधिक है। महिलाएं गर्मी को देखते हुए हल्के कपड़े और स्टाइलिश डिजाइनों को प्राथमिकता दे रही हैं।

**दस्तरखवान की तैयारी में क्रॉकरी और गहनों की खरीदः** बकरीद पर मेहमानों के स्वागत के लिए महिलाएं खूबसूरत कांच की क्रॉकरी भी खरीद रही हैं। दुकानदार मो. उमर ने बताया कि सिंवई परोसने के लिए कांच के बाउल की काफी मांग है, जिनकी कीमत 200 रुपये से 1000 रुपये तक है। वहीं मीना बाजार में चूड़ियों और झुमकों की दुकानों पर भीड़ लगी रही। महिलाएं अपने कपड़ों से मेल खाते चूड़ी सेट और मीना कारीगरी वाले गहनों को पसंद कर रही हैं।

**सिंवई से गुलजार बाजारः** बकरीद की दावत के बाद मेहमानों का मुंह मीठा कराने के रिवाज के तहत पारंपरिक सिंवइयों की भी अच्छी बिक्री रही। दुकानदार मो. आरिफ ने बताया कि कभी यहां बकरों की मंडी लगती थी, जो कि अब कंपनीबाग में शिफ्ट हो गई है। पर अब यह मार्केट सिंवई की दुकानों से गुलजार है। उनके पास मोटी, मीडियम, जीरो और बनारसी सिंवई है। इसका दाम 60 रुपये प्रति किलो है। हालांकि, पुराने लोग मोटी सिंवई ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन उसे ऑर्डर पर तैयार करते हैं। इसे मोटे कपड़े में भिगोकर उबालते हैं, फिर दूध में पकाते हैं।

**बनारसी, इलाहाबादी सेंवइयां बनी पहली पसंदः** बकरीद पर घरों में प्रमुख पकवान के रूप में सेंवइयां बनती हैं। दही-बड़े, छोले, पापड़ समेत कई अन्य पकवान भी बनाए जाते हैं। सेंवइयों की दुकानें आकर्षण का केंद्र हैं।


दुकानदार जमाल और शादाब ने बताया कि बनारसी, इलाहाबादी, लखनवी, कनपुरिया नाम से सेंवइयां हैं। खुली सेंवइयों में मोटी वाली 60 रुपये तो महीन वाली 70 रुपये प्रति किग्रा. है।

एक किग्रा. की पैकिंग वाली सेंवई की कीमत 120 रुपये है। सब्जी मंडी तिराहा, कहारों का अड्डा रोड, खालीसहाट, तेलियाकोट में दुकानें सजी हैं। सेंवई को लजीज बनाने के लिए खोवा, मेवे भी मिलाए जाते हैं। दुकानदार कमलेश ने बताया कि बादाम, काजू, नारियल, किशमिश, मखाने, खोवा की बिक्री बढ़ी है।

**त्योहार के लिए कपड़ा दुकानों पर ग्राहकों का तांताः** त्योहार के कारण कपड़ों के बाजार में भी रौनक है। बकरीद पर नये कपड़े पहनने की परंपरा के कारण रेडिमेड कपड़ा दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लग रही है। पाजामा कुर्ता, सलवार सूट और कुर्ती की मांग सबसे अधिक है. दुकानों से बच्चे, युवा और बड़े, सभी अपनी पसंद के कपड़े खरीद रहे हैं। पारंपरिक परिधानों से लेकर आधुनिक फैशन तक हर तरह के कपड़े बाजार में उपलब्ध हैं। कपड़ा दुकानों में सबसे अधिक भीड़ रही है। गर्मी के बावजूद दुकानों में खरीदारों का तांता लग रहा है। रेडिमेड कपड़ा विक्रेता मो इश्तेयाक ने कहा कि पिछले दो दिनों से बकरीद की खरीदारी के लिए दुकानों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है. पायजामा कुर्ता और सलवार सूट की मांग सबसे अधिक है।

## बकरीद को लेकर लखनऊ में बिकने पहुंचे लाखों के बकरे



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में ईद-उल-अजहा के मौके पर लगने वाली बकरा मंडी में इस बार कुछ बेहद खास और अनोखे बकरे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मंडी में देशी और विदेशी नस्लों के हजारों बकरे बिक्री के लिए लाए गए हैं, जिनकी कीमत 5 हजार से लेकर 5 लाख रुपये तक बताई जा रही है। इस मंडी में बकरों की खूबसूरती, वजन और नस्ल के साथ-साथ उनके नाम भी चर्चा का विषय बने हुए हैं।

खास बात यह है कि कुछ बकरों की पीठ पर प्राकृतिक रूप से अल्लाह और मुहम्मद लिखा होने का दावा किया जा रहा है, जो इन्हें बेहद खास बना रहा है और इन्हीं वजहों से इनकी कीमतें आसमान छू रही हैं। बकरा मालिक ने बताया कि ऐनू और सोनू नाम के दो बकरे सुबह शाम 6 किलो दूध पीते हैं, बादाम और चना खाते हैं।

**जैक भी बना आकर्षण का केंद्र :** एक अन्य बकरा जैक, जिसकी कीमत 1.5 लाख रुपये रखी गई है, ये भी लोगों को खूब लुभा रहा है। इसके मालिक का कहना है कि जैक न केवल बेहद सुंदर है, बल्कि इसका रहन-सहन भी अलग है। जैक जमीन पर नहीं बैठता, उसे दरी पर बैठाया जाता है और वह केवल बटर, गर्म रोटियां, पराठे, काजू-बादाम जैसे व्यंजन खाता है. वह इंसानों के साथ रहता है और उन्हीं की तरह खाना भी पसंद करता है।

**दूसरा बकरा 1 लाख में बिक्री को तैयार :** मंडी में एक और बकरा चर्चा में है, जिसके मालिक अकबर अली का दावा है कि उनके बकरे के शरीर पर एक ओर अल्लाह और दूसरी ओर माशाअल्लाह लिखा हुआ है। अकबर ने बताया कि कुबार्नी के लिए बकरे में सिर्फ धार्मिक रूप से तय मानदंडों का पालन करना जरूरी है, लेकिन अगर किसी को इसमें अल्लाह या माशाअल्लाह लिखा नजर आता है तो वह इसे 1 लाख रुपये में भी खरीद सकता है।

**तुर्की नस्ल का लालू बना लोगों की पसंद :** ओम प्रकाश पाल कहते हैं कि मंडी में मौजूद एक और बकरा लालू, जो कि तुर्की नस्ल का है। इसकी कीमत करीब 2 लाख रुपये है, इसके मालिक का कहना है कि उसका वजन लगभग एक क्विंटल 45 किलो है और उन्हें उम्मीद है कि यह जल्द ही बिक जाएगा, उन्होंने बताया कि वे बाराबंकी के रहने वाले हैं और हर साल मंडी में अपने बकरे लाते हैं।

**बकरों की नस्लों में है विविधता :** इस बार की बकरा मंडी में अजमेरी, जमुनापारी, तोता-परी और देसी सहित कई नस्लों के बकरे लाए गए हैं, हालांकि कीमतों में बड़ा फर्क नस्ल की बजाय उनके वजन, रंग और विशेषताओं के आधार पर देखा जा रहा है। ग्राहक खुर्रम ने कहा कि इस वक्त बकरे की कीमत बहुत ज्यादा है. जो बकरा आमतौर से 25 हजार में मिल जाते थे, इस वक्त उनकी कीमत 60 हजार बताई जा रही है, उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे कुबार्नी करीब आएगी वैसे रेट में गिरावट भी देखने को मिलेगा. उम्मीद है कि जल्द ही बाजार स्थिर होगा अभी बहुत उतार चढ़ाव है।

**5 लाख का बकरा बना चर्चा का विषय :** बकरे के मालिक शाहनवाज ने बताया कि इस बकरे की खासियत यह है कि इसके शरीर पर प्राकृतिक रूप से अल्लाह लिखा हुआ नजर आता है। उन्होंने कहा, कि हमने इस बकरे को हमेशा आम बकरों से अलग रखा है, इसका खास ख्याल रखा गया है, इसे विशेष खाना दिया जाता है और इसका बेहद आदर किया गया है। शाहनवाज को उम्मीद है कि यह बकरा 5 लाख रुपये तक बिक सकता है।

# एक परिवार में टूटते हुए संबंधों की कहानी है 'कांच के खिलौने'

- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आगाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** परिवार के टूटते हुए सबंधों, युवा महत्वकांक्षाओं को रेखाकिंत करता काँच के खिलौने का मंचन आकांक्षा थियेटर आर्ट्स, लखनऊ द्वारा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया।

तीन दिवसीय नाट्य समारोह की प्रथम संध्या में सुप्रसिद्ध नाटककार टेनेसी विलियम्स की मूल नाट्य रचना तथा सौरभ श्रीवास्तव द्वारा रूपान्तरित काँच के खिलौने के कथानक 20 वीं 21 वीं सदी के संक्रमण काल में एक परिवार में टूटते हुए सम्बन्धों, युवा महत्वाकांक्षाओं और पीढ़ियों के टकराव तथा इन सब के दरम्यान भी माँ-बेटे, माँ-बेटी और भाई-बहन के बीच के भावनात्मक सम्बन्ध और मनोवैज्ञानिक जुड़ाव को रेखांकित करती है। कथानक के अनुसार एक छोटे से शहर के मध्यमवर्गीय परिवार की है। परिवार में तीन सदस्य है- आनंदा सिन्हा (माँ), उनका बेटा रोहन सिन्हा, और बेटी मीनाक्षी सिन्हा। पिता सालों पहले परिवार को छोड़कर जा चुके है जिनकी एक घुघली तस्वीर दीवार पर टंगी है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और पूरा परिवार रोहन की मामूली नौकरी पर निर्भर है। माँ के दबाव डालने पर रोहन अपने दफ्तर के एक साथी शुभम् को रात के खाने पर घर बुलाता है। माँ को उम्मीद है कि शुभम् और मीनाक्षी के बीच बात बन जाएगी और उनकी बेटी का घर बस जाएगा। इस मुलाकात के लिए माँ घर को सजाती हैं और मीनाक्षी को भी तैयार किया जाता है, हालांकि मीनाक्षी बहुत घबराई हुई होती है। शुभम्-एक सकारात्मक और व्यवहारिक व्यक्ति है। वह मीनाक्षी से बात करता है, उसका आत्मविश्वास बढ़ाता है और उसके साथ डांस भी करता है। डांस के दौरान गलती से मीनाक्षी का सबसे पसंदीदा काँच का खिलौना गिरकर टूट जाता है। खिलौना टूटना इस बात का प्रतीक है कि मीनाक्षी की काल्पनिक दुनिया टूट रही है और वह वास्तविकता के करीब आ रही है। जब माहौल खुशनुमा होता है, तभी शुभम् खुलासा करता है कि उसकी सगाई हो चुकी है और यह जल्द ही शादी करने वाला है। यह सुनकर माँ के सपने चकनाचूर हो जाते है। शुभम् चला जाता है और माँ इसका दोष रोहन पर मढ़ देती हैं। अंत में रोहन अपनी माँ और बहन को छोड़कर हमेशा के लिए घर से चला जाता है, लेकिन वह चाहकर भी अपनी बहन मीनाक्षी की यादों और उसके काँच के खिलौनों के साये से मुक्त नहीं हो पाता। यहीं पर नाटक का समापन होता है। यह नाटक संदेश देता है। कि मध्यमवर्गीय परिवार की मजबूरियां और जिम्मेदारियाँ अक्सर इंसान के निजी सपनों की बली ले लेती है काँच के खिलौने उन नाजुक रिश्तों और उम्मीदों का प्रतीक है, जो हकीकत की एक छोटी सी चोट से भी टूट जाते हैं 60 दिवसीय कार्यशाला का संचालन नगर के सुप्रसिद्ध रंग निर्देशक तुषार बाजपेई शुभम ने किया।

## शहर की साहित्यिक प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ। हिंदी संस्थान में लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार श्रीकांत वर्मा की पुण्यतिथि पर आयोजित इस समारोह में साहित्यकारों और प्रबुद्ध नागरिकों का जमावड़ा हुआ। समारोह में कई साहित्यिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।**

**साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित होने वालों में पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, डॉ. रामकठिन सिंह, डॉ. डी. एस. शुक्ला, डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित, डॉ. अमिता दुबे, श्री नवीन शुक्ल, डॉ. शोभा दीक्षित 'भावना', सूर्य कुमार पांडेय, लोकेश त्रिपाठी, श्रीमती मनोरमा लाल, डॉ. मिथिलेश दीक्षित, डॉ. रश्मि शील, साहित्य भूषण कमलेश मौर्य (मृदुल), सुरेन्द्र अग्निहोत्री, संजीव जायसवाल संजय, अशोक जैन, नीरज अरोड़ा कविता तिवारी (कवयित्री) पिता, डॉ. ज्योत्सना सिंह, वेदव्रत बाजपेयी, श्री मनुव्रत बाजपेयी, विजय त्रिपाठी, डॉ. मंजू शुक्ला रहीं। मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि श्रीकांत वर्मा हिंदी की 'नई कविता' धारा के प्रमुख कवि, कथाकार और पत्रकार थे। उन्होंने अपनी रचनाओं में ऐतिहासिक मिथकों और आधुनिक यथार्थ का अद्भुत उपयोग कर सत्ता, मानवीय महत्वाकांक्षा और समकालीन राजनीति के अंतर्द्वंद्वों को बेहद प्रभावी ढंग से उजागर किया। विशिष्ट अतिथि राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि उनकी कविताएं तत्कालीन राजनीति और सत्ता की क्रूर महत्वाकांक्षा पर गहरी चोट करती थीं। वे सिर्फ कल्पना में विचरण करने वाले कवि नहीं थे, बल्कि उन्होंने समाज के अभाव, भुखमरी और मानवीय संघर्ष को अपनी कविताओं में सटीक वाणी दी। उनकी भाषा सहज, पैनी और अर्थपूर्ण थी। कम शब्दों में गहरा अर्थ (गागर में सागर) भरना उनकी प्रमुख शैली थी। विशिष्ट अतिथि संघ के धर्म जागरण प्रमुख अभय ने कहा कि श्रीकांत वर्मा परिवार में सबसे बड़े होने के कारण शिक्षा-दीक्षा के बीच घरेलू जिम्मेदारियों से इस कदर लदे-फदे, कि संघर्ष ने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। साहित्य से सियासत तक शीर्ष पर रहने के बावजूद अपनी बीमारी के आखिरी दिनों में अमेरिका में भी उन्होंने अपनी डायरी में लिखा- 'नहीं जानता यह डायरी जारी रहेगी या यह इसका अंतिम पन्ना होगा मगर इतना अवश्य कहूंगा, मैं जीना चाहता हूं।**

संक्षेप

## दुल्हे की मां ने कहा अभी चार आरोपी घूम रहे

जौनपुर। रवि यादव के मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर दूल्हे की मां चारतारा ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है और 25 दिन बाद पहला एनकाउंटर हुआ है। अभी दो नहीं, बल्कि चार-पांच आरोपी खुले घूम रहे हैं। एक आरोपी ने खुद सरेंडर कर दिया है, जबकि बाकी अब भी फरार हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जो वादा किया गया है, उस पर खरा उतरे। ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक आरोपी पर कार्रवाई कर बाकी को छोड़ दिया जाए। अगर अपराधी खुले घूमते रहेंगे तो अपराध बढ़ता रहेगा और जब तक सभी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक न्याय अधूरा रहेगा। कहा कि उन्होंने कल अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि सत्ता उनके हाथ में नहीं है, लेकिन जो भी संभव होगा, वह सहयोग करेंगे। उन्होंने डीजीपी से मिलने के लिए कहा और फोन पर बात भी कराई इसके बाद परिवार डीजीपी से मिला और सभी सबूत व दस्तावेज सौंपे। डीजीपी ने भरोसा दिलाया कि कड़ी कार्रवाई होगी और डरने की जरूरत नहीं है।

## 40 की जांच , तीन अवैध डंपर व ट्रक सीज

जौनपुर। पुलिस विभाग, परिवहन विभाग एवं प्रशासनिक टीम द्वारा 25 मई को बिना नम्बर प्लेट, प्रेशर हार्न और अवैध रूप से संचालित डम्पर-ट्रकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। उप जिलाधिकारी बदलापुर, उप जिलाधिकारी केराकत एवं उप जिलाधिकारी सदर, एआरटीओ (प्रवर्तन) एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर के संयुक्त नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल के साथ चलाए गए। अभियान के दौरान 40 डम्पर और ट्रकों की जांच की गयी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 03 वाहनों का चालान करते हुए थानों पर सीज किया गया। जिस पर रू0 164900 का शमन शुल्क लगाया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) ने नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

## टीन शेड में लगी आग ,तीन किसानों का गेहूं राख

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में सोमवार दोपहर को बलराम शंकर त्रिपाठी के घर पीछे शेड मड़हे में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आने से मड़हे के अन्दर रखा 7 कुन्तल गेहूं भूसा ऊपरी जलकर राख हो गया। आग देखते देखते ही बगल में बने घर गुलाब तिवारी के टीन में फैल गई टीन सेट के अन्दर रखा गृहस्थी का सामान और भूषा जलकर राख हो गया वहीं आग फैल कर बगल में बने मस्तराम तिवारी के टीन सेट के बने भूसौल कोअपने चपेट में ले लिया जिससे भूसौल में रखा 8 कुंतल गेहूं जलकर राख हो गया आग की लपटे उठता देख ग्रामीण डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर पानी बुझाने के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए समरर्सिबल पंप की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पा लिया।एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया लेखपाल प्रभात दुबे ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित किसानों को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। आग से तीनों किसानों का करीब बीस कुंतल गेहूं, दस 30 बीघे का भूसा, चारपाई और गृहस्थी के अन्य सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित किसानों ने बताया कि आग से करीब दो लाख रुपए की क्षति हुई।

## रेलवे पुल के नीचे अज्ञात शव मिलने से सनसनी

मड़िहान/मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के नदिहार गांव के पास सोमवार सुबह चोपन- चुनार रेल मार्ग के किनारे बने नवनिर्मित रेलवे पुल के नीचे एक लहूलुहान अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना, सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। अज्ञात शव की पहचान न होने से पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी हुई है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां ग्राहकों का कर रहीं उत्पीड़न



सोनभद्र। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की एक बैठक पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक डॉक्टर चारू द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में टोल प्लाजा पर चल रही अनियमितताओं के संदर्भ में सभी व्यापार संगठनों के लोगों ने विस्तृत जानकारी दी पूरी बैठक में टोल प्लाजा का मुद्दा छाया रहा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र की जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि जनपद में इन दिनों प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां रिकवरी एजेंटों के माध्यम से ग्राहकों को डरा धमकाकर करके सार्वजनिक रूप से अपमानित कर आर्थिक उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां को लोन वसूली के लिए सख्त कानूनी प्रक्रिया अपनानी होती है वह धमकाकर बाहुबल का प्रयोग नहीं कर सकते उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रिकवरी एजेंट सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे के बीच ही कॉल कर सकते हैं यदि वह आपके परिवार को डरा धमका कर अपमानित कर अनावश्यक उत्पीड़न कर रहे हैं तो इसकी शिकायत आप पुलिस में दर्ज करा सकते हैं। यदि आप किसी भी प्रकार से ईएमआई देने में असमर्थ है तो कंपनी आपको भुगतान के लिए औपचारिक नोटिस भेज सकती है। परंतु नियमों का पालन फाइनेंस कंपनियां नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सोनभद्र की सड़कों पर आए दिन दुर्घटना से मौतें हो रही है सरकार द्वारा राहबीर योजना चलाई गई है इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल पहुंचने में मदद करता है तो उसे व्यक्ति को 25 हजार रुपए की धनराशि सरकार द्वारा देने का प्रावधान है इससे निस्वार्थ मदद करने वाले व्यक्ति से भी जोड़ा जाता है उन्होंने मांग किया कि इस योजना का जनपद में प्रचार प्रसार किया जाए बैठकों एवं अन्य माध्यमों से इसकी जानकारी आम जनता को दी जाए। एवं दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को उत्साह वर्धन हेतु तत्काल यह धनराशि दी जाए। श्री शर्मा ने कहा कि कि सड़क दुर्घटना में पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना 2025 से शुरू की गई है इस योजना के तहत अधिकतम डेढ़ लाख का उपचार खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है गोल्डन आवर में तुरंत उपचार सुनिश्चित करना इसका मुख्य उद्देश्य है यह सुविधा सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध है परंतु जनपद में आम आदमी इस योजना से अनभिज्ञ है इस योजना का प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाए जिससे दुर्घटना में घायल व्यक्ति को हर संभव मदद मिल सके।

## जनसुनवाई , सम्भव दिवस का हुआ आयोजन



सोनभद्र। उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रुबी प्रसाद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया।

जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 1, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबर में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर नगर पालिका परिषद के। सदस्य एवं कर्मचारियों समेत अन्य लोग उपस्थित रहें।

## खेती बचाने की लड़ाई लड़ने को किसान मजबूर




आजमगढ़। किसानों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश किसान सभा, आजमगढ़ के बैनर तले सोमवार को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन किया गया। इसके बाद 7 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।

ज्ञापन में किसानों की फसल खरीद पर एमएसपी सी 250 प्रतिशत की गारंटी, किसानों का कर्ज माफ करने, नहरों में तत्काल पानी छोड़े जाने और गांव-शहर में बिजली कटौती बंद करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज बेग ने कहाकि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश सरकार का कार्य केवल पूंजीपतियों के हित में हो रहा है जबकि किसान हित में आज तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। इसी का नतीजा है कि किसान, मजदूर, बेरोजगार, छोटे व्यापारियों के विरोध में सरकार काम कर रही है। जिससे आज किसान खेती बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। बढ़ती लागत, बिजली कटौती और फसल का उचित मूल्य न मिलने से किसान परेशान है। सरकार को किसानों की मांगों पर तत्काल फैसला लेना चाहिए, नहीं तो किसान सड़क से लेकर सदन तक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिला अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ व मंत्री गुलाब मौर्य ने कहाकि किसानों, ग्रामीण मजदूरों और छोटे दस्तकारों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। सहमंत्री जीयालाल ने बताया कि किसानों का कर्ज माफ हो, नहरों में पानी छोड़ा जाए और हर जरूरतमंद को सम्मानजनक पेंशन मिले। किसान हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान सभा ने केंद्र सरकार से विश्व व्यापार संगठन संबंधी दबावों को अस्वीकार करने तथा सभी राज्यों के किसानों को समान बोनस देने की मांग भी की। साथ ही किसानों, ग्रामीण मजदूरों व छोटे दस्तकारों को 10 हजार रुपए पेंशन देने की बात कही गई। खेत मजदूर यूनियन प्रदेश अध्यक्ष खरपत्तू राजभर ने कहाकि यदि किसानों की मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जीयालाल, जानकी नाथ, सुबाष यादव, बसीर अहमद, खरपत्तू रामनेत आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म पीड़िता को न्याय के लिए प्रदर्शन



जौनपुर। महोबा की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। यह मामला महोबा जनपद की एक दलित बेटी से जुड़ा है, जिसे प्रयागराज से अगवा कर 16 दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म और प्रताड़ना का शिकार बनाया गया।

पीड़िता नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं और छात्राओं की आबरू सुरक्षित नहीं है, और सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने में विफल रही है। महोबा की इस होनहार दलित बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे प्रदेश की कानून व्यवस्था पंगु हो गई है। डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार से मांग की कि दलित बेटी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले सभी अपराधियों को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि प्रदेश सरकार दुर्भावना से काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने और पीड़िता को न्याय दिलाने की बजाय, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फर्जी मुकदमे में फंसाकर अपराधियों का हौसला बढ़ा रही है।

## ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर ,दो किशोर गंभीर

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव निवासी 13 वर्षीय निवासी अंकुर कुमार पुत्र संदीप व 16 वर्षीय अमित कुमार पुत्र दिनेश बाइक से केराकत स्थित गोमतेश्वर महादेव मंदिर पर हो रही शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे। जैसे ही गोमती नदी पुल के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार ऑटो विपरीत दिशा में जाकर बाइक सवार को आमने - सामने टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना स्थल पर आस - पास के लोगो को आता देख ऑटो चालक वाहन समेत फरार हो गया। मौजूद भीड़ ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति गंभीर देख बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी एव शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राज्यपाल द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने कहा कि महोबा जनपद में दलित छात्रा जो नीट की तैयारी कर रही थी कोचिंग से लौटते समय अपरहण कर के 16 दिनों तक प्रयागराज में बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने के विरोध में एवं पीड़िता को न्याय दिलाया जाए एवं प्रीत के परिवार को 50 लख रुपए का आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए। अनुसूचित जाति की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रशनचिन्ह खड़ा कर दिया है इस जगन घटना की जितना निंदा की जाए वह काम है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक ने कहा कि घटना में सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाए की मांग करते हैं। धरना प्रदर्शन में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य एवं मझवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शिव शंकर चौबे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान, पूर्व चेयरमैन दीप चन्द्र जैन गुलाब चन्द पांडे दुर्गा प्रसाद चौधरी रमेश चंद प्रजापति पप्पू सुधाकर जी राजधर दुबे जिला पंचायत सदस्य कृष्ण गोपाल चौधरी शेषधर दुबे जनार्दन पांडेय अंशु पांडे राम नाथ दुबे संजय अशोक गुप्ता मनोज पटेल दिनेश विश्वकर्मा संतोष बियार संजय कुमार उपस्थित रहे।

## डॉ. देवेश दूबे बने भारत विकास परिषद आजमगढ़ के अध्यक्ष



आजमगढ़। भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वाधान में दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह होटल ग्रैंड एस आर आजमगढ़ के सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ काशी प्रांत से प्रांतीय अध्यक्ष हरविंदर हरीश वालिया प्रांतीय गतिविधि संयोजक संस्कार कमलेश कुमार सिंह, प्रांतीय संरक्षक श्री अशोक अग्रवाल, जिला समन्वय बद्री प्रसाद गुप्त, सीताराम पांडे, डॉक्टर देवेश दुबे, विश्वनाथ अग्रवाल एवं सविता बरनवाल ने संयुक्त रूप से मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया, तत्पश्चात वंदे मातरम के गायन से कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ हुआ। शाखा गतिविधि संयोजक संस्कार रमाकांत वर्मा जी ने मंचासीन अतिथिगण एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। मंचासीन सभी अतिथियों का अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसी कड़ी में सभी दायित्व धारी एवं सदस्य गण को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 15 विद्यालयों को भी उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री हरविंदर हरीश वालिया जी ने सत्र 2026-27 के लिए डॉक्टर देवेश दुबे को अध्यक्ष, कौशल कुमार राय को सचिव एवं आनंद प्रकाश श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष की शपथ दिलाई तत्पश्चात नवीन नवनिर्वाचित शाखा गतिविधि संयोजक रमाकांत वर्मा, संपर्क आर पी राय सेवा पवन कुमार अग्रवाल महिला सहभागिता दीपशिखा पांडे एवं पर्यावरण के लिए गोविंद दूबे को नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ देवेश दुबे द्वारा शपथ दिलाई गई। बद्री प्रसाद गुप्त ने भारत विकास परिषद का विस्तार से परिचय दिया।

# दुर्वासा धाम में हरिहरात्मक यज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा



जिला संवाददाता

आजमगढ़। दुर्वासा धाम पर 25 से 31 मई तक आयोजित श्री हरिहरात्मक यज्ञ का सोमवार को भव्य कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ। यज्ञकर्ता श्री श्री 108 श्री शुभमदास जी महाराज के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं के मुखारविंद से ऋषि दुवार्सा, मौनी बाबा व देवी देवताओं के जयकारे और हर-हर महादेव के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, नगाड़ा के साथ साधु संत, हजारों कन्याएं, महिलाएं, श्रद्धालुजन मौनी बाबा आश्रम से चलकर दुर्वासा ग्राम की परिक्रमा करते हुए तमसा - मंजूषा संगम पर पहुंचे, जहां पूजन करने के उपरांत जल लेकर यज्ञ स्थल पर आये।

यज्ञाचार्य पं. हरिकेश चौबे एवं अन्य विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक रीति से कलश पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर मौनी बाबा आश्रम के महंत शुभम दास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ से जनमानस का कल्याण होता है। हरिहरात्मक यज्ञ की महत्ता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि विष्णु और शिव का अभेद रूप दशार्ता है हरिहरात्मक यज्ञ, यह इस सनातन सत्य का प्रतीक है कि विष्णु और शिव दोनों एक ही परम ब्रह्म के दो रूप हैं, इस यज्ञ से कई जन्मों के पापों का अंत होता है, जीवन की विपत्तियों का नाश होता है और आध्यात्मिक विकास होता है। हरिहरात्मक यज्ञ इतना शक्तिशाली है कि यह जीवन के सभी दुखों को मिटा देता है और जीवन में आश्चर्यजनक परिणाम देता है। कार्यक्रम के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सायं मानस चातकी बैदेही सुरभि व अन्य विद्वानों का प्रवचन होगा एवं दिन में हवन-पूजन होगा। कलश यात्रा में संत सेवा संगठन के अध्यक्ष पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन, दैवज्ञ दुवार्सा मंडल मुन्ना बाबा, अंकित महाराज, दुर्वेश्वरानंद महाराज, राम मिलन सिंह, संतोष सिंह, डॉ. अशोक सिंह, लक्ष्मण दुबे, बाल मुकुंद सिंह, राम आसरे सिंह, हरिद्वार सिंह, प्रफुल्ल सिंह, राधेश्याम दुबे, जितेन्द्र सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।

## रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे



जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के त्रिकौलिया गांव में सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को महारास और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।कथा के शुभारंभ से पूर्व मुख्य यजमान विजय बहादुर पुजारी ने विधि-विधान से अर्चन-पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कथा व्यास पंडित अखिलेश चन्द्र मिश्र ने महारास प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि महारास स्त्री-पुरुष का मिलन नहीं, बल्कि जीवात्मा का परमात्मा के चरणों में पूर्ण प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों का अनन्य प्रेम इतना महान था कि उसके आगे ज्ञान और वैराग्य के प्रतीक उद्धव भी नतमस्तक हो गए थे।रुक्मिणी विवाह प्रसंग की व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने कहा कि माता रुक्मिणी साक्षात महालक्ष्मी का स्वरूप हैं और उनके पति केवल भगवान नारायण हैं। इसलिए लक्ष्मी के प्रति सदैव मातृभाव रखना ही मानव जीवन के लिए कल्याणकारी और मंगलकारी है। इस दौरान शिवम उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत भक्ति एवं धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके मधुर गायन पर श्रोता देर तक भक्ति भाव में डूबे रहे। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## नौका बन्द होने से संचालकों में भुखमरी का संकट

जौनपुर। पर्यटकों के लिये शोभा बने गोमती नदी के नौका (स्टीमर) संचालन न होने से नौका स्वामियों के समक्ष भुखमरी की संकट आ गयी है। पिछले कई दिनों से रोजी रोटी छीनने से परेशान लोगों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर पत्रक सौंपा। गोमती नदी स्टीमर संचालन समिति गोपी घाट (शाही एवं सद्भावना पुल के बीच में) के बैनर तले पत्रक सौंपने वाले पीड़ितों का कहना है कि वह लोग गोमती नदी के किनारे रहने वाले मल्लाह बिरादरी के हैं जो अनादि काल से मछली का कारोबार करके परिवार का पेट पालते थे। इधर यह व्यवसाय चैपट चल रही थी कि गोमती नदी के दोनों किनारों पर शासन प्रशासन द्वारा बनवाये गये अच्छे घाट की वजह से लोगों का नदी के किनारे घूमने का प्रचलन शुरू हो गया। इसी को देखते हुये नाव को नौका संचालन का कारोबार किया जाने लगा जिससे परिवार का पेट पलने लगा। गत दिवस मध्य प्रदेश में हुये एक हादसे की वजह से यहां गोमती नदी में नौका संचालन बन्द कर दिया गया जिसके चलते लोगों के समक्ष रोटी के लाले पड़ गये हैं। पीड़ितों के अनुसार कोई सरकारी गाइड लाइन जारी करते हुये नौका संचालन को पुनरू शुरू करवाया जाय, ताकि हम लोगों का रोजी रोटी चल सके और हमारे परिवार का पेट पल सके। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद जौनपुर के अधिशासी अधिकारी को मामले की जांच करके आख्या देने का आदेश दिया है।

## अवधेश ने रक्तदान कर मरीज की बचायी जान

जौनपुर। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच जहां लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं, वहीं पत्रकार एवं समाजसेवी अवधेश तिवारी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए रक्तदान कर एक मरीज की जान बचाने का कार्य किया। बताया जा रहा है कि मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही अवधेश तिवारी बिना अपनी परवाह किए अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। उनके इस सराहनीय कदम से मरीज और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली। लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद जिस तरह अवधेश तिवारी ने आगे बढ़कर जरूरतमंद की मदद की, वह समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## अंबेडकर की प्रतिमा पर टोपी व गमछा पहनाने पर बवाल



जौनपुर। शहर के दीवानी तिराहे पर स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ एक बार फिर अराजक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह प्रतिमा पर खाकी टोपी पहनाए जाने तथा गले में भगवा गमछा डाले जाने की जानकारी मिलते ही लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे और विरोध जताने लगे घटना की सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा से टोपी और गमछा हटवाया तथा लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। काफी देर तक मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की सक्रियता से मामला बढ़ने नहीं पाया। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी इसी प्रतिमा पर अराजक तत्वों द्वारा कालिख पोत दी गई थी, जिसके बाद जनाक्रोश फैल गया था। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर प्रतिमा की सफाई की थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सीओ सिटी ने बताया कि तिराहे पर लगे सीसीटीवी में अराजकतत्व कैद हुआ है, उसकी पहचान करके जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस मुठभेड़ में किशोरी हत्या कांड का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। ज़िले के पड़री थाना क्षेत्र में रविवार को हत्या कर फेंकी गई लाश का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में घायल करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से एक कट्टा .315 बोर मय जिंदा व खोखा कारतूस तथा हत्या की घटना में प्रयुक्त गमछा भी बरामद कर लिया गया है। किशोरी की लाश मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक ने हत्यारोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिए थे जिनके निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर-नितेश सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर-मुनेन्द्र पाल सिंह नेतृत्व में थाना पड़री पुलिस टीम रविवार से हत्यारोपी के हरसंभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि देर रात थाना पड़री पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हत्यारोपी बिना नंबर की बाइक से ग्राम गौराराज की तरफ जा रहे है। उक्त सूचना पर थाना पड़री पुलिस टीम द्वारा बौड़री पहाड़ी के पास पीछा करते हुए घेराबन्दी किया तो पुलिस से स्वयं को घिरता देखकर गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे, परन्तु थाना पड़री पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी सीमित फायरिंग की गयी, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो। उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अजय बिंद पुत्र राम कुमार उम्र करीब-20 वर्ष निवासी सुखनई थाना मड़िहान बताया जिसकी जमा-तलाशी ली गयी तो उसको कब्जे सें मुठभेड़ की घटना में प्रयुक्त 1 कट्टा मय 1 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस .315 बोर तथा एक गमछा बरामद हुआ जिसे उसके द्वारा हत्या की घटना में प्रयुक्त किया जाना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि उसके दोस्त राजन उर्फ साजन का मृतका से पूर्व से सम्बन्ध था। राजन ने मुझसे कहां कि चलो मैं अपने प्रेमिका से तुम्हे मिलाता हूं। हम दोनों लोग उससे मिलने के लिए गये, जहां राजन उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा, मैं भी शारीरिक सम्बन्ध बनाना चाहां तो मृतका ने उसका विरोध किया और शोर मचाना चाही, तो मैं उसके सीने पर पत्थर से मारा तथा मैं और राजन उसका मुंह व गला गमछे से दबा कर हत्या कर दिये तथा शव को खेत में फेंक कर भाग गयें। जब सुबह उनके घर वाले मुकदमा लिखवा दिये तब आज मैं पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग रहा था, किन्तु अपने को पुलिस से घिरता देख मैने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया, मुझे भी गोली लगी है जिस कारण मैं भाग नही पाया और आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। किशोरी हत्या कांड का त्वरित खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने साजन बिन्द पुत्र पप्पू बिन्द व अजय बिंद पुत्र राम कुमार निवासीगण सुखनई थाना मड़िहान को गिरफ्तार किया है, इसमें अजय बिन्द को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से बालिका का गला घोट कर हत्या कारित करने वाला गमछा बरामद किया गया।

## गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान/मीरजापुर। थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम नदिहार स्थित किसान इण्टर कालेज मोड़ के पास से पुलिस ने मानस मणि जायसवाल पुत्र भोला प्रसाद जायसवाल निवासी कुन्दन का पुरवा थाना मऊगंज जनपद मऊगंज मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पिट्ठू बैंग में रखे 7.058 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद कर जेल भेजा गया।

## बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और ओआरएस उपलब्ध

जौनपुर। शासन के निदेर्शानुसार बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव की परिस्थितियों के दृष्टिगत यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, जौनपुर डिपो द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, ममता चैबे ने अवगत कराया कि डिपो से संचालित बसों में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स, ओआरएस घोल उपलब्ध कराए गए हैं। बसों पर कार्यरत परिचालकों को फर्स्ट एड बॉक्स भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे यात्रा के दौरान आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया जा सके। परिवहन निगम द्वारा गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे यात्रा के दौरान आमजन को राहत एवं आवश्यक सहायता मिल सके।

## संक्षेप

### अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने परिवार संग किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार को अपनी पत्नी के साथ ताजमहल का दीदार करने आगरा पहुंचे। मार्को रूबियो सुबह करीब 10 बजे विशेष विमान से खेरिया हवाई अड्डा पहुंचे। इसके बाद वह कार से ताजमहल के पूर्वी गेट स्थित होटल गए। वहां से गोल्फ कार्ट में सवार होकर रूबियो और उनकी पत्नी ताजमहल पहुंचे। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्होंने करीब एक घंटे तक ताजमहल में समय बिताया और फोटो निकलवाईं। सुरक्षा कारणों से ताजमहल परिसर को खाली करा लिया गया था। पहले से मौजूद पर्यटकों को सुरक्षाकर्मियों ने बाहर निकाल दिया ।ताजमहल देखने के बाद विदेश मंत्री रूबियो ने विजिटर बुक में लिखा कि दुनिया के प्रेम के खजानों में से एक को देखने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद।

### दो साधु वेशधारियों पर नाबालिग से दुराचार का आरोप

मथुरा। वृंदावन तीर्थनगरी के एक आश्रम से जुड़े दो साधु वेशधारियों रामअखंड दास और बालगोविन्द दास के विरुद्ध एक नाबालिग विद्यार्थी के साथ दुराचार और मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बनारस और वृंदावन के आश्रमों में इस घटना को अंजाम दिया गया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी के अनुसार पूर्व में पुलिस स्तर पर उचित कार्रवाई न होने के कारण पीड़ित परिवार ने न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।

न्यायालय के आदेश के बाद अब कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और अन्य सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### नहर में मिली युवक की लाश, घर से था लापता

आगरा। युवक का शव नहर में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक घर से लापता था। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस जांच में जुटी है। बरौली अहीर में नहर में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला।

युवक की पहचान दिगनेर निवासी विकास के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। जानकारी के अनुसार दिगनेर थाना एकता निवासी विकास पुत्र स्व करतार सिंह ( 20वर्षीय ) शुक्रवार रात 11 बजे से घर से गायब था। परिजन लापता युवक की तलाश में जुटे थे। रविवार सुबह दिगनेर नहर पावली मोड़ पुलिया के पास एक युवक के शव मिलने की सूचना पर पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। मृतक की मां मिथलेश देवी ने बेटे की हत्या कर शव को नहर में डाले जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची एकता पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना एकता प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के चाचा रनवीर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक के पिता की 10 वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक पांच भाई-बहन हैं। दो बहनों की शादी हो चुकी है।

# डीएम और एसएसपी ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**मथुरा।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा थाना कोसीकलां क्षेत्रान्तर्गत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर तथा वर्तमान में चल रहे पावन अधिकमास पर्व के दृष्टिगत ब्रज चैरासी कोस परिक्रमा में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था हेतु निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, साफ-सफाई, शेड, बैरियर, प्रकाश, भोजन, भंडारा, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय आदि मूल भूत सुविधाओं का जायजा लिया ।जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों एवं परिक्रमार्थियों की सुविधाओं हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ग्राम गढ़ी भरवारी में स्थित स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध दवाओं की जानकारी लेते हुए एक्सपायरी चेक की। उन्होंने चिकित्सकों द्वारा मरीजों की एंट्री हेतु रजिस्टर का अवलोकन किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कैंप में 24 घंटे स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कैंप में आए मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए। अधिक गर्मी के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की तबियत बिगड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार सुनिश्चित किया जाए।



जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने ब्रज चैरासी कोस परिक्रमा के निरीक्षण के दौरान ग्राम गढ़ी भरवारी में श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों एवं परिक्रमार्थियों को फल का वितरण किया। जिलाधिकारी ने परिक्रमार्थियों से वार्ता की तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध के जानकारी ली। उन्होंने परिक्रमार्थियों को आ रही समस्याओं की भी जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से गस्त करते रहे। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा सोशल मीडिया पर पैनी निगरानी सुनिश्चित करें।

निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, एस0पी0 ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा, तहसीलदार छाता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संस्कृति विवि के पुस्तकालय अध्यक्ष डा. वर्मा हुए सम्मानित



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष डा. बीके वर्मा को शिक्षा एवं अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वेलरेड फाउंडेशन कलकत्ता द्वारा रवीन्द्रनाथ टैगोर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डा. वर्मा की इस उपलब्धि पर संस्कृति विवि के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. वर्मा पिछले कई वर्षों से शिक्षा, शोध, पुस्तकालय प्रबंधन, डिजिटल लाइब्रेरी सेवाओं एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

उनके नेतृत्व में पुस्तकालय सेवाओं में आधुनिक तकनीकों का समावेश, शोध गतिविधियों को बढ़ावा, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने डॉ. वर्मा को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए इसे पूरे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। डॉ. बी. के. वर्मा ने इस सम्मान का श्रेय संस्कृति यूनिवर्सिटी के माननीय चांसलर महोदय, माननीय वाइस चांसलर महोदय, माननीय प्रो-वाइस चांसलर महोदय एवं माननीय सीईओ मैडम को देते हुए उनके निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सहयोग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के सकारात्मक सहयोग एवं प्रोत्साहन के कारण ही वे शिक्षा एवं पुस्तकालय सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर सके।

डॉ. वर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षा एवं पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत सभी शिक्षको आदि है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर अवैध और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ बड़ा अभियान



**मथुरा।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश और मंडलायुक्त, आगरा के निर्देशों पर मथुरा परिवहन विभाग ने सोमवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर अवैध वाहनों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान बिना परमिट, बिना फिटनेस और नियमों का उल्लंघन कर दौड़ रही स्लीपर बसों और ओवरलोड मालवाहकों पर सख्त कार्रवाई की गई। एआरटीओ ने सख्त चेतावनी है कि सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं। सभी वाहन स्वामी अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाएं और एआईएस-119 मानकों व फिटनेस के अनुरूप ही बसों का संचालन करें। नियमों की अनदेखी करने पर वाहनों के परमिट निरस्त कर दिए जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी।वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने मांट टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग की। इस टीम में राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त भीम, थाना मांट के उप निरीक्षक भुवनेश कुमार दीक्षित और मांट टोल प्लाजा के मैनेजर देवेंद्र सिंह मुख्य रूप से शामिल रहे।अभियान के दौरान एक्सप्रेस-वे पर नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रहीं 06 डबल डेकर बसों के चालान काटे गए।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु चोर गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार, 3 घायल

**मथुरा।** जैंत थाना और सर्विलांस टीम ने एक संयुक्त अभियान के तहत पशु चोरों के एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि हाईवे पर देवी आट्स रोड के पास पशु चोर एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर जैंत थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने टीम के साथ घेराबंदी की।

खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 3 बदमाश दीपक (दिल्ली), जस्सी (बरसाना) और रितिक (छाता) पैर में गोली लगने से घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन भेजा गया है। इसके साथ ही



सागर निवासी बस अड्डा, डीग, राजस्थान, अनिल निवासी बड़ैन गेट, बाल्मीकि बस्ती, कोसी, सुमित निवासी बालकशन गढ़ी, मांट को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन तमंचे (315 बोर), भारी मात्रा में कारतूस, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक स्कार्पियो कार, 1,04,000 नकद बरामद किए हैं।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अलग-अलग गाड़ियों के नंबर प्लेट बदलकर पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और चोरी किए गए पशुओं को दिल्ली में बेच देते थे। उन्होंने पिछले कुछ समय में शेरगढ़, मगोर्रा, राधाकुंड और कोटा गांव के पास से बड़ी संख्या में सुअर, भेड़ और बकरी चोरी करने की बात कबूली है।

आरोपियों पर पूर्व में भी जिले के विभिन्न थानों में पशु चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ऑपरेशन के बाद युवक की मौत, परिजनों ने हॉस्पिटल के बाहर शव रखकर किया हंगामा



**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्रांतर्गत राजा का ताल अली नगर कैंजरा स्थित एक निजी अस्पताल में हार्निया का ऑपरेशन कराने के पांच बाद युवक की मौत हो गई। मृतक युवक के परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा कर दिया। भीड़ को देखकर अस्पताल संचालक ताला लगाकर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराने का प्रयास किया। फिरोजाबाद के थाना लाइनपार अंतर्गत गांव नगला गुमान कुर्री कुपा निवासी 33 वर्षीय उमेश कुमार उर्फ कन्हैया ने अली नगर कैंजरा स्थित एम.एस हॉस्पिटल में 20 मई को अपना हर्निया का ऑपरेशन कराया था। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद से उमेश की तबियत बिगड़ने लगी। रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही हॉस्पिटल संचालक ताला लगाकर फरार हो गया। युवक की मौत से नाराज परिजनों ने हॉस्पिटल के बाहर शव रखकर हंगामा कर दिया। साथ ही अस्पताल संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे टूंडला थाना प्रभारी बैजनाथ सिंह ने गुस्साए परिजनों को शांत कराया। साथ ही परिजनों को अस्पताल संचालक के विरुद्ध जांच के उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## पड़ोसी किशोर ने अपने घर ले जाकर किया बालिका से दुष्कर्म

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में रहने वाले किशोर ने एक बालिका को अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना से पुलिस महकमे में हड़कम मच गया। सोमवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बालिका को मेडिकल के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बालिका के पिता ने किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है ।रविवार की रात करीब 8 बजे थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोर अपने पड़ोस में रहने वाली एक 6 वर्षीय मासूम बालिका को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। उस समय किशोर का परिवार अपने प्लॉट पर गया था। आरोपी किशोर ने बालिका को घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। बालिका बिना परिजनों को कुछ बताए आकर सो गई। सोमवार की सुबह जब बालिका के पिता ने मासूम के कपड़े पर रक्त देखकर हैरत में पड़ गया। उसने बालिका से पूछताछ की तो बालिका ने अपने पिता को पूरी आपबीती बताई। मासूम बालिका से दुष्कर्म की जानकारी होते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। बालिका के पिता ने तत्काल घटना से पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालिका से घटना की जानकारी कर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बालिका को मैडिकल के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वही आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि एक बालिका से एक किशोर ने दुष्कर्म किया है। सुबह ही घटना की जानकारी हुई तो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वही बालिका का मैडिकल कराया गया है।

## पक्षियों का शिकार करने वाले चार अभियुक्तों पुलिस ने भेजा जेल



**टूंडला।** थाना रजावली पुलिस व वन विभाग की टीम ने पक्षियों का शिकार करने वाले चार अभियुक्तो को ढकई से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक मृत मोर, 8 जिंदा तीतर, एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस 315 एक गाड़ी अर्टिका हरियाणा बरामद हुई है। पुलिस ने चारो को जेल भेजा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार थाना रजावली पुलिस टीम व वन विभाग की टीम ने पक्षियों का शिकार करने वाले चार अभियुक्तगणों को ढकई से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक मृत मोर, 8 जिंदा तीतर, एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस 315 एक गाड़ी अर्टिका हरियाणा बरामद हुई है। पकड़े गये अभियुक्तो ने अपने नाम सुरेश निवासी सिकरारी, वीरेंद्र, नवीन, रामसिंह निवासीगण अलवर राजस्थान बताया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त पक्षियों का शिकार करके उसको खा जाते थे। सभी बावरिया घुमंतू जाति के है सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है।

## शराब के नशे में नहर में कूदा युवक पीआरबी जवानों ने बचायी जान

शिकोहाबाद। गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को एक युवक शराब के नशे में भूड़ा नहर पुल से नहर में कूद गया। युवक को नहर में कूदता देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं ड्यूटी पर तैनात पीआरबी जवानों ने तत्परता दिखाते हुए बिना देर किए नहर में छलांग लगा दी और युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस की सूझबूझ और बहादुरी से युवक की जान बच गई। बताया गया है कि जीशान पुत्र पप्पू निवासी रसूलपुर, फिरोजाबाद नगर क्षेत्र में कबाड़ा बीनने का कार्य करता है। सोमवार को वह शराब के नशे में भूड़ा नहर पुल पर पहुंचा और अचानक रेलिंग पर चढ़कर नहर में कूद गया। युवक को नहर में गिरते देख वहां मौजूद लोग घबरा गए और शोर मचाने लगे।

मौके पर मौजूद पीआरबी जवानों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल नहर में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी युवक को पानी से बाहर निकालकर सुरक्षित किनारे तक लाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि कुछ मिनट की भी देरी हो जाती तो युवक तेज बहाव में बह सकता था। पुलिस युवक को अपने साथ थाने ले आई। बताया गया कि युवक शराब के नशे में था और थाने में भी बार-बार नहर तक छोड़ने की गुहार लगाता रहा। पुलिसकर्मियों ने उसे समझाकर शांत कराया ।पीआरबी पर तैनात पुलिसकर्मी ने बताया कि युवक शराब के नशे में नहर में कूद गया था। समय रहते उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यदि थोड़ी देर और हो जाती तो उसकी जान को खतरा हो सकता था।

## गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

शिकोहाबाद। नगर एवं आसपास क्षेत्र में सोमवार को गंगा दशहरा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नहर-बंबा और यमुना घाटों पर उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। पर्व को लेकर धार्मिक स्थलों और घाटों पर विशेष चहल-पहल देखने को मिली।

गंगा दशहरा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोगनीपुर ब्रांच की नहर और बंबा में स्नान किया। वहीं कई श्रद्धालु यमुना नदी पहुंचकर स्नान करने के बाद भगवान सूर्य की आराधना करते नजर आए। स्नान के बाद लोगों ने दान-पुण्य कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की ।भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं ने तरबूज, खरबूजा सहित अन्य फल वितरित कर पुण्य लाभ कमाया। घाटों पर बच्चों और महिलाओं की भी अच्छी खासी भीड़ रही ।पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। नहर और बंबा क्षेत्रों में गोताखोरों, पीआरवी और पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी लगातार श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकते रहे, जिससे स्नान के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई ।श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में गंगा दशहरा पर्व मनाया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर एकजुट हों राजनैतिक दलः गोपाल कृष्ण

**टूंडला।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रविवार दोपहर तेल मिल रोड स्थित इंद्रा कालोनी में पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

दोपहर तीन बजे पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव के सवाल पर कहा कि बार–बार आचार संहिता लगने के कारण सरकार को काफी परेशानी होती है। विकास के कार्य रुक जाते हैं। सरकारी मशीनरी चुनाव कराने में लग जाती है। हम सभी दलों से प्रार्थना कर रहे हैं कि एक देश एक चुनाव अभियान में सहयोग करें। जनगणना के सवाल पर उन्होंने कहा कि 10 साल बाद जनगणना कराने का प्रावधान है। जनगणना के बाद परिसीमन होगा। जनगणना से जो डेटा कलेक्ट होता है। उससे योजनाओं को बनाने में मदद मिलती है। इस बार तो जातिगत जनगणना भी सम्मिलित है। अलग–



अलग जातियों को किस चीज की आवश्यकता है। आरक्षण और विकास की स्थिति भी इससे तय होगी। घुसपैठिए लोग बाहर होंगे। पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों की बढ़ोत्तरी को लेकर कहा कि 76 दिन पूरे हुए क्रूड आयल के दाम दोगुने हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेट बढ़ोत्तरी को कई दिनों तक रोके रखा, उसका असर जनता पर नहीं पड़ने दिया। गैस की आपूर्ति कम नहीं होने दी। 33 करोड़ गैस कनैक्शन धारकों को गैस देने का काम किया है। बढ़े हुए दामों को सरकार ने वहन किया। अधिक दाम बढ़ने पर सरकार ने न के बराबर पैसे बढ़ाए हैं। क्रूड आयल हमारे यहां विदेशों से आयात होता है। पहले 27 देशों से हम तेल की खरीद करते थे अब 40 देशों से कर रहे हैं। प्रधानमंत्री यूएई गए थे। यूएई ने भारत में इन्वेस्ट करने का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल, डीजल आवश्यकता से अधिक नहीं खरीदना चाहिए। उन्होंने ऐसी चीजों की खरीद कम करने के लिए कहा है जिसके बिना व्यक्ति का काम चल सकता है। काकरोच जनता पार्टी के सवाल पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने भी जनता को बेवखूफ बनाने का काम किया। वह फेल हो गए तो मुखौटा बदलकर यहां आ गए।इन लोगों का काम अराजकता फैलाना है। नीट का पेपर लीक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह युवाओं के लिए कठिन समय है। पेपर लीक होना काफी दुखदायी है। युवाओं के रोष को लेकर उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में जो विकास हुआ है। वह पहले की किसी सरकार में नहीं हुआ। आर्थिक रूप से प्रदेश सशक्त हुआ है। वर्ष 2017 में जब हम प्रदेश में आए थे तब देश में उत्तर प्रदेश की गिनती बीमारू राज्य के रूप में थी। आज नौ लाख करोड़ की प्रदेश की जीडीपी है। देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेश है। अभी काम बाकी हैं, इसलिए हम चुनाव लड़ रहे हैं। जिन्हें आगे हम पूरा करा सकें। भाजपा के प्रशिक्षण अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी में नए नए लोग आ रहे हैं। भाजपा वैचारिक पार्टी है। संगठन के क्रिया कलापों से युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक प्रेमपाल धनगर, हेमंत उपाध्याय, नगर अध्यक्ष आजाद जैन, दीपक चौधरी, संजय परमार, दुष्यंत जादौन लोकेश जादौन रूपेश शुक्ला सुशील पौनियां दीपक राजौरिया हरीश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# आगरा चौपाटी में फर्स्ट एड की कोई व्यवस्था क्यों

जिला संवाददाता

आगरा। चौपाटी में जिप लाइन हादसे में 16 वर्षीय कुनाल की मौत के बाद उसकी मां बेटे को गोद में उठाकर मदद की गुहार लगाती रही। परिवार घूमने आया था, लेकिन एक लापरवाही ने खुशियों को मातम में बदल दिया। जिप लाइन हादसे में जान गंवाने वाला कुनाल होनहार था। 11वीं कक्षा में पढ़ता था। उसे स्टंट का भी शौक था। वह जिप लाइन में एडवेंचर का मजा लेने की कई दिन से पिता से जिद कर रहा था। माता-पिता दोनों उसे और दूसरे बेटे मयंक को लेकर आए थे।

कुनाल के नीचे गिरते ही मां की चीख निकल गई। पिता बेसुध हो गए। मां ने बेटे को गोद में उठा लिया। बोलीं, कोई मेरे लाल को बचा लो। वो बस यहां पर खेलने के लिए आया था। दोनों का यह हाल देखकर अन्य लोगों के आंसू निकल आए। मयंक कक्षा 9 का छात्र है। दोनों ने यूट्यूब पर चौपाटी में चलने वाली जिप लाइन के बारे में सुना था। पंकज रविवार सुबह 11 बजे आगरा पहुंचे थे। वह पत्नी और दोनों बेटे के साथ बस से आए थे। सबसे पहले जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन

**गोद में 16 वर्षीय बेटे की लाश पर चीखती मां और बिलखते पिता पर भी रहम नहीं आया जालिमों को**

किए। इसके बाद माल में पिक्चर देखने गए थे। पंकज की पत्नी रिंकी की बहन बल्केश्वर में रहती हैं। वह घूमने के बाद बहन के घर जाने वाले थे। रात में खाना खाने के बाद ही घर लौटते। शाम करीब 4 बजे चौपाटी पहुंचे और करीब 6 बजे हादसा हो गया। घटना की जानकारी पर बाद में रिश्तेदार भी पहुंच गए। उन्होंने पंकज और रिंकी को संभाला। फिरोजाबाद से भी परिजन पहुंच गए। होश में आने पर पिता भी कुनाल के सीने से लिपटकर रोये जा रहे थे। कह रहे थे कि बेटे की जिद पर ही यहां आए थे। पता नहीं था कि यह दिन उसके लिए आखिरी बन जाएगा। उनका सब कुछ छिन गया। स्टंटमैन बनना चाहता था। उसने जिद नहीं की होती तो यहां कभी नहीं आते। माता-पिता को लोगों ने किसी तरह संभाला। चौपाटी में जिप लाइन से गिरकर कुनाल अग्रवाल की हुई मौत ने सिस्टम की पोल खोलकर रख दी। गिरकर घायल हुए बेटे को अस्पताल ले जाने की गुहार पिता लगाते रहे। पुलिस भी पहुंच गई थी लेकिन पुलिसकर्मी उसे अस्पताल नहीं ले जा सके। एंबुलेंस का इंतजार करते रहे। एक घंटे बाद एंबुलेंस आई। तब उसे एसएन मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी पहुंचाया गया, जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी मनोज ने बताया कि वह भी चौपाटी घूमने आए थे। जिप लाइन में जाने वालों को नीचे से देख रहे थे। उन्होंने देखा कि किशोर शुरूआती पॉइंट से जिप लाइन पर सवार हुआ। 10 फीट आगे चलते ही धीरे-धीरे हुक टूटने लगा।

किशोर संभलने की कोशिश करता है लेकिन कुछ नहीं हो पाता। वह 45 फीट की ऊंचाई से गिर जाता है। चीखते हुए उसके माता-पिता भी दौड़ पड़े। भीड़ जुट गई। पिता ने बेटे को अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं बढ़ा। 15 मिनट बाद 4-5 पुलिसकर्मी पहुंचे। पिता ने पुलिसकर्मियों से कहा तो उन्होंने वाहन न होने का हवाला दिया। उधर, चौपाटी में भी फर्स्ट एड की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस वजह से प्राथमिक उपचार भी नहीं किया गया।


## डीएम ने बैठकों कर अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा की

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागारकक्ष में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की एक महत्वपूर्ण मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पीड़ितों को त्वरित व समयबद्ध न्याय दिलाने के उद्देश्यों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के आला अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा लंबित मामलों का निस्तारण, प्रभावी पैरवी अभियोजन कार्यों की प्रगति आदि की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिसमे जिलाधिकारी ने न्यायालयों और विभिन्न स्तरों पर लंबे समय से लंबित पड़े मामलों की प्रगति जानी गई तथा उन्हें समय सीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए गए।अभियोजन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे गंभीर और संवेदनशील मामलों में न्यायालयों के समक्ष प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें, ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके ।अभियोजन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई और कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता व तेजी लाने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कानून-व्यवस्था को बनाए रखना और पीड़ित नागरिकों को बिना किसी विलंब के न्याय दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आरबीआई की मदद

हालांकि आरबीआई स्वायत्त संस्थान है और अपने काम-काज में पूरी तरह स्वतंत्र, लेकिन फिर भी अगर संकट के समय अरबीआई सहारा बनता है तो यह एक अच्छा उदाहरण है।

सरकार गंभीर आर्थिक संकट में है। मिडिल ईस्ट संकट के कारण सरकार का राजस्व प्रभावित हुआ है और खर्च बढ़ गये हैं। इससे राजकोषीय बढ़ना तय है। ऐसे में आरबीआई ने भारत सरकार को रिकॉर्ड डिविडेंट देकर देश के राजकोष को बड़ा सहारा और सरकार को बड़ी राहत प्रदान की है। भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने गत सप्ताह यह निर्णय किया कि 2025-26 की 2.87 लाख करोड़ रुपये की अधिशेष राशि भारत सरकार को लौटा दी जाएगी। रिजर्व बैंक ने यह निर्णय भी लिया कि आकस्मिक जोखिम से बचाव यानी बफर के तहत बैलेंस शीट के 6.5 फीसदी के बराबर रकम (प्रॉविजनिंग) रखी जाएगी। पिछले वर्ष यह 7.5 फीसदी थी। आर्थिक पूंजी ढांचे के तहत रिजर्व बैंक आकस्मिक बचाव को बैलेंस शीट के 4.5 से 7.5 फीसदी के बीच रख सकता है मगर यह स्पष्ट नहीं है कि केंद्रीय बैंक ने बफर को कम करने का निर्णय क्यों लिया? यद्यपि अधिशेष अंतरण राशि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत अधिक है और एक नया रिकॉर्ड भी है, लेकिन इससे सरकार की वित्तीय मुश्किलों में राहत मिलने की संभावना है। वैसे अधिशेष अंतरण अपेक्षाओं के अनुरूप है और सरकार ने पहले ही इसके लिए बजट बना लिया था। इस वर्ष के बजट अनुमान में रिजर्व बैंक और राष्ट्रीयकृत वित्तीय संस्थानों ये लाभांश/ अधिशेष की राशि 3.16 लाख करोड़ रुपये रखी गई है। शेष राशि वित्तीय संस्थानों से आने की उम्मीद है। किंतु इस वर्ष सरकार की कुल लाभांश आय काफी कम हो सकती है।




**देश गंभीर आर्थिक संकट के दौर में है और ऐसे समय पर आरबीआई ने रिकॉर्ड मात्रा में डिविडेंट देकर सरकार को बड़ा सहारा दिया है।**

तेल कंपनियां आम तौर पर इसमें बड़ा योगदान करती हैं मगर इस वर्ष वे अधिक देने की हालत में नहीं होंगी। पश्चिम एशिया संकट और इससे कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने बजट की गणनाओं को काफी जटिल बना दिया है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों को हाल ही में तेल बिक्री पर रोजाना 1,000 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा था। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की कीमत तीन बार बढ़ने से घाटा कुछ कम हुआ है मगर अभी कुछ और भी करना होगा। अभी यह पता करना मुश्किल है कि तेल की ऊंची कीमतों से तेल कंपनियों की वित्तीय स्थिति कितनी बिगड़ी है। जून तिमाही के नतीजे ही तस्वीर साफ करेंगे क्योंकि मार्च तिमाही में इसका मामूली असर ही दिखेगा। लेकिन लाभांश ही सरकार की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाला एकमात्र कारक नहीं है। सरकार को ईंधन और उर्वरक सब्सिडी जैसे कुछ मदों में भी खर्च काफी बढ़ाना पड़ सकता है। साथ ही राजस्व मोर्चे पर भी दबाव का सामना करना पड़ सकता है। सरकार पेट्रोल और डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क पहले ही घटा चुकी है, जिससे राजस्व में सालाना लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये की कमी हो सकती है। आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और उत्पादन में कमी का असर कर संग्रह पर भी पड़ेगा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस वर्ष मॉनसून सामान्य से कम रहने की संभावना है, जिसका असर खाद्य उत्पादन पर ही नहीं बल्कि समग्र मांग पर भी पड़ेगा। उपभोग धीमा हुआ तो बजट पर दबाव बढ़ सकता है और राजस्व संग्रह प्रभावित हो सकता है। सरकार ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत पर रोकने का बजट बनाया है, जो अब कठिन प्रतीत होता है। बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया संकट कितने समय तक चलता है और सरकार अपनी पूंजीगत व्यय योजना को कैसे आगे बढ़ाती है। रिजर्व बैंक रिकॉर्ड अधिशेष देकर सरकार की मदद तो कर रहा है मगर उसे अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रुपया दबाव में है और डॉलर के मुकाबले 100 की ओर बढ़ रहा है। अर्थशास्त्रियों ने ठीक कहा है कि मुद्रा को यह मनोवैज्ञानिक स्तर पार करने से रोकने पर ही रिजर्व बैंक का जोर नहीं होना चाहिए। दूसरी बड़ी चुनौती हर हाल में बढ़ती महंगाई दर से जूझने की है। फिलहाल आरबीआई के सामने करेंसी को बचाने, महंगाई का काबू के साथ ही विकास भी बड़ी चुनौती है लेकिन इस बीच 2.87 लाख करोड़ का लाभंश देकर आरबीआई ने भारत सरकार और उसके राजकोषीय प्रबंधन को बड़ा सहारा दिया है।

### विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

# अकेले पड़ते ट्रंप को याद आ रहा भारत



विजय कपूर

**कनाडा, जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों ने भी हाल के दिनों में खुलकर अमरीकी आर्थिक दबाव पर चिंता जतायी है। यहां तक कि कई राजनीतिक विश्लेषकों ने तो यह भी कहा है कि पश्चिमी देशों की पुरानी नियम आधारित विश्व व्यवस्था ट्रंप के अनिश्चितता वादी व्यवहार के चलते दरक रही है।**



बीती 24 मई 2026 को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई दिल्ली में आयोजित अमरीकी दूतावास के कार्यक्रम में अचानक लाइव कॉल करके जिस तरह से भारत और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की झड़ी लगा दी, उसने केवल एक दोस्ताना कूटनीतिक क्षण ही नहीं बनाया बल्कि बदलती विश्व राजनीति का एक गहरा संकेत भी दिया। ट्रंप ने कहा, 'आई लव प्राइम मिनिस्टर मोदी' और यह भी, 'इंडिया कैन काउंट ऑन मी' यानी मुझ पर भरोसा रखें मैं आपके साथ हूं या जरूरत पड़ने पर मैं आपकी मदद करुंगा। राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब यूं तो प्रत्यक्ष तौर पर अमरीका और ईरान के बीच एक समझौते की लगभग पुष्टि हो जाने के बाद तात्कालिक तौरपर होर्मुज संकट टलता नजर आ रहा है। लेकिन पर्दे के पीछे की हकीकत ये है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी मनमानी नीतियों और गतिविधियों के कारण पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ गये हैं। आज के समय में यूरोप उनके साथ नहीं है, नाटो ने स्पष्ट तौरपर कह दिया है ईरान-अमरीका जंग से हमारा कोई लेना देना नहीं है।

रूस पहले से ही अमरीका का सोते-जगते कठिन प्रतिद्वंदी है, कम से कम सैन्य मामले में। ...और ताबूत में आखिरी कील चीन ने तब ठोंक दी है, जब उसने कहा होर्मुज मामले में वह ईरान की सम्प्रभुता का सम्मान करता है, जिसका व्यापक तौर पर मतलब यह था कि हम तुम्हारे साथ इस संकट में खड़े तो होंगे ही नहीं, लेकिन अगर तुमने कुछ मनमानी करने की कोशिश की, तो हम होर्मुज में अपने हितों की रक्षा करने के लिए आमने-सामने भी आ सकते हैं। यही वजह है कि अपनी चीन यात्रा से लौटने के बाद से न केवल राष्ट्रपति ट्रंप उखड़े-उखड़े नजर आ रहे हैं बल्कि उनकी पहले की चाल-ढाल में एक निर्णायक बदलाव दिख रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की अपनी अकड़ भरी नीति अब कई देशों को 'अमेरिका एलोन' जैसी लगने लगी है। यूरोप के साथ टैरिफ युद्ध, नाटो पर लगातार दबाव, रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लगातार बढ़ती रणनीतिक अस्पष्टता और चीन के साथ तीखी प्रतिस्पर्धा में दो कदम पीछे हटने के कारण ट्रंप को समझ में आ गया है कि जिस तरह वो चल रहे हैं, अगर वैसे ही चलते रहेंगे तो उनकी तो छीछालेदर हो ही रही है, अमेरिका भी कहीं का नहीं रहेगा। इसलिए अमरीका को भारत याद आ रहा है, प्रधानमंत्री मोदी याद आ रहे हैं। क्योंकि अब उन्हें ऐसे साझेदार देश की जरूरत है, जो न केवल सामरिक रूप से बल्कि आर्थिक रूप से भी लगातार बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था हो और सबसे बड़ी बात ये कि राजनीतिक रूप से भी स्थिर ताकत हो। भारत एक साथ ये सभी मांगें पूरी करता है। इसलिए यह महज दिल पसीजने की बात नहीं है कि आज राष्ट्रपति ट्रंप कह रहे हैं, भारत को जितना तेल, जितनी गैस चाहिए, हम देंगे यानी अमरीका हमारी ऊर्जा की सारी जरूरतें पूरी करेगा। चाहे यह संयोग हो या परिस्थितियोंवश बना समीकरण, इस समय हमारी कूटनीतिक महत्ता दुनिया में सबसे ज्यादा है। ये महज कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं है कि एक तरफ रूस हमसे कह रहा है कि जितना तेल या गैस चाहिए, हम देंगे और दूसरी तरफ हूबहू यही शब्द अमरीका भी बोल रहा है। जाहिर है हममें कोई न कोई ऐसी खूबी, ऐसी खासियत तो है ही, जिससे हर गुट चाहता है कि हम उसके पाले में चले जाएं। लेकिन अगर हमें अपनी ताकत बरकरार रखना है, दुनिया के कूटनीतिक नक्शे में खुद को प्रासंगिक बनाये रखना है, तो हमें बहुत सोच-समझकर दोनों गुटों से एक ऐसी दूरी बनाकर रखना होगा, जिससे कोई भी हमें ब्लैकमेल न कर सके। भारत की यही ताकत है और यह ताकत हमें हमारे गुटनिरपेक्ष अतीत से हासिल हो रही है। ऐसे में हमें अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए किसी एक देश पर निर्भर होने की बजाय, सारे रास्ते खुले रखकर एक ऐसा संतुलन बनाकर चलना होगा कि निकट भविष्य में यानी जब तक हम अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर नहीं हो जाते, कोई देश हमें ब्लैकमेल न कर सके। असल में ट्रंप की राजनीति हमेशा से लेन-देन की रही है। वो रिश्तों को भावनात्मक रणनीति या दूरगामी कूटनीतिक सोच के आधार पर नहीं बनाते, उनकी रणनीति का मजबूत पक्ष उपयोगितावादी होता है।

### सामयिक

किसी एक देश को नहीं, दुनिया के हर देश के साथ उनका यही तात्कालिक और यही दूरगामी नजरिया होता है। चाहे यूरोप हो, चाहे चीन हो, चाहे भारत हो, चाहे नाटो संगठन हो या इस संगठन में शामिल देश हों, अमरीका सबको इसी चश्मे से देखता है। वह नाटो संगठन को कहता है, यह अमेरिका पर बोझ बन गया है। हाल के महीनों में जिस तरह से यूरोप से अमेरिकी सैनिकों की वापसी हुई है और फिर अचानक पौलेंड में अतिरिक्त सैनिक भेजने जैसे फैसलों ने अमरीकावासियों को ही नहीं, यूरोपीय लोगों को भी गहरे असमंजस में डाल दिया है कि आखिर डोनाल्ड ट्रंप चाहते क्या हैं? ट्रंप हमेशा से एक अप्रत्याशित छवि वाले राजनेता रहे हैं।

कनाडा, जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों ने भी हाल के दिनों में खुलकर अमरीकी आर्थिक दबाव पर चिंता जताया है। यहां तक कि कई राजनीतिक विश्लेषकों ने तो यह भी कहा है कि पश्चिमी देशों की पुरानी नियम आधारित विश्व व्यवस्था ट्रंप के अनिश्चितता वादी व्यवहार के चलते दरक रही है। ऐसे माहौल में भारत ट्रंप के लिए केवल एक बड़ा बाजार नहीं बल्कि एक रणनीतिक सहारा भी बन जाता है। भारत की खासियत ये है कि हमने न तो अतीत में और न ही हाल के कुछ सालों में किसी भी एक गुट की तरफ अपना झुकाव दिखाया है। ठीक है, 70 के दशक में एक समय ऐसा था जब इंदिरा गांधी के दौर में बिना कुछ कहे भारत तात्कालिक सोवियत संघ के समूह का महत्वपूर्ण हिस्सा लगा करता था। लेकिन पिछले दो दशकों से जब से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है, तो हमारे लिए रूस के साथ-साथ अमरीका की भी जरूरत उतनी ही शिद्दत से महसूस हुई है, जितनी रूस के साथ हमारे ऐतिहासिक रिश्तों के कारण रही है। क्योंकि नई तकनीक, नया बाजार और विकास की नई ऊंचाईयों के लिए हमें अमरीका और दूसरे पूंजीवादी देशों की तरफ देखना ही है। इसलिए भारत एक तरफ जहां अमरीका के डराने, धमकाने और न चाहने के बावजूद रूस से तेल लेता रहा है, उसी तरह रूस द्वारा बार-बार ये कहे जाने पर कि हम भारत की सभी तरह की ऊर्जा जरूरतों के एकमात्र विकल्प हैं, हमने कभी भी अपने अन्य विकल्प बंद नहीं किये। चाहे फिर वह संयुक्त राज्य अमरीका का विकल्प ही क्यों न हो?

क्योंकि हम जानते हैं रूस हमारी पुरानी रक्षा जरूरतें पूरी करता रहा है। लेकिन एक तरफ आज इसकी जहां तकनीक पुरानी पड़ गई है, वहीं उसके चीन के साथ जो घनिष्ठ रिश्ते बनते जा रहे हैं, उसके चलते हम चाहे भले रूस पर किसी तरह के विश्वासघात की आशंका न करें, मगर हमें यह आशंका तो रखनी ही होगी कि चीन और भारत के किसी कठिन मुठभेड़ के समय वह तटस्थ तो रह ही सकता है। ऐसे में हमें इस कूटनीतिक असंतुलन को संतुलित करने के लिए अमेरिका का साथ चाहिए ही होगा। खास करके इंडो-पैसफिक क्षेत्र में। इसलिए रूसी पक्ष या रूस और चीन के संयुक्त पक्ष द्वारा भी भारत को बार-बार उकसाने के बावजूद हमने अमरीका का ऐसे साथ नहीं छोड़ा कि दोबारा से रिश्ते बनाना ही मुश्किल हो जाए। भारत की यही खूबी आज ट्रंप को मजबूर कर दिया है कि वह हमारी तारीफ करे, हमें अपने साथ मिलाने के लिए बढ़-चढ़कर हमारी जरूरतों को पूरा करने को स्वीकार करें। मतलब यह कि हमें अपनी सालों के कूटनीतिक धैर्य और दोनो गुटों से दूरी बनाये रखने के कारण यह ताकत हासिल हुई है, तो हमें इसको बरकरार रखना चाहिए। रूस हो या अमरीका किसी के भी लुभावने प्रलोभनों पर पूरी तरह से उसके पक्ष में हमें नहीं जाना चाहिए।

### सोशल मीडिया

दशकों में पहली बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर इतने गंभीर सवाल उठे हैं, 18.5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी-एक हफ्ते से गलत मार्किंग और गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी हैं। राहुल गांधी



तेल के बेतहाशा बढ़ते दामों के बीच भाजपा सरकार के पास बस एक ही तरीका बचा है, वो है उनका पुराना बोरी में चोरी वाला फार्मूला। मतलब तेल की मात्रा ही घटा दो। अखिलेश यादव



हमारी मातृभूमि साधना व उपासना के साथ साथ साहस, शक्ति और सर्व कल्याण की पुण्य भूमि रही है, महान विरासत एवं प्राचीन संस्कृति की पावन धरा सुख समृद्धि से परिपूर्ण रखे। पीएम मोदी.



# सर्वशक्तिमान ईश्वर

ईश्वर सर्वशक्तिमान है। हमारी शक्तियों, संसाधनों, इच्छाओं और ज्ञान-विज्ञान के केन्द्र में ईश्वर ही है। साधना के समय साधक को पूर्ण साहस और धैर्य रखना चाहिए। सिद्धि लाभ करने में कितना ही समय क्यों न लगे साधक को आकुल नहीं होना चाहिए। साधक को असाधारण धैर्य धारण करना चाहिए और यदि इस बीच में कोई अनर्थकारी घटना उपस्थित हो जाये तो भी साधक को घबरा कर साहस नहीं छोड़ देना चाहिए। सच्चिदानन्द परमेश्वर सर्वशक्तिमान है, चाहे वे कितने ही भीषण गड्ढे में हमें क्यों न फेंक दें किसी न किसी दिन वहां से उबर कर वे हमें अपनी गोद में अवश्य लेलेंगे, यह खूब जानिये। साधक के लिए व्याकुलता और उत्तेजना त्याज्य है। पहले-पहले स्वच्छन्द प्रवृत्ति इस प्रकार आडम्बर खड़ा करती है कि साधक के मन में उठने लगता है कि खूब आगे बढ़ गये हैं पर जब अंत में विदित होता है कि लंगर पड़ी जहाज की भांति हम उसी जगह ज्यों के त्यों पड़े हैं और अंगुल मात्र भी आगे नहीं बढ़ सके हैं उस समय भीषण परिताप उपस्थिति होता है। जो साधक आत्मसमर्पण का व्रत ग्रहण करके भगवान के हाथों में अपने को समर्पित करके जितना निश्चिन्त तथा संतुष्ट हो सकेगा, उतनी ही शीघ्रता के साथ उसे सिद्धि प्राप्त हो सकेगी। साधना अत्यंत कठिन काम है पर जो लोग आरम्भ में ही इसमें दृढ़ विश्वास करके इस पर निर्भर हो जाते हैं उनके लिये इसमें सरल कोई और मार्ग नहीं है। साधना के समय साधक को साहस और धैर्य रखने की आवश्यकता है। सिद्धि मिलने में कितना भी समय क्यों न लगे साधक को घबराना नहीं चाहिए। यहां तक कि यदि सिद्धि मिलने के पहले कोई अनर्थकारी घटना भी घट जाये तब भी घबराकर अपनी साधना नहीं छोड़ देनी चाहिए। भगवान सर्व शक्तिमान है इसलिए वे कितने ही भयंकर गड्ढे में चाहे क्यों न फेंक दें फिर भी किसी न किसी दिन वे हमारा वहां से अवश्य उद्धार करेंगे यह निश्चित है। साधक के लिए उत्तेजना और व्याकुलता भी छोड़ने जैसी है।

### अंतर्दृष्टि

कभी-कभी साधक को दिखाई देता है जैसे कि वह सिद्धि के क्षेत्र में बहुत दूर पहुंच गया है और कभी भी पीछे मालूम होने लगता है कि वह जहां का तहां है। तिलमात्र भी आगे नहीं बढ़ा। ऐसे अवसरों पर उत्तेजना या घबराहट आ जाती है लेकिन जिन लोगों का आत्म समर्पण का व्रत सम्पन्न हो चुका होता है। वे इन सबसे मुक्त रहते हुए निश्चिन्त और संतुष्ट रहते हैं और इसीलिए उन्हें सिद्धि भी शीघ्र ही प्राप्त होती है। यद्यपि साधना का काम अत्यंत कठिन है पर जो आरम्भ में दृढ़ विश्वास के साथ अग्रसर होते हैं उनके लिए यह मार्ग अत्यंत सरल हो जाता है क्योंकि दृढ़ता होने पर मनुष्य की प्रकृति साधना के अनुकूल है।

# घर फूंक तमाशा देखने वाले

### व्यंग्यलोक

साहित्य में जो लोग घर फूँक कर तमाशा देखा करते थे, पता नहीं आज वे लोग कहाँ गये। दरअसल वे असली साहित्यकार लोग थे। नाक-नक्शे में तो ये लोग हमारी ही तरह थे, परन्तु इनकी मुद्रा गम्भीर तथा स्वभाव के ये चिड़चिड़े हुआ करते थे। ये लोग थे तो लेखक ही परन्तु लिखते कम और बोलते ज्यादा थे। लिखने के बाद ये लोग अपनी रचनाओं को बाँधकर सोने के पलंग के नीचे रख देते थे। प्रकाशन के लिए उन दिनों लघु पत्रिकाएँ निकला करती थीं। ये असली साहित्यकार ही इन्हें निकाला करते थे। घर के जेवर या वेतन से वे इन पत्रिकाओं का अनियतकालिक प्रकाशन जारी रखते थे। इनमें उनके ही जैसे खुरदरे और चिड़चिड़े लोगों की रचनाओं का प्रकाशन हुआ करता था। ये लोग अपने को साहित्य का नियंता व नियामक माना करते थे, साहित्य की नींव इन्हीं पर टिकी हुई थी। वे बड़ी व्यवहारिक पत्रिकाओं में लिखने वाले लेखकों को व्यावसायिक माना करते थे तथा उन्हें हेय दृष्टि से देखा करते थे। जो लोग साहित्यिक लघु पत्रिकाओं का प्रकाशन किया करते थे, वे सम्पादक व साहित्यकार दोनों हुआ करते थे। वे सेठों से चंदा भी अपने पत्रों को चलाने के लिये लिया करते थे। सेठ उन्हें निरीह, असहाय तथा गिरा हुआ समझकर दयाभाव से विज्ञापन रूप में कुछ आर्थिक सहयोग देकर उपकृत कर दिया करते थे। ये अपने लेखन में पूँजीपतियों की धज्जियाँ उड़ाते तथा सर्वहारा के संघर्ष की बात पर जोर देते थे। इसलिए ये लोग जुझारू रूप में भी जाने गये। सेठ यह जानते हुए भी कि इन लघु-पत्रिकाओं के प्रकाशक उन्हें गालियाँ देते हैं, उसके बाद भी अपना सहयोग जारी रखते थे। वह इसलिए कि ये पत्रिकाएँ केवल कुछ सौ की संख्या में हुआ करती थीं तथा उन्हीं के बहुत छोटे दायरे में मात्र असली साहित्यकारों में ही पढ़ी जाती थीं। आम आदमी तक उनकी पहुँच नहीं थी और यदि वह साहित्य आम आदमी तक पहुँच भी जाता था, तो वह समझ नहीं पाता था। अतः उसकी उपादेयता मात्र लेखक समुदाय के मध्य ही मानी जाती थी। व्यावसायिक लेखक इन पत्रिकाओं को देखकर उस समय हँसा करते थे। उन्हें हँसता देखकर वे लोग दाँत पीसते थे तथा वे उनके कोप के भाजन हो जाया करते थे। वे उनके खिलाफ अपनी लघु-पत्रिकाओं में सम्पादकीय लिखते तथा व्यावसायिक एवं साहित्यिक लेखन की बाँट बनाये रखते थे। इससे उनका एक वर्ग व ग्रुप भी बना रहता था। वे लोग धुन के पक्के तथा इरादों को साकार करने वाले थे। उनके घरों में चाहे खाद्यान्न का संकट हो या बच्चों की हालत विपन्न हो, परन्तु वे लोग साहित्य के लिये मर मिटा करते थे।



पूरन सरमा

# माता-पिता की परेशानी भी समझें टीनएजर



### समाज

नम्रता नदीम

अनुभा अपने ऑफिस में अकसर चिड़चिड़ी सी रहती हैं। उसका मूड अकसर सुबह से ही खराब रहता है। सब जानते हैं कि वह दो टीनएजर बच्चों की मां है। आज अनुभा इस बात को लेकर परेशान थी कि जब से रोहित की छुट्टियां हुई हैं, वह पिछले तीन दिन से न तो घर से बाहर निकला, न नहाया और न ही उसने कपड़े बदले हैं। उसका जब मन होता है, वह तभी नहाता है वरना वह बिना नहाये चार पांच दिन तक आराम से रह लेता है। रोहित की देखा देखी उसकी एक साल छोटी बहन भी वैसा ही व्यवहार करती है। घर में कोई भी आ जाये वह स्लीवलैस कपड़ों में ही होती है। गंदा पजामा, बिना धोया मुंह, गंदे पैरों से वह बिस्तर पर लगातार अपने लैपटॉप पर फेसबुक से अपने फ्रेंड्स के साथ कनेक्टेड रहती है। यदि अनुभा उसे पैर धोकर बिस्तर पर आने के लिए कहती है, तो वह चिड़ जाती है। इस बात की शिकायत यदि अनुभा किसी से करती है, तो वह मां से लड़ने के लिए तैयार हो जाती है।

टीनएज में बच्चों के व्यवहार में बदलाव आना सहज और स्वाभाविक है। लेकिन यदि बच्चे पैरेंट्स की किसी बात पर कोई ध्यान न दें, उनकी आज्ञा का उल्लघंन करें और अपने मनमाफिक तरीके से अपनी चीजों को हैंडिल करें तो इस तरह की स्थितियां मांओं के लिए खासतौर पर तनाव का सबब बन जाती हैं। टीनएजर लड़के या तो घर में टिकते नहीं हैं या घर में ही रहकर लगातार अपने कम्प्यूटर के जरिए अपने को ऑनलाइन रखते हैं। अपने कॅरिअर और फैशन के प्रति वे इतने जागरूक होने का दावा करते हैं इसके बावजूद अपने रखरखाव की बात आती है, तो इसके प्रति लापरवाही बरतते हैं। इंटरनेट पर लगातार ऑनलाइन साइट्स के जरिए बदलते फैशन, मैन्स फैशन और स्टाइल पर अपनी पैनी निगाह रखते हैं। लेकिन खुद न समय पर नहाते हैं और न ही अपने कपड़ों का ध्यान रखते हैं। दरअसल उन्हें इस बात से फर्क नहीं पड़ता और वह इस बेफिक्री को ही अपना स्टाइल बना लेते हैं। अब रोहित के दोस्त गौरव को ही लें। वह अभी स्कूल में है, लेकिन उसकी दिली इच्छा है कि वह अपने बाल बढ़ाकर पोनी बनाए। उसकी ये ख्वाहिश है कि कॉलेज में एडमिशन लेने से पहले ही सबसे पहले छुट्टियों में ही अपने बाल लंबे करेगा और कानों में बाली तो उसे पहननी ही है। वह कहता है अभी तो समय है मस्ती करने के लिए कॅरिअर बनाने के बाद जब सेटल हो जाएंगे, तो ये सब कहां करेंगे। फिर ये मस्ती की उम्र ही तो है। इन टीनएजर की एकतरफा ये सोच है लेकिन दूसरी तरफ पैरेंट्स है कि वो उन्हें किसी भी तरह की आजादी देने के पक्ष में नहीं है। उनके पास अपने बच्चों की ढेरो शिकायतें होती हैं। हर चीज के प्रति बेपरवाह, चीजों को गंभीरता से न लेना, गंदा रहना, बात बात पर गर्म हो जाना, खुद को लॉजिकल साबित करना, हाजिर जवाबी की इंतहा देखिए कि इधर सवाल, पट जवाब। किसी की रिस्पेक्ट न करना, घर में किसी मेहमान के आने पर न तो उनके सामने आना न ही उनसे बात करना और न ही उनमें अपनी कोई दिलचस्पी दिखाना। लिस्ट बहुत लंबी है। पैरेंट्स की अपनी शिकायतें हैं। ये बच्चे क्यों नहीं समझते कि घर के भी अपने नियम कायदे होते हैं।

अनुभा की भी हर समय यही शिकायत होती है कि कितने अच्छे वो दिन थे, जब वह अपने बच्चों को सुबह-सुबह नहला-धुलाकर सुंदर कपड़े पहनाकर उन्हें घर में रखती थी। स्कूल कॉलेज जाने के लिए भले ही वे अब नहाते हों। लेकिन घर में रहने के दौरान वह अपनी दिनचर्या में पूरा बदलाव कर लेते हैं। यदि उनसे कुछ कहा जाए तो वे अपने दूसरे फ्रेंड्स का उदाहरण दे देते हैं। दिखने में ये दिक्कते मामूली हैं मगर टीनएजर को यह समझ लेना चाहिए कि घर उनके पैरेंट्स का है और जिसमें उनके नहीं बल्कि उनके पैरेंट्स के बनाए तौर-तरीके चलते हैं। उनके द्वारा बनाया गया यह घर नियम कायदे कानून किन के लिए हैं पूरे परिवार की खुशी के लिए ही तो हैं। वे पैरेंट्स जो दिन रात उनकी खुशी के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। क्या वे इन नियमों का पालन नहीं कर सकते जो घर में एक अनुशासित माहौल बनाए रखने के लिए निर्धारित किए गए हैं? कल बड़े होकर उन्हें भी तो अपनी जिंदगी बनाने और संवारने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। अच्छा घर, अच्छा कॅरिअर, अच्छा जीवन यह सब पाने के लिए उन्हें अपने आज को भी संभालना होगा। वो भी उसी दौर से गुजरेंगे जिस दौर से आज उनके पैरेंट्स गुजर रहे हैं।

## आप की बात

### कानून का भय जरूरी

बढ़ते अपराध को रोकने के लिए यह जरूरी है कि हर अपराधी कानून से डरे। इसके लिए अगर कानूनी तौर तरीकों से बुलडोजर चलाना हो, तो बेशक सरकार को चलाना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सौर ऊर्जा का महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## मानक के अनुसार नहीं हो रहा सड़क निर्माण

अयोध्या। शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा आज अश्वनीपुरम वार्ड के वजीरगंज छावनियां मोहल्ले में सड़क निर्माण में मानक के अनुसार काम न होने पर कई बार नगर निगम प्रशासन के जे०ई और जेई से को बताया गया फिर कोई सुधार न होने पर आज सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी महोदय की अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर मानक के अनुसार सड़क और नाली का निर्माण कराने, बरसात से पहले सड़क कम्प्लीट कराने और सड़क नाली को ढलाई और गुणवत्ता में कोई कटौती न करने की मांग किया। शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि इस सड़क निर्माण काफी संघर्षों के बाद सड़क बन रही है नगर निगम के जेई और ठेकेदार की मिली भगत से मानक के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और अगर सही मानक से और गुणवत्ता से सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा नहीं किया जाता तो इस का जमकर विरोध किया जाएगा। सरकार की बदनामी कराने में जेई और ठेकेदार पूरी ताकत से लगे है हम सब मोहल्लेवासी गलत नहीं होने देंगे, नगर मजिस्ट्रेट महोदय ने भी यही कहा कि इस तरह अगर काम हो रहा है।

# गंगा दशहरा के दृष्टिगत डीएम-एसएसपी ने किया सरयू घाटों का निरीक्षण



जिला संवाददाता

अयोध्या। गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने सरयू घाटों एवं राम की पैड़ी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा दशहरा के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी एवं भीड़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं संबंधित विभागों को घाटों पर निरंतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा जलभराव एवं फिसलन जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें एवं पर्व को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, एसपी नगर चक्रपाणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानंद पांडे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संगठन, रणनीति व बूथ प्रबंधन पर कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण



अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास केवल राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक चेतना और जनसेवा का आंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह बातें जिले के प्रभारी मंत्री प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कुमारगंज स्थित नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां संगठन सर्वोपरि माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं तथा कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। शिविर के द्वितीय सत्र में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डा. रंजन शर्मा ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा से अवगत कराया। तृतीय सत्र में प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला ने संगठन की कार्य पद्धति पर विस्तार से चर्चा की। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर विचार रखे। पंचम सत्र में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने बूथ प्रबंधन को चुनाव जीत का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताया। प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रभारी डा मिथिलेश आदि उपस्थित रहे।

## सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने किया पीडीए चौपाल का शुभारम्भ



बाराबंकी। सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए विधानसभा सदर अन्तर्गत ग्राम कुटी मे समानता भाई चारा पीडीए चैपाल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने किया। चैपाल मे सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि दुख तकलीफ और आम जीवन की सम्पूर्ण समस्याए खत्म करनी है तो पीडीए सरकार बनाइए। क्योकि आम लोगो के लिए पूरे प्रदेश में कोई संघर्ष कर रहा है। तो वो पीडीए जननायक अखिलेश यादव है। आज महंगाई व विद्युत समस्या से लोग बहुत परेशान है। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनते ही प्रदेश सुपरफास्ट स्पीड से विकास के पथ पर दौड़ेगा। इस अवसर पर डॉ इन्द्रेश यादव, बबलू यादव, मोनू वर्मा, दिलीप मिश्रा, अमित गौतम, जयपाल, रामभजन, अजय यादव, सहदेव, समाजजीवन, मलखान सिंह, विश्वनाथ, सहजराम यादव, राहुल आदि मौजूद रहे।

## पुस्तकालयों के सम्बंध में बैठक आज

बहराइच। राजकीय जिला पुस्तकालय के सचिव डॉ राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि 26 मई 2026 को अपरान्ह 01:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद में संचालित समस्त पुस्तकालयों एवं पंचायत विभाग में प्रचलित डिजिटल लाइब्रेरी के सम्बंध में बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## गंगा दशहरा पर धर्मजागरण धाम संयोजक अमित अवस्थी ने की गंगा आरती



बाराबंकी। गंगा दशहरा पर आज जनपद की सातों नदियों सरयू घाघरा, सुमली चैक, कल्याणी, जमुनिया, कौशिकी रेठ, रारी आदि पर धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ०प्र संयोजक अमित अवस्थी ने कौशिकी रेठ नदी पर गंगा आरती की। इस अवसर पर विधि विधान से पूजन अर्चना करते हुये पं० दिवाकर पांडे ने श्रद्धालुओं को कहा कि भगवान राम के पुरखे महाराज सागर ने अश्वमेध यज्ञ किया था जिसमें कपिल मुनि के शाप के कारण उनके 60 हजार लोग भस्म हो गए थे जिनका उद्धार करने के लिए भागीरथ जी ने भगवान विष्णु ब्रह्मा और शिव को प्रसन्न कर गंगा नदी धरती पर लाए थे। जिन्होंने पुरखों का उद्धार किया था। इस अवसर पर महंत कोमल दास, नरेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक गौतम, विकास प्रजापति, इंद्रजीत सिंह, अर्जुन गौतम सहित अनेकों धर्मसेवक मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम एवं वांछित /वारण्टी एवं जिला बदर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी महोदय पयागपुर श्रीमती हर्षिता तिवारी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रानीपुर श्री हरेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता। स्थानीय पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सज्जाद अली पुत्र स्व० इसहाक, निवासी दर्जिनपुरवा, दा० होलपारा, थाना रानीपुर, जनपद बहराइच द्वारा सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने संबंधी वीडियो प्रसारित किया गया है। उक्त सूचना के आधार पर थाना रानीपुर, जनपद बहराइच पर मु०अ०सं० 79/2026, धारा 353(2)/299 बीएनएस एवं धारा 67 आईटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा दिये गये आदेशों निर्देशों के क्रम में उक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त को आज दिनांक 25.05.2026 को समय करीब 13.00 गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स की थीम पर संडे ऑन साईकिल कार्यक्रम का शुभारम्भ



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के निर्देश पर कॉमनवेल्थ गेम्स की थीम पर संडे ऑन साईकिल कार्यक्रम का शुभारम्भ बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज खान ने हरी झण्डी दिखाकर किया। साइकिल रैली लखपेड़ा बाग चैराहे से शुरू होकर मुख्य मार्ग से होती हुई के०डी सिंह बाबू स्टेडियम पर जाकर समाप्त हुई। जिसमें हाकी खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस पर ध्यान देने व साइकिल से चलने से शरीर के साथ साथ तेल की भी बचत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर हॉकी एसोसिएशन संयुक्त सचिव चंदा रानी, हॉकी कोच विवेक सिंह, सीनियर खिलाड़ी जमीरूल हसन, जूडो कोच सुनील यादव, मोहन कुमार मौजूद रहे।

## महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कॉलेज प्रशासन को सौंपी गई नवनिर्वाचित महासंघ की विधिक नियमावली



बहराइच। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय नर्सिंग अधिकारी एवं कर्मचारी महासंघ के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष शुभम त्रिपाठी के नेतृत्व में महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती के प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्य से औपचारिक मुलाकात की महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शुभम त्रिपाठी ने कॉलेज प्रशासन को नवनिर्वाचित महासंघ के गठन, विधिक पंजीकरण और संगठन के सेवाभावी उद्देश्यों से विस्तृत रूप से अवगत कराया। उप-प्रधानाचार्य को महासंघ की नियमावली सौंपते हुए, प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि महासंघ का मुख्य विजन सेवा, एकता और अनुशासन है।

संगठन का प्राथमिक उद्देश्य न केवल नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संवर्ग की जायज विधिक समस्याओं का निराकरण करना है। प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्य ने संगठन के सेवाभावी व अनुशासनात्मक उद्देश्यों की सराहना की। इस मौके पर महासंघ की ओर से महामंत्री अशोक मीणा, कोषाध्यक्ष दिलीप बडकेसिया, वंदना, प्रीति राय एवं विजय यादव उपस्थित रहे।

## सरयू आरती का कार्यक्रम संपन्न

बहराइच। चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर रविवार देर शाम गंगा दशहरा पावन पर्व के अवसर पर पौराणिक चित्तौरा के झील तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति, जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन-संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में सरयू नदी पूजन अर्चन कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## दलित छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म व प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेसियो ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। महोबा जनपद की दलित छात्रा के साथ हुये सामूहिक दुष्कर्म, मानवीय यातनाओं और प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था के विरोध मे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन करते हुये

**दोषियों को अविलम्ब गिरफ्तार व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाये जाने की मांग**

महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिव कुमार वर्मा को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि दोषियों पर त्वरित कठोर कार्यवाही कर अविलम्ब गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाये, पीड़ित परिवार की सुरक्षा छात्र और उसके परिवार को तत्काल प्रभाव से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाये, समुचित आर्थिक एवं चिकित्सीय सहायता पीड़िता को शारीरिक और मानसिक आभास से उभरने के लिये सरकार की ओर से सर्वोत्तम मुफ्त चिकित्सा, उचित आर्थिक मुआवजा सहायता प्रदान की जाये। प्रदर्शन के दौरान सांसद श्री पुनिया ने कानून व्यवस्था में सुधार के नजरिये से प्रदेश में महिलाएं और बेटियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने एवं प्रशासन को कड़े निर्देश जारी किये जायें। ज्ञापन सौंपने वालो मे जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, सरजू शर्मा, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजीत वर्मा, मोहम्मद इजहार, इरफान कुरेशी, वीरेन्द्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री व विधायकों से मिला पीड़ित परिवार, कुमारगंज पुलिस की हुई शिकायत

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर अपराधी एवं उसके साथियों द्वारा एक ब्राह्मण परिवार के घर पर चढ़कर तोड़फोड़ करते हुए महिला, बच्चों एवं परिवार के लोगों की बर्बरता पूर्वक पिटाई किए जाने के मामले में कुमारगंज पुलिस द्वारा एसएसपी के आदेश के बावजूद भी मुकदमा न दर्ज किए जाने की शिकायत जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित विधायकों अमित सिंह चैहान चंद्रभानु पासवान एवं पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू से से हुई है। जहां पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाते हुए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किए जाने की बात कही गई है। बताते चले कि कुमारगंज थाना क्षेत्र के उधुई पूरे विन्धा पाण्डेय पुरवा गांव निवासी शीतला प्रसाद पाण्डेय ने देकर आरोप लगाया था कि घर में तोड़फोड़ मारपीट और जान से मारने की धमकी के बावजूद कुमारगंज पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पीड़ित शीतला प्रसाद पाण्डेय के अनुसार बीते 21 मई की शाम करीब 5 बजे वह अपने घर पर बैठकर भोजन कर रहे थे। तभी खण्डासा थाना क्षेत्र के अंजरौली पूरे बेढ़िया का गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर अपराधी रोहन पुत्र राजू, रोशन सिंह, अनमोल तथा तीन-चार अज्ञात लोग उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि जान बचाने के लिए वह घर के अंदर भागे तो हमलावर वहां भी पहुंच गए इससे भी जी नहीं भरा तो उन्होनेपीड़ित परिवार के घर जमकर तोड़फोड़ भी की। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी और बेटे को भी जमकर पीटा। जाते समय आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।



# सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण


बाराबंकी। जनपद में संचालित विकास एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों का जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने विभिन्न सड़क चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, रोड

- **शेष कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश**
- **रोड सेफ्टी मानकों, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं निर्माणाधीन सेतु कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश**



सेफ्टी मानकों एवं कार्यदायी संस्थाओं की कार्यशैली की गहन समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराये जाने, विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलम्ब स्वीकार नहीं किये जाने को लेकर सख्त निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम लखनऊ-कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग के किमी 19 से 51 तक दो लेन पेव्ड शोल्डर एवं आबादी भाग में चार लेन चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। तथा मौके पर कार्य कर रहे श्रमिकों की संख्या का सत्यापन करने, कार्यों में और तेजी लाने, श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने शेष बचे विद्युत पोल शिफ्टिंग, वृक्षों के पातन एवं मिट्टी पटाई के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य तीव्र गति से पूर्ण कराए जाएं, जिससे परियोजना में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने रोड के आरओबव्यू राइट ऑफ वे के अंतर्गत बीच-बीच में छोटे-छोटे कार्य अधूरे छोड़े जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि कार्यों को चरणबद्ध एवं समग्र रूप से एक साथ पूर्ण करने, सड़क सुरक्षा मानकों को पूर्ण रूप से सुनिश्चित करने तथा संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही समय से कर लिये जाने को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विकास खण्ड निन्दुरा क्षेत्र में बढ़पुर खिजना मोड़ से मल्लावा मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का भी निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता, पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-3 राजीव राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## कृषि मंत्री ने मिशन शक्ति जागरूकता और स्टाल की सराहना की



बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच *श्री विश्वजीत श्रीवास्तव* के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण *श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी* के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी महोदय पयागपुर *श्रीमती हर्षिता तिवारी* के नेतृत्व में दिनांक 24.05.2026 को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महाराजा सुहेलदेव स्मारक, चित्तौरा में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता स्टॉल स्थापित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं उनके अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।

उक्त कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाकर कार्यक्रम में आयी महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री एवं माननीय कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री *श्री सूर्य प्रताप शाही* द्वारा मिशन शक्ति जागरूकता स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित साइबर अपराध से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का निःसंकोच उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साइबर जागरूकता स्टॉल के माध्यम से उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल के संबंध में जागरूक करते हुए किसी भी प्रकार की साइबर ठगी अथवा अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने जागरूकता स्टॉल पर पहुँचकर जानकारी प्राप्त की तथा मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए इसे समाजहित में अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी पहल बताया। उल्लेखनीय है कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रतिदिन गांव, कस्बों, बाजारो आदि है।

# निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय कार्यो का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

बाराबंकी। विकासखण्ड निन्दुरा के ग्राम गुमगौर कुर्सी में 23 करोड से अधिक की लागत से निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय प्री-प्राइमरी से माध्यमिक स्तर परियोजना का जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति, सुरक्षा मानकों एवं कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराते हुये बताया कि परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया



**निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश**

है तथा शेष कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि परिसर में जिन स्थानों पर आगामी बरसात के दौरान जलभराव की संभावना हो सकती है तथा जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो सकता है, वहां पूर्व से ही मिट्टी पटाई के कार्य पूर्ण करा लिए जाएं।

उन्होंने निर्माण कार्यों में प्रयुक्त हो रही सामग्रियों की गुणवत्ता का भी सघन निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के परियोजना प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महाराजा सुहेल देव विजयोत्सव का समापन



बहराइच। चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर ज्येष्ठ माह के दौरान महाराजा सुहेल देव जी के स्मारक स्थल पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। रविवार देर शाम मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राज किशोर, जिला कार्यवाहक भूपेन्द्र जी, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर, सुहेलदेव सेवा समिति के अध्यक्ष यशवेन्द्र विक्रम सिंह, सचिव दिलीप कुमार, राष्ट्रवादी विचारक संत बाबा मुरारी दास उपाध्यक्ष मिहरज ध्वज जी, महाराज विष्णु देवाचार्य व अन्य अतिथियों के साथ स्मारक स्थल के आडिटोरियम में महाराजा सुहेलदेव जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर समापन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का विधिवत शुभारम्भ किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ स्मारक परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, रेशम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बैंकर्स, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, मत्स्य, हथकरघा एवं काष्ठशिल्प, महिला एवं बाल विकास, सूचना एवं जनसम्पर्क तथा संस्कृति विभाग द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी/स्टालों तथा फूड कोर्ट का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। दो दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन विशाल कवि सम्मेलन एवं महाराजा सुहेलदेव जी के जीवन चरित्र पर आधारित परिचर्चा के पश्चात संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक दलों आदर्श मिश्रा एण्ड पार्टी आजमगढ़, उर्मिला पाण्डेय एण्ड पार्टी गोण्डा, सरला गुप्ता एण्ड पार्टी व दीपक सिंह एण्ड पार्टी, सुश्री सुचिता पाण्डेय व सुश्री कामिनी मिश्रा एण्ड पार्टी लखनऊ तथा जनपद के मैट्रो क्लब के कलाकारों द्वारा लोकगायन, नृत्य, भजन, देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा सराहा गया। विजयोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी कम्पनियों को निभाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आयोजन से जुड़ी हुई।

संक्षेप

## रॉयल एनफील्ड ने शुरू की हिमालयन ओडिसी

नयी दिल्ली। मिड-साइज मोटरसाइकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने 125 साल पूरे होने की खुशी में अपनी हिमालयन ओडिसी का 22वाँ संस्करण शुरू किया है। हिमालयन ओडिसी दो दशकों से अधिक समय से ह्यायोर मोटरसाईक्लिंग की भावना को एक शानदार मंच प्रदान कर रही है। यह एक जबरदस्त और रोमांचक यात्रा है, जो राइडर्स को दुनिया की सबसे ऊँची पहाड़ियों पर ले जाकर अपनी विरासत को आगे बढ़ाती है। साल 2026 में यह रोमांचक यात्रा फिर से शुरू हुई है। इसे चार खास फॉर्मेट्स में एक बार फिर पेश किया गया है। इस यात्रा में राइडर्स को लद्दाख के दुर्गम और बीहड़ इलाकों में प्रवेश करने के चार रास्ते मिलेंगे। भले ही राइडर्स के रास्ते अलग-अलग होंगे, पर उनकी मंजिल एक होगी और वो सभी हिमालय के यादगार सफर पर निकलेंगे हिमालयन ओडिसी पहली बार चार रास्तों पर आयोजित हो रही है, हिमालयन ओडिसी ओरिजनल, एक्सप्लोर, कारगिल सर्किट और नुब्रा सर्किट। हिमालयन ओडिसी ओरिजनल - द लीजेंडरी माईलः 25 जून, 2026 - 10 जुलाई, 2026 यह ओरिजनल 16-दिन की साहसिक यात्रा ओडिसी की बुनियादी भावना के अनुरूप है। इसकी शुरुआत और समापन, दोनों चंडीगढ़ में होते हैं।

## सोने का वायदा भाव बढ़कर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ

नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर उम्मीदों के बीच वायदा कारोबार में सोमवार को सोने की कीमत 426 रुपये की तेजी के साथ 1,59,105 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 426 रुपये यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,59,105 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 5,312 लॉट का कारोबार हुआ। सोमवार को सोने की कीमतों में अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली, जिसकी मुख्य वजह कमजोर अमेरिकी डॉलर और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बना सकारात्मक माहौल था। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में जून अनुबंध वाला कॉमेक्स सोना वायदा करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ 4,590.62 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## चांदी वायदा कीमतों में करीब दो प्रतिशत की तेजी

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में सोमवार को चांदी की कीमतें लगभग 2 प्रतिशत बढ़कर 2.76 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। इसकी वजह कमजोर डॉलर और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते की उम्मीदों के बीच विदेशी बाजारों में हुई मजबूत बढ़त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के जुलाई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 4,328 रुपये यानी 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,76,174 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 9,093 लॉट का कारोबार हुआ। मजबूत वैश्विक संकेतों तथा बहुमूल्य धातुओं की धारणा में सुधार से चांदी कीमतों की तेजी को समर्थन मिला। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी के जुलाई डिलीवरी वायदा अनुबंध की कीमत तीन प्रतिशत की तेजी के साथ 78.28 डॉलर प्रति औंस रह गयी।

## सोशल ने दूसरास्टेडियम के साथ फाइनल्स का रोमांच किया और भी जबरदस्त

लखनऊ। सोशल अपने हाई-एनर्जी #दूसरास्टेडियम सेलिब्रेशन के साथ मैच देखने के अनुभव को एक शानदार फैन एक्सपीरियंस में बदल रहा है। इस वर्ष, सोशल का #दूसरास्टेडियम सिर्फ स्क्रीन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पूरे देश के प्रतिष्ठित क्षेत्रीय स्वादों से प्रेरित एक विशेष मैच-डे मेन्यू भी शामिल है। रोमांचक पलों के बीच दोस्तों और परिवार के साथ साझा करने के लिए तैयार इस मेन्यू में शामिल हैं– राजस्थान बैलिस्टिक भजिया, हैदराबाद का ओजी हलीम बिरयानी, लखनऊ भरवां गलावटी, बेंगलुरु का ओजी स्टेडियम समोसा, पंजाब सिक्सर छोले भटूरे, गुजरात फरसान प्लैटर, मुंबई वादा प्लैटर, दिल्ली मैच मोमोस, और कोलकाता फिले-ओ-फिश बर्गर। जश्न को और भी खास बनाने के लिए, फैन्स सोशल के नए लॉन्च किए गए ग्रेनेड्स के साथ-साथ लिफाफा, एलएलआईसी, बनारसी पटिआला, सोशल स्क्रूड्राइवर, एलएलआईटी, मेनहट्टन और ओल्ड फाशियंड जैसे पसंदीदा पेयों का आनंद ले सकते हैं। वहीं, फाइनल देखने के लिए साथ आने वाले समूहों के लिए 3, 6 और 9 के सेट में बियर बकेट्स उपलब्ध हैं।

# सेंसेक्स में 1074 अंकों की उछाल



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 1,074 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 312 अंक के लाभ में रहा। अमेरिका-ईरान बातचीत को लेकर धारणा सुधरने से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के साथ वैश्विक बाजारों में तेजी आई जिसका घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1073.61 अंक यानी 1.42 प्रतिशत चढ़कर 76,488.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,143.72 अंक यानी 1.51 प्रतिशत बढ़कर 76,559.07 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 2,785 में बढ़त दर्ज की गई, जबकि 1,535 शेयरों में गिरावट आई और 211 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। इसी प्रकार, पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 312.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत बढ़कर 24,031.70 अंक पर रहा। बाजार में सकारात्मक माहौल का कारण मुख्य रूप से अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद है। इसके कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड दो सप्ताह से अधिक समय में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे आ गया। इसके अलावा, प्रमुख निजी बैंकों के बेहतर प्रदर्शन, सकारात्मक वित्तीय घोषणाओं और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के और मजबूत होने से भी कीमतों में सुधार हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक, इटर्नल, बजाज फिनसर्व और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.52 प्रतिशत टूटकर 97.82 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सतर्क रुख अपना रहे हैं और किसी भी खराब समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीदों के चलते बाजार में तेजी रही। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की दिशा में प्रगति की खबरों से वैश्विक धारणा में सुधार हुआ है। हालांकि, घटनाक्रम में लगातार बदलाव को देखते हुए स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.18 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.92 प्रतिशत मजबूत हुआ।

# रुपये में लगातार तीसरे दिन मजबूती 35 पैसे चढ़कर 95.25 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिका एवं ईरान के बीच शांति समझौते की बढ़ती उम्मीदों के बीच सोमवार को रुपया 35 पैसे मजबूत होकर 95.25 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। यह रुपये में तेजी का लगातार तीसरा सत्र रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीदों से बाजार में सकारात्मक रुख रहा। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी जैसे अहम मुद्दों पर मतभेद अभी बने हुए हैं। कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा के बयान से भी रुपये को समर्थन मिला। मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में व्यवस्थित मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.36 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और इसने दिन में 95.12 के ऊपरी एवं 95.44 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 95.25 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले सत्र की तुलना में 35 पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपया 75 पैसे मजबूत होकर 95.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से भी बाजार को समर्थन मिला कि अमेरिका एवं ईरान ने शांति समझौते पर बातचीत लगभग पूरी कर ली है। हालांकि, ट्रंप ने वार्ताकारों को जल्दबाजी न करने की सलाह दी है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और भारत अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत गिरकर 99.98 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड होर्मुज का समुद्री मार्ग खुलने की उम्मीद से वायदा कारोबार में 5.10 प्रतिशत टूटकर 98.26 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 1,073.61 अंक चढ़कर 76,488.96 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 312.40 अंक बढ़कर 24,031.70 अंक पर रहा।

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से पेट्रोलियम कंपनियों के शेयर चढ़े

नयी दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद सोमवार को बीपीसीएल और एचपीसीएल सहित पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई।

वैश्विक कच्चे तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अमेरिका और ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सैद्धांतिक सहमति बनने के बाद यह गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का शेयर 4.30 प्रतिशत चढ़कर 308.25 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4.55 प्रतिशत बढ़कर 309 रुपये के उच्चस्तर तक पहुंच गया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का शेयर 3.52 प्रतिशत बढ़कर 403.40 रुपये पर बंद हुआ। दिन में यह 5.86 प्रतिशत चढ़कर 412.55 रुपये के उच्चस्तर तक पहुंचा। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का शेयर 3.15 प्रतिशत बढ़कर 143.90 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 4.15 प्रतिशत की तेजी आई और यह 145.30 रुपये तक पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.53 प्रतिशत गिरकर 97.81 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

# ईंधन कीमतें बढ़ने के बाद तेल कंपनियों का घाटा 600 करोड़ रोज



नयी दिल्ली। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चार चरणों में हुई करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों का घाटा कम होकर लगभग 600 करोड़ रुपये प्रतिदिन रह गया है।

संयुक्त सचिव ने कहा कि 15 मई से शुरू हुए मूल्य संशोधन से पहले पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पर तेल कंपनियों को करीब 1,000 करोड़ रुपये प्रतिदिन का घाटा हो रहा था। शर्मा ने कहा, घाटा अब कम होकर प्रतिदिन 600 करोड़ रुपये से थोड़ा कम रह गया है। उन्होंने बताया कि इसमें घरेलू एलपीजी की बिक्री पर होने वाला घाटा भी शामिल है। घरेलू रसोई गैस एलपीजी रियायती दर पर बेची जाती है और लागत तथा खुदरा बिक्री मूल्य के बीच का अंतर सरकार वहन करती है। पेट्रोल और डीजल को बाजार आधारित मूल्य निर्धारण वाले उत्पाद माना जाता है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों ने खुदरा कीमतों में लंबे समय तक बदलाव नहीं किया, जिससे इन उत्पादों पर घाटा बढ़ता गया।

# वायदा कारोबार में कच्चे तेल के दाम चार प्रतिशत से अधिक टूटे

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। यह गिरावट वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के रुझान के चलते हुई, जिसकी वजह अमेरिका और ईरान के बीच किसी संभावित समझौते को लेकर बढ़ रही उम्मीदें थीं। माना जा रहा है कि इस समझौते से होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने का रास्ता साफ हो सकता है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जून माह में डिलिवरी वाला अनुबंध 412 रुपये या 4.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,756 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 13,313 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल की आपूर्ति बहाल होने की उम्मीदों के चलते कच्चे तेल की कीमतें नीचे आ गईं। खबरों के अनुसार, ईरान और अमेरिका अपने दो महीने से अधिक समय से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, इस संभावित समझौता में अभी तक होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। कच्चा तेल 5.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91.53 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 4.80 डॉलर या 4.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की लागत 5.65 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। देश में 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक मूल्य की केंद्रीय क्षेत्र की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में सामूहिक रूप से 5.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अप्रैल महीने की एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी केंद्रीय क्षेत्र की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर नवीनतम फ्लैश रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय की निगरानी वाली 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक मूल्य की सभी 1,981 परियोजनाओं की मूल लागत 37,12,662 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 42,78,402 करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि, रिपोर्ट में उन परियोजनाओं की सटीक संख्या नहीं बताई गई है जो लागत बढ़ने की समस्या का सामना कर रही हैं। मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के मुताबिक, अप्रैल, 2026 तक 17 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के तहत कुल 1,981 चालू बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है। इन परियोजनाओं पर अब तक कुल 20.36 लाख करोड़ रुपये का व्यय हो चुका है, जो कुल संशोधित लागत का लगभग 47.59 प्रतिशत है। यह परियोजना क्रियान्वयन में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, 801 परियोजनाओं (40 प्रतिशत) में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति दर्ज की गई है, जबकि 277 परियोजनाएं (14 प्रतिशत) वित्तीय रूप से 80 प्रतिशत से अधिक पूरी हो चुकी हैं। परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सबसे अधिक 1,459 परियोजनाएं जारी हैं। इनकी संशोधित लागत 23.34 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। कुल परियोजनाओं में 814 विशाल परियोजनाएं शामिल हैं, जिनकी लागत 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। इनकी मूल लागत 31.63 लाख करोड़ रुपये है। वहीं 1,167 ऐसी बड़ी परियोजनाएं ऐसी हैं जिनकी लागत 150 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 1,000 करोड़ रुपये से कम है। इनकी कुल लागत 5.49 लाख करोड़ रुपये है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पास सबसे अधिक 1,137 परियोजनाएं हैं, जो कुल परियोजनाओं का 57 प्रतिशत है। इस मंत्रालय की परियोजनाओं की संशोधित लागत 10.81 लाख करोड़ रुपये है। रेल मंत्रालय 260 परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है, जिनकी संशोधित लागत 8.69 लाख करोड़ रुपये है। कोयला मंत्रालय 128 परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिनकी कुल संशोधित लागत 2.49 लाख करोड़ रुपये है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, बिजली मंत्रालय, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल संसाधन विभाग क्रमशः 112, 102, 51 और 48 परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। इनकी संशोधित लागत क्रमशः 5.19 लाख करोड़ रुपये, 5.53 लाख करोड़ रुपये, 3.75 लाख करोड़ रुपये और 2.25 लाख करोड़ रुपये है।

# गडकरी ने की राजस्थान, हिमाचल में राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मानसून से पहले प्रभावी जल निकासी प्रबंधन समेत व्यापक तैयारियां पूरी करने के सोमवार को निर्देश दिए।

गडकरी ने समीक्षा बैठकों के दौरान राजस्थान में 10,064 किलोमीटर और हिमाचल प्रदेश में 1,947 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) की गुणवत्ता तथा रखरखाव की स्थिति का आकलन किया। उन्होंने टिकाऊ, मजबूत और कुशल राजमार्ग ढांचे के विकास के मकसद से परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा उन्नत तकनीकों और आधुनिक निर्माण तरीकों को अपनाने पर जोर दिया। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि संपर्क में सुधार, आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने, यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और प्रमुख गलियारों में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए मजबूत राजमार्ग नेटवर्क महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं को कम करने के मकसद से सड़क सुरक्षा बनाए रखने और परिसंपत्ति की लंबे समय तक मजबूती के लिए प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, ढलान संरक्षण कार्यों, सक्रिय निवारक रखरखाव और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र सहित व्यापक मानसून तैयारी उपायों को अपनाने के निर्देश दिए।

## पेज एक का शेष

### प्रशासक के

वर्ष का होता है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद नई पंचायतों के गठन तक राज्य सरकार को प्रशासक नियुक्त करने का अधिकार है।

यह जानकारी प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (3-क) में यह भी प्रावधान है कि इस अधिनियम के किन्ही अन्य उपबन्धों में किसी बात के होते हुए भी जहां अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण या लोकहित में किसी ग्राम पंचायत का संघटन करने के लिए उसके कार्यकाल के अवसान के पूर्व निर्वाचन कराना साध्य नहीं है, वहां राज्य सरकार या उसके द्वारा इस निमित्त, प्राधिकृत कोई अधिकारी, आदेश द्वारा, प्रशासनिक समिति, जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्यों के रूप में निर्वाचित किये जाने के लिए, ऐसी संख्या में जैसी वह उचित समझे, अर्ह व्यक्ति होंगे, या प्रशासक नियुक्त कर सकता है और प्रशासनिक समिति के सदस्य या प्रशासक छह माह से अनधिक ऐसी अवधि के लिए जैसी कि उक्त आदेश में विर्निदिष्ट की जाए, पद धारण करेगा और ग्राम पंचायत, उसके प्रधान और समितियों की समस्त शक्तियां, कृत्य और कर्तव्य, यथास्थिति, ऐसी प्रशासनिक समिति या प्रशासक में निहित होंगें और उनके द्वारा उनका प्रयोग, सम्पादन और निवर्हन किया जायेगा। ग्राम पंचायतों के सामान्य निर्वाचन, 2026 के बाद संगठित की जाने वाली नई ग्राम पंचायतों की प्रथम बैठक के लिए नियत की जाने वाली तिथि तक, अथवा अधिकतम छह माह की अवधि के लिए, जो भी पहले हो, निवर्तमान ग्राम प्रधानों को सम्यक विचारोपरांत ग्राम पंचायतों में प्रशासक के रूप में नियुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया है। ग्राम पंचायतों के कार्यकाल समाप्ति की तिथि 26-05-2026 के बाद 27 मई से निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों में प्रशासक के रूप में सामान्य (रूटीन) कार्यों का निर्वहन किये जाने हेतु नामित किये जाने के लिए सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी को प्राधिकृत किया जाता है। यह प्रशासक द्वारा कोई नीति विषयक निर्णय नहीं लिया जायेगा। ग्राम पंचायत के प्रशासक द्वारा अत्यावश्यक एवं विशेष स्थितियों में नीति विषयक निर्णय सम्बन्धी प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर स्वीकृति प्राप्त की जायेगी।

### अभिनेता धर्मेंद्र

अलंकरण समारोहों में प्रदान किये जाते हैं। पद्म पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर की जाती है। ये प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान किये जाते हैं।

### किसानों की

आकाशवाणी और अन्य माध्यमों से किसानों तक जानकारी पहुंचाई जाए। साथ ही कम अवधि और सूखा सहनशील प्रजातियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा आगामी जून माह से सभी विकास खंडों में चौपाल लगाई जाएगी। इन चौपालों के साथ ही किसान मेला भी लगाई जाए। किसानों को हर योजना का लाभ मिले और उन्हें प्रगतिशील खेती से जोड़े जाने का प्रयास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग के अंतर्गत सभी विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों, मंडियों, वेयरहाउस आदि के आस-पास साफ-सफाई होनी चाहिए आवश्यकतानुसार इनकी रंगाई कराई जाए। इन केंद्रों तक पहुंचने के लिए अच्छी कनेक्टिविटी होनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के लगभग 18 से 20 जनपद सूखे की दृष्टि से संवेदनशील हैं। धान एवं मूंगफली के लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए दलहन, तिलहन और श्रीअन्न फसलों के अतिरिक्त बीजों की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क को प्रारम्भ करने की दिशा में तेजी के निर्देश दिए। उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जमाखोरी, कालाबाजारी और उर्वरकों के डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग और जैविक विकल्पों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। बैठक में बताया गया कि 24 मई 2026 तक प्रदेश में 36.44 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध रहे तथा 28.26 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध स्थिति में हैं। उर्वरक प्रवर्तन अभियान के तहत 4025 छापे डाले गए, 81 लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 9 एफआईआर दर्ज कराई गईं। मुख्यमंत्री ने कृषि योजनाओं में डिजिटल तकनीक के उपयोग को और बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सरल तरीके से उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि एग्रीस्टैक योजनांतर्गत 24 मई 2026 तक 2.29 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी की जा चुकी है। किसान पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि बुंदेलखंड सहित जल संकट वाले क्षेत्रों में ऐसी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि बुंदेलखंड के सभी विकासखंडों में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में 23,500 हेक्टेयर क्षेत्र में रसायन मुक्त खेती की गई तथा 21,934 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यमंत्री ने मक्का उत्पादन को बढ़ावा देने तथा उससे जुड़े उद्योगों के साथ समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### ईमानदार

चाहिए। उन्होंने व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने, छोटे कारोबारियों को जागरूक करने तथा जिला एवं खंड स्तर तक करदाता सहायता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कर चोरी रोकने के साथ-साथ वैध व्यापार को प्रोत्साहन देना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का लगभग 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि महाराष्ट्र प्रथम और कर्नाटक तीसरे स्थान पर रहे। बैठक में यह भी बताया गया कि जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वहीं वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो गत वर्ष से 29 प्रतिशत अधिक है। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक रही। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभाग को कुल 1,98,071 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें जीएसटी का लक्ष्य 1,49,956 करोड़ रुपये तथा वैट का लक्ष्य 48,115 करोड़ रुपये है। अप्रैल 2026 में राज्य ने 10,896 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है। जोनवार समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2026 में राज्य के अधिकांश जोनों में राजस्व वृद्धि दर्ज की गई। गौतमबुद्ध नगर जोन ने 1506 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ 18 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जबकि गत वर्ष इसी अवधि के सापेक्ष इस वर्ष सहारनपुर जोन में 35.1 प्रतिशत और वाराणसी प्रथम जोन में 33.2 प्रतिशत वृद्धि रही। मुरादाबाद जोन ने भी अप्रैल 2025 के सापेक्ष अप्रैल 2026 में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की।

### लेखपाल परीक्षा

से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। आयोग ने भरोसा दिलाया है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### धामी ने मीडिया

भवन में आधुनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, डिजिटल स्टूडियो, हाई-स्पीड इंटरनेट, पुस्तकालय, कैंटीन और अन्य तकनीकी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही सीमांत और पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले पत्रकारों के लिए गेस्ट रूम भी बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें आवागमन और ठहरने में सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि समाचार पत्रों से संबंधित निरीक्षण और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी इस मीडिया सेंटर के माध्यम से अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पत्रकारों के कल्याण के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। पत्रकार कल्याण कोष को बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये किया गया है, जबकि अधिस्वीकृत पत्रकारों और उनके आश्रितों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा दी जा रही है। वरिष्ठ पत्रकारों को प्रतिमाह आठ हजार रुपये पेंशन भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह मीडिया सेंटर हल्द्वानी को कुमाऊं क्षेत्र के प्रमुख मीडिया हब के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने पत्रकारों से जनहित, निष्पक्षता और सकारात्मक सोच के साथ पत्रकारिता करने का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### दूल्हा हत्याकांड

ही रवि यादव ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्वाई में पुलिस की गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एसपी ने कहा कि अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रवि यादव (23) जौनपुर जिले में खेतासराय थाना क्षेत्र में सोंधी का निवासी था। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान लाइनबाजार थाना प्रभारी केके सिंह भी घायल हो गए। पुलिस दूसरे फरार आरोपी की तलाश में देर तक धर पकड़ अभियान चलाती रही। एसपी ने कहा कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक मई की शाम खेतासराय थाना क्षेत्र में बारात लेकर निकले दूल्हे आजाद बिंद की अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी।

### नार्थ-साउथ

की योजना बनाई गयी है। पहले कॉरिडोर के रूप में कुशीनगर-देवरिया-नोएडा-गाजीपुर-जमानिया मार्ग को शामिल किया गया है, जिसकी कुल लंबाई 220 किलोमीटर है। इसमें 53.25 किलोमीटर लंबाई को स्वीकृति मिल चुकी है और लगभग 464 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं दूसरा महत्वपूर्ण कॉरिडोर पीपरी (इंडिया-नेपाल बॉर्डर) से बांसी, सिद्धार्थनगर होते हुए प्रयागराज तक प्रस्तावित है। इसकी कुल लंबाई 295 किलोमीटर है। इस परियोजना के तहत कई नए मार्ग प्रस्तावित हैं जिनसे पूर्वांचल और मध्य उत्तर प्रदेश के बीच संपर्क बेहतर होगा। नार्थ-साउथ कॉरिडोर योजना के तहत तीसरे कॉरिडोर में लखीमपुर-सीतापुर-लखनऊ-नवाबगंज-बांदा मार्ग को शामिल किया गया है, जिसकी लंबाई 502 किलोमीटर है।

### वकीलों के

मामले में विस्तृत आदेश बाद में लिखाने की बात कही है। उपरोक्त टिप्पणियाँ न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान व न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने अनुराधा सिंह व अन्य टाइटिल से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवायी के दौरान कीं। अपरान्ह लगभग 3:45 पर शुरू हुयी सुनवायी करीब डेढ़ घंटे तक चली। इस दौरान कोर्ट रूम वकीलों से खचाखच भरा रहा। सुनवायी शुरू होते ही न्यायालय ने लाठियाँ बांटने व न्यायिक कार्य ठप करने को लेकर सिविल कोर्ट के वकीलों की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं से सवाल किए।




# लक्ष्य, सिंधु सिंगापुर ओपन में भारतीय चुनौती रखेंगे

सिंगापुर। भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पी वी सिंधु मंगलवार से यहां शुरू हो रहे दस लाख डॉलर इनामी राशि के सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में लय हासिल करके खिताब का सूखा खत्म करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य पिछले सप्ताह पहले दौर से बाहर हो गए थे। वह पहले मैच में चीन के लू गुआंग झू से खेलेंगे। वह आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में खिताब जीतने के करीब पहुंचकर फाइनल में हार गए थे। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी से खेलेंगी। थाईलैंड ओपन में क्वार्टर फाइनल



तक पहुंची सिंधु विभिन्न टूर्नामेंटों से जल्दी बाहर होती आई है। एशियाई चैम्पियनशिप उपविजेता और थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले आयुष शेट्टी कनाडा के विक्टर लाइ से खेलेंगे जिन्होंने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत का सामना 2021 विश्व चैम्पियन लोह कीन यू से होगा। वहीं विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता एच एस प्रणय इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे। पोलिश ओपन विजेता दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा का सामना पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन जापान की तोमोका मियाजाकी से होगा। मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की लिन सियांग ति से खेलेंगी।

# आईपीएल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी जोड़ी है सुदर्शन और गिल : रैना

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और साइ सुदर्शन को आईपीएल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी जोड़ी करार देते हुए दोनों के प्रदर्शन में निरंतरता की तारीफ की।



पिछले सत्र के शानदार प्रदर्शन को दोहराते हुए गिल और सुदर्शन ने आईपीएल 2026 में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। दोनों ने दसवीं शतकीय साझेदारी करके क्रिस गेल और विराट कोहली, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान और एबी डिविलियर्स और कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी की। रैना ने जियो हॉटस्टार के कार्यक्रम चैम्पियन वाली कमेंट्री पर कहा, शुभमन गिल और साइ सुदर्शन टाटा आईपीएल के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी जोड़ी है।

दोनों ने साथ में 46 पारियों में 21 बार 50 से अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने कहा, अगली सर्वश्रेष्ठ जोड़ी क्रिस गेल और विराट कोहली की है जिसके बाद एबी डिविलियर्स और कोहली का नंबर है। इससे पता चलता है कि गिल और साइ की जोड़ी कितनी शानदार है। दोनों एक दूसरे के खेल के पूरक हैं। दोनों ने सिर्फ 46 पारियों में 21 अर्धशतकीय साझेदारी की है। गेल और कोहली 59 पारियों में जबकि एबीडी और कोहली 76 पारियों में वहां तक पहुंचे थे। रैना ने कहा, दोनों जबर्दस्त फिट हैं और एक दूसरे के खेल को समझते हैं। उन्हें पता है कि कब आक्रामक खेलना है और कब कौन सा शॉट खेलना है। उनके प्रदर्शन में गजब की निरंतरता है जिसका कोई और जोड़ी मुकाबला नहीं कर सकती।

# आरसीबी व गुजरात का मुकाबला आज

## आरसीबी की बल्लेबाजी और गुजरात की गेंदबाजी के बीच होगा रोचक मुकाबला

एजेंसी

धर्मशाला। लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो उसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करना होगा। दोनों टीमों ने 14 मैचों में 18 अंक के साथ लीग चरण के अपने अभियान का समापन किया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी शीर्ष स्थान पर रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स निस्संदेह आईपीएल 2026 की दो सबसे संपूर्ण टीमें रही हैं, हालांकि प्लेऑफ तक पहुंचने के लिए उन्होंने अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी और पिछली प्रतियोगिताओं की तुलना में कहीं अधिक भरोसेमंद गेंदबाजी इकाई के दम पर अपना अभियान आगे बढ़ाया।

मौजूदा चैंपियन टीम ने इस सत्र में लगातार 200 रन का आंकड़ा पार किया। आरसीबी को बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में दिग्गज विराट कोहली के अनुभव और गेंदबाजी में जोश हेज़लवुड और भुवनेश्वर कुमार के शानदार प्रदर्शन से काफी फायदा हुआ। विपक्षी टीम के मैदान पर जीत हासिल करने की महारत और करीबी मुकाबलों को निर्णायक मोड़ पर समाप्त करने की क्षमता ने आरसीबी को लीग चरण की सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम में से एक बना दिया। इस मैच में आरसीबी को धर्मशाला की परिस्थितियों से परिचित होने का भी लाभ मिलेगा, जहां उन्होंने इस महीने की शुरुआत में पंजाब किंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की



थी। जहां तक गुजरात का सवाल है तो उसने अपने दमदार गेंदबाजी आक्रमण और शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन के दम पर प्लेऑफ में जगह बनाई है। उसकी बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल, कौशल से परिपूर्ण साई सुदर्शन और विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ गुजरात की गेंदबाजी सबसे प्रभावशाली रही है। मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने नई गेंद से लगातार विकेट लिए हैं, वहीं राशिद खान और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर ने बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण बनाए रखा है। गुजरात ने अपने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराया और उसकी टीम नॉकआउट मुकाबले में अच्छी लय के साथ उतर रही है। इस मैच में कुछ खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल सकता है। कोहली और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज रबाडा के बीच का मुकाबला मैच का परिणाम तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। धर्मशाला में मिलने वाली अतिरिक्त उछाल को देखते हुए यह काफी महत्वपूर्ण होगा जिसमें गुजरात के तेज गेंदबाजों के शुरुआती आक्रमण का सामना करने की कोहली की क्षमता आरसीबी के पावरप्ले का रुख तय कर सकती है। इसी तरह सिराज के खिलाफ फिल साल्ट का आक्रामक रवैया शुरुआती गति तय कर सकता है। उंगली की चोट का इलाज कराने के बाद वापस लौटे साल्ट विशेष रूप से प्लेऑफ में खेलने के लिए आए हैं। इससे आरसीबी की बल्लेबाजी को मजबूती मिली है। दूसरी तरफ हेज़लवुड और भुवनेश्वर दूधिया रोशनी में गिल और सुदर्शन की परीक्षा लेंगे। आरसीबी के तेज गेंदबाजों ने इस सत्र में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी है। गुजरात की शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर निर्भरता को देखते हुए शुरुआती छह ओवर बेहद महत्वपूर्ण होंगे। बीच के ओवरों में राशिद खान और आरसीबी के बल्लेबाजों के बीच का मुकाबला भी निर्णायक साबित हो सकता है, हालांकि कप्तान पाटीदार का स्पिन के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है। दोनों टीम की मजबूती को देखते हुए यह मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। मैच शुरू होने का समयः भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे।

टीम इस प्रकार हैं:

गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत (विकेटकीपर), अरशद खान, अशोक शर्मा, जोस बटलर (विकेटकीपर), कॉनर एस्ट्रहुइज़न, गुरनूर बराड़, जेसन होल्डर, कुलवंत खेजरोलिया, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, राशिद खान, साई किशोर, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, इशांत शर्मा, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, ल्यूक वुड और जयंत यादव।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, और सात्विक देसवाल।

# कप्तानी छोड़ने का विचार कभी मन में नहीं आया : रहाणे

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में टीम की निराशाजनक शुरुआत के बावजूद उनके मन में कभी भी कप्तानी छोड़ने का विचार नहीं आया। केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसे अपने पहले छह मैचों में से पांच में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उसने अपने अंतिम आठ मैचों में से छह जीतकर अच्छी वापसी की लेकिन उसकी टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाई। रहाणे ने इस सत्र का अपना आखिरी मैच खेलने के बाद पत्रकारों से कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में अच्छी मानसिकता के साथ क्रिकेट खेला है। मेरे लिए अपना जज्बा बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण रहा है। रविवार को केकेआर को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 40 रन से हार का सामना करना पड़ा था। रहाणे ने कहा, मैं कभी पीछे हटने वालों में से नहीं हूं।



जब टीम मुश्किल में हो, जब टीम संघर्ष कर रही हो तब अपना जज्बा दिखाना बहुत जरूरी होता है। मैं कभी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटता। मेरे मन में कभी कप्तानी छोड़ने का विचार नहीं आया। उन्होंने कहा, दबाव तो होता है। यह स्वाभाविक है, लेकिन दबाव उन लोगों पर होता है जो विशेषाधिकार प्राप्त हैं। हर कोई इस दबाव को सहन नहीं कर सकता। मेरे लिए मजबूत बने रहना और किसी भी स्थिति में घबराना नहीं महत्वपूर्ण था। जब आप 5-6 मैच हार जाते हैं तो आपका ध्यान अतीत और भविष्य पर केंद्रित हो जाता है। रहाणे का बल्लेबाजी में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 14 मैचों में 135 के स्ट्राइक रेट से 335 रन बनाए। उन्होंने कहा, हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण नहीं खेल पा रहे थे और यह हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मैं उस पर ध्यान नहीं दे रहा था। मुझे भारतीय गेंदबाजों पर भरोसा था और मैं उन्हें समय देना चाहता था। मुझे विश्वास था कि अगर हम उनका साथ दें, अगर हम उन्हें समय दें, तो वे दबाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उसे महत्वपूर्ण मैचों में अहम मौकों का फायदा न उठाने की कीमत चुकानी पड़ी। दिल्ली ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में सात जीत और सात हार के साथ छठा स्थान हासिल किया और लगातार पांचवें साल प्लेऑफ में जगह बनाने से नाकाम रही। दिल्ली को गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर एक रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि पंजाब किंग्स के खिलाफ वह अपने 264 रन के विशाल स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था।

बदानी ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत के बाद पत्रकारों से कहा, ऐसे कई मैच थे जिनमें मुझे सचमुच लगा कि नतीजा किसी भी तरफ जा सकता है। हम उन मौकों का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा, गुजरात के खिलाफ मैच हम एक रन से हार गए थे। पंजाब के खिलाफ 264 रन का स्कोर ऐसा था जिसका आसानी से बचाव किया जा सकता था। यहां तक कि सीएसके (चेन्नई सुपर किंग्स) के खिलाफ भी हमने कुछ कैच छोड़े थे।

## संक्षेप

### सौडल ओपन में संयुक्त 63वें स्थान पर रहे संधू

रिंकवेन (बेल्जियम)। भारतीय गोल्फर युवराज संधू को यहां सौडल ओपन के अंतिम दिन काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा और आखिर में वह संयुक्त 63वें स्थान पर रहे। डीपी वर्ल्ड टूर में पहली बार खेल रहे 29 वर्षीय संधू ने अंतिम दिन 73 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में यह उनका एकमात्र ओवर पार स्कोर था। उन्होंने चार दौर में 70-68-68-73 के कार्ड खेले और आखिर में पांच अंडर पार के स्कोर के साथ अपने अभियान का समापन किया। इस बीच डीपी वर्ल्ड टूर में सात बार के विजेता दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड स्टर्न ने 13 साल बाद कोई खिताब जीता। स्टर्न का कुल स्कोर 18 अंडर पार (64-68-68-66) रहा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी शुभंकर शर्मा ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया था लेकिन वह कट में जगह नहीं बना पाए थे।

### आईएसएसएफ विश्व कप में सम्राट व बबूता करेंगे अगुवाई

म्यूनिख। राइफल और पिस्टल आईएसएसएफ विश्व कप के म्यूनिख चरण के पहले दिन पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धाएं होंगी जिसमें सम्राट राणा और अर्जुन बबूता भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। जर्मनी की राजधानी में होने वाली यह प्रतियोगिता इस खेल की शीर्ष वार्षिक प्रतियोगिताओं में से एक है जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियन सहित 80 देशों के 696 निशानेबाज हिस्सा लेंगे। भारत की 22 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। भारतीय टीम में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाले चार खिलाड़ी भी शामिल हैं। सूरज शर्मा, साक्षी पाडेकर, अजेंद्र सिंह चौहान और उदयवीर सिद्धू इस ओलंपिक स्पर्धा के लिए सीनियर विश्व कप में पदार्पण कर रहे हैं। इस 22 सदस्यीय टीम के अलावा 13 अन्य खिलाड़ी भी रैंकिंग अंक के लिए म्यूनिख में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# बसवरेड्डी ने सातवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को हराया

एजेंसी

पेरिस। भारतीय मूल के टेनिस खिलाड़ी निशेष बसवरेड्डी ने फ्रेंच ओपन में पहला बड़ा उलटफेर करते हुए पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराया।

वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले और अब अमेरिकी नागरिक बन चुके बसवरेड्डी ने रविवार को खेले गए दो घंटे 45 मिनट के कड़े मुकाबले में विश्व नंबर नौ फ्रिट्ज को 7-6(5), 7-6(5), 6-7(9), 6- से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इक्कीस वर्षीय बसवरेड्डी के माता-पिता 1999 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से अमेरिका चले गए थे। वह साल 2000 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में शीर्ष 10 रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

उनसे पहले 2000 में यान-माइकल गैम्बिल ने 2000 में तत्कालीन विश्व नंबर आठ निकोलस कीफर शिकस्त दी थी। उन्होंने इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए ड्रॉप शॉट्स और बैकहैंड का भरपूर इस्तेमाल किया और अपने करियर में शीर्ष 10 रैंकिंग में शामिल खिलाड़ी पर पहली जीत दर्ज की।

# भारतीय महिला टीम आस्ट्रेलियाई चुनौती को तैयार



एजेंसी

पर्थ। भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही चार मैचों की श्रृंखला के जरिये एफआईएच नेशंस कप की मजबूत तैयारी करने का प्रयास करेगी। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम का लक्ष्य 15 से 21 जून तक आकलैंड में होने वाले नेशंस कप से पहले लय हासिल करने का होगा। अर्जेंटीना में इस साल की शुरूआत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ श्रृंखला 2.2 से ड्रॉ कराई थी। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की थी। भारतीय टीम ने बेंगलुरू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर में काफी अभ्यास किया जिससे खिलाड़ियों को ढांचागत खेल, अपने कौशल को निखारने, पेनल्टी कॉर्नर में विविधता आजमाने और मैच फिटनेस हासिल करने में मदद मिली। भारतीय कप्तान सलीमा ने कहा, आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना आसान नहीं है। हमें तैयारी के लिये इस तरह के मैच खेलने होंगे और हर मैच काफी अहम होगा।

# फ्रेंच ओपन में उम्रदराज खिलाड़ियों का जलवा, जोकोविच दूसरे दौर में

एजेंसी

पेरिस। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन कुछ उम्रदराज खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया जिनमें नोवाक जोकोविच प्रमुख थे जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि 39 वर्ष की उम्र में भी वह अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ सकते हैं।



जोकोविच को पहले दौर में न सिर्फ अपने से लगभग आधी उम्र के स्थानीय खिलाड़ी का सामना करना पड़ रहा था बल्कि उन्हें दर्शकों का भी समर्थन नहीं मिल रहा था। जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड 82वें ग्रैंड स्लैम में फ्रांस के 22 वर्षीय खिलाड़ी जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। उन्होंने मैच के बाद कहा, रोलैंड गैरोस के सेंटर कोर्ट पर किसी फ्रांसीसी खिलाड़ी के खिलाफ खेलना जाहिर तौर पर इतना आसान नहीं होता। दर्शक जोश में आ जाते हैं और फिर आप पर दबाव और भी बढ़ जाता है। जोकोविच ने कहा, लेकिन कुल मिलाकर यह एक अच्छा मैच था जिसका हिस्सा बनना अच्छा लगा। 39 साल की उम्र में तीन घंटे तक खेलना। सब कुछ वैसा ही रहा जैसा डॉक्टर ने सलाह दी थी। अपने 39वें जन्मदिन के ठीक दो दिन बाद कोर्ट पर कदम रखते ही जोकोविच ने पुरुषों में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खेलने का रिकॉर्ड बना दिया।

### स्वियातेक ने एकतरफा जीत से किया फ्रेंच ओपन में अभियान का आगाज

पेरिस। चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को फ्रेंच ओपन में पदार्पण कर रही ऑस्ट्रेलिया की किशोर खिलाड़ी इमरसन जोंस को पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-2 से शिकस्त दी।

# यमल और विलियम्स स्पेन की विश्व कप टीम में रीयाल मैड्रिड का कोई खिलाड़ी नहीं

एजेंसी

मैड्रिड। चोटिल फॉरवर्ड लेमाइन यमल और निको विलियम्स को स्पेन की विश्व कप फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। बार्सीलोना के यमल और एटलेटिक बिलबाओ के विलियम्स को सत्र के आखिर में मांसपेशी में चोट लगी थी लेकिन कोच लुईस डे ला फुएंटे ने कहा कि वह विश्व कप से पहले फिट हो जायेंगे। स्पेन को ग्रुप एच के पहले मैच में 15 जून को अटलांटा में केप वर्डे से खेलना है। इसके बाद 21 जून को सऊदी अरब और 26 जून को उरूग्वे से सामना होगा।

पहली बार विश्व कप के लिये स्पेन की टीम में रीयाल मैड्रिड का कोई खिलाड़ी नहीं होगा। स्पेन विश्व कप 2022 में अंतिम 16 में मोरक्को से हार गया था लेकिन जर्मनी में यूरो 2024 जीतकर उसने वापसी की। स्पेन ने एकमात्र विश्व कप 2010 में जीता था जिसके बाद से वह अंतिम 16 से आगे नहीं गया।

गोलकीपर : यूनाइ सिमोन, डेविड राया, जोआन गार्सिया

डिफेंडर : मार्क कुकुरेला, अलेजांद्रो ग्रिमाल्डो, मार्कोस लोरेंटे, पाउ कुबारसी, एमेरिक लापोर्टे, पेद्रो पोरो, एरिक गार्सिया, मार्क पुबिल

मिडफील्डर : रोद्री, मार्टिन जुबिमेंडी, पेद्री, दानी ओल्मो, मिकेल मेरिनो, फेबियन रूइज, गावी

फॉरवर्ड : लेमाइन यमल, फेरान टोरेस, येरेमी पिनो, मिकेल ओ, विक्टर मुनोज, एलेक्स बाएना, बोरजा इग्लेसियास, निको विलियम्स वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने लंदन में 27 मई से शुरू हो रहे यूनिटी कप के लिए राष्ट्रीय टीम में आखिरी मिनट में पांच खिलाड़ियों को शामिल किया है। यह फैसला तब लिया गया जब मोहन बागान



सुपर जायंट्स ने शुरुआती टीम से अपने सभी सात खिलाड़ियों को वापस बुला लिया। मोहन बागान के खिलाड़ियों के बिना 18 सदस्यों वाली एक टीम रविवार सुबह लंदन के लिए रवाना हो गई है और एआईएफएफ इन पांच खिलाड़ियों के वीजा की प्रक्रिया को तेज करने की कोशिश कर रहा है। अगर इन पांच खिलाड़ियों को सोमवार तक वीजा नहीं मिलता है तो बुधवार को जमैका के खिलाफ होने वाले पहले मैच में उनका खेलना मुश्किल हो सकता है। ये पांच खिलाड़ी जमशेदपुर एफसी के मिडफील्डर मोहम्मद सनन कुंडोई, बेंगलुरु एफसी के रिकी मीतेई हाओबाम और फनाई लालरेमतलुआंगा, मुंबई सिटी एफसी के फॉरवर्ड विक्रम प्रताप सिंह और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मिडफील्डर मैकार्टन लुइस निक्सन।

### रक्षा खडसे ने इम्फाल में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की प्रगति की समीक्षा की

नयी दिल्ली। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने सोमवार को इम्फाल स्थित राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एनएसयू) का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थायी परिसर की प्रगति की समीक्षा की और संस्थान से जुड़े खिलाड़ियों, छात्रों, प्रशिक्षकों तथा अधिकारियों से बातचीत की। क्षेत्र में खेल व्यवस्था की समीक्षा के तहत उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) इम्फाल का भी दौरा किया। इस दौरे के दौरान उनके साथ राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के कुलपति दलजीत सिंह चौधरी, मणिपुर सरकार के खेल सचिव एन. प्रवीण सिंह, साइ के क्षेत्रीय निदेशक सी. धंडापानी सहित विश्वविद्यालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सुबह के समय खडसे खिलाड़ियों के दैनिक प्रशिक्षण सत्र में भी शामिल हुईं।

# आर्म बॉक्सिंग के राष्ट्रीय शिविर में निखरी प्रतिभाएं



खेल संवाददाता

लखनऊ। तीन दिन तक चले आर्म बॉक्सिंग इंडिया राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर-2026 का समापन हुआ तो खिलाड़ियों के चेहरों पर सिर्फ प्रमाण पत्र पाने की खुशी नहीं, बल्कि बड़े मंच तक पहुंचने का आत्मविश्वास भी नजर आया। ओरिएंटेशन, तकनीकी प्रशिक्षण और चयन प्रक्रिया के इस अहम पड़ाव ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए नई दिशा देने का काम किया। लखनऊ स्थित जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में आयोजित इस राष्ट्रीय शिविर में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, दिल्ली, केरल, पंजाब और मध्य प्रदेश सहित करीब आठ राज्यों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, फिटनेस अभ्यास, मुकाबला रणनीति और रेफरी नियमों की बारीकियां सिखाई गईं।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय (निदेशक, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया एवं एसएसआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन) ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय

#### अब एशियन चैंपियनशिप पर खिलाड़ियों की नजर

ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों को केवल तकनीकी रूप से मजबूत नहीं बनाते, बल्कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं के अनुरूप मानसिक रूप से भी तैयार करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और निरंतर मेहनत के साथ देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के मूल्यांकन के बाद भारतीय आर्म बॉक्सिंग टीम की घोषणा की जाएगी जो बैंकॉक में जुलाई में होने वाली प्रथम एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। समारोह के दौरान आर्म बाक्सिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव नसीरुद्दीन ने सर्वसम्मति से आगामी राष्ट्रीय आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप के आयोजन की जिम्मेदारी केरल राज्य को सौंपने की घोषणा की, जिसका खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।






राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी को पद्मभूषण, एथलीट प्रवीण कुमार को पद्श्री, टेची गोविन को पद्श्री और महिला क्रिकेटर हरमनदीप कौर को पद्मश्री अवार्ड से अलंकृत किया

# उर्वरक की कीमतों में अकल्पनीय उछाल

## बैंक कारोबारों की जरूरतों के अनुरूप कर्ज विकल्प विकसित करें : सीतारमण

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बैंकों से मानक ऋण उत्पादों से आगे बढ़कर ऐसे कर्ज विकल्प विकसित करने का आग्रह किया जिनकी अदायगी संबंधित कारोबार की जरूरतों एवं आय चक्र के अनुरूप हो। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद वैश्विक उर्वरक कीमतों में अकल्पनीय उछाल आया है।

सीतारमण ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के 37वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा कि गैर-मानक कारोबार के लिए एक ही तरह के ऋण उत्पाद उपयुक्त नहीं हो सकते हैं और इस दिशा में सिडबी जैसे संस्थान अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानक ऋण उत्पाद गैर-मानक कारोबार के लिए काम नहीं कर सकते। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विभिन्न व्यवसायों की आय अलग-अलग समय और तरीके से होती है, जबकि अभी कर्ज की अदायगी आम तौर पर मासिक आधार पर तय होती है। वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि से जुड़े उद्यमों की आय हर महीने नहीं होती, पर्यटन क्षेत्र में कमाई कुछ महीनों में केंद्रित रहती है, जबकि निर्यातकों को भुगतान में समय लगता है। ऐसे में सभी के लिए एक समान पुनर्भुगतान संरचना रखना उचित नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि नासिक, सतारा और सांगली जैसे क्षेत्रों में स्थित कृषि प्रसंस्करण



इकाइयों के लिए कर्ज अदायगी को फसल चक्र से जोड़ा जा सकता है। वहीं, महाबलेश्वर, माथेरान और लोनावला जैसे पर्यटन स्थलों में ऋण भुगतान को मौसमी आय के अनुरूप तय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर कपड़ा और परिधान इकाइयों के लिए निर्यात चक्र को ध्यान में रखते हुए निर्यात-पूर्व एवं निर्यात-पश्चात वित्त के साथ मुद्रा जोखिम से सुरक्षा भी दी जानी चाहिए। सीतारमण ने कहा, सही उद्यम को सही समय पर और सही उद्देश्य के लिए सही ऋण उपलब्ध कराना होना चाहिए। उन्होंने सिडबी से केवल ऋणदाता के बजाय छोटे उद्यमों के लिए बाजार निर्माता एवं जोखिम-साझेदार की भूमिका निभाने और स्टार्टअप कंपनियों की ऋण पूंजी जरूरतों को पूरा करने को भी कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में लगभग 32 करोड़ लोग एमएसएमई क्षेत्र में कार्यरत हैं और इस क्षेत्र को सही कर्ज उपलब्ध कराने से व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। इस अवसर पर सिडबी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज मित्तल ने कहा कि छोटे उद्यमों को ऋण मुहैया कराने वाली संस्था अगले दो वर्षों में उद्योग संगठनों के साथ अपनी भागीदारी 105 से बढ़ाकर 500 करने का लक्ष्य रख रही है। सरकार इस वर्ष घोषित 5,000 करोड़ रुपये की पूंजी में से 3,000 करोड़ रुपये पहले ही सिडबी में निवेश कर चुकी है। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद वैश्विक उर्वरक कीमतों में अकल्पनीय उछाल आया है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने पर ईरान से बातचीत आगे बढ़ी, ट्रंप सतर्कः रूबियो



नयी दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोमवार को कहा कि उनके देश ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर खोलने को लेकर ईरान के साथ बातचीत में उल्लेखनीय प्रगति की है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सतर्क रुख अपना रहे हैं और कोई खराब समझौता स्वीकार नहीं करेंगे।

भारत की चार दिन की यात्रा पर आए रूबियो ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिका और ईरान व्यापक शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले इस नौवहन मार्ग को फिर खोलने के लिए प्रारंभिक समझौते पर विचार कर रहे हैं। रूबियो ने आगरा रवाना होने से पहले पत्रकारों के एक छोटे समूह से कहा कि काम अभी जारी है। हमें लगा था कि शायद कल रात या आज कुछ खबर मिल सकती है। उन्होंने कहा कि इसलिए मेरे हिसाब से हमारे सामने एक काफी ठोस प्रस्ताव है जिसके तहत जलडमरूमध्य को खोलना, परमाणु मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध बातचीत शुरू करना शामिल है। उम्मीद है कि हम इसे पूरा कर पाएंगे।

## संक्षेप

### कांग्रेस ने की ईंधन के दामों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से ईंधन लूट बंद करने और पेट्रोल व डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने संवाददाता सम्मेलन करते हुए सवाल उठाया कि ऐसे समय में जब कच्चे तेल की कीमतें घट रही हैं।

# जेन जी ही तोड़ेंगे प्रधानमंत्री मोदी का अहंकारः राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से जुड़े मामले को लेकर सोमवार को दावा किया कि सरकार सवाल पूछने वाले युवाओं को डराती और बदनाम करती है, लेकिन ये युवा और जेन जी ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अहंकार तोड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऑन-लाइन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के तहत ग़लत मूल्यांकन और जांच की गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में ऑन-स्क्रीन मार्किंग मूल्यांकन की एक डिजिटल प्रणाली है। इसमें छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके डिजिटल स्वरूप में कंप्यूटर स्क्रीन पर जांचा जाता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी-प्रधान की जोड़ी ने एक और संस्था को धांधली का प्रतीक बना दिया। दशकों में पहली बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर इतने गंभीर सवाल उठे हैं। 18.5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और एक हफ्ते से ओएसएम ग़लत मार्किंग और जांच की गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं और शिक्षा मंत्री अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। उन्होंने कहा कि 17 साल का एक बच्चा, जिसकी कॉपी ग़लत जांची गई, न्याय की उम्मीद में सोशल मीडिया पर आया। सोरोस का एजेंट कहा, डीप स्टेट का हिस्सा कहा। जब 17 साल का बच्चा अपने भविष्य के लिए आवाज़ उठाता है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com